




# जन एक्सप्रेस

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

लखनऊ

वर्षः 15 | अंकः 257

मूल्यः ₹3.00/-

पेज : 12

सोमवार | 01 जुलाई, 2024

## चार महीने बाद पीएम मोदी की 'मन की बात'

# मां के नाम पर पेड़ लगाएं

### 'चीयर4भारत' हैशटैग से करें पेरिस ओलंपिक के लिए खिलाड़ियों को प्रोत्साहितः प्रधानमंत्री



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' रविवार यानी आज फिर से शुरू हो गया। इस दौरान पीएम मोदी ने कई मुद्दों पर बात की। मन की बात के 111वें संस्करण में प्रधानमंत्री ने कहा कि आज वो दिन आ ही गया जिसका हम सभी फ़रवरी से इंतजार कर रहे थे। मैं 'मन की बात' के माध्यम से एक बार फिर आपके बीच, अपने परिवारजनों के बीच आया हूं। एक बड़ी प्यारी सी उक्ति है– 'इति विदा पुनर्मिलनाय' इसका अर्थ भी उतना ही प्यारा है, मैं विदा लेता हूं, फिर मिलने के लिए 7 इसी भाव से मैंने फरवरी में आपसे कहा था कि चुनाव नतीजों के बाद फिर मिलूंगा और आज, 'मन की बात' के साथ, मैं, आपके बीच फिर हाजिर हूं।

#### पेरिस ओलंपिक पर भी बात की

पीएम मोदी ने कहा कि अगले महीने इस समय तक पेरिस ओलंपिक शुरू हो चुके होंगे। मुझे विश्वास है कि आप सब भी ओलंपिक खेलों में भारतीय खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने का इंतजार कर रहे होंगे। मैं भारतीय दल को ओलंपिक खेलों की बहुत-बहुत शुभकामनाएं देता हूं। हम सबके मन में टोक्यो ओलंपिक की यादें अब भी ताजा हैं। उन्होंने कहा कि टोक्यो में हमारे खिलाड़ियों के प्रदर्शन ने हर भारतीय का दिल जीत लिया था। उसके बाद से ही हमारे एथलीट पेरिस ओलंपिक की तैयारियों में जी-जान से जुटे हुए थे। सभी खिलाड़ियों को मिला दें, तो इन सबने करीब 900 अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया है। पेरिस ओलंपिक में आपको कुछ चीजें पहली बार देखने को मिलेंगी। शूटिंग में हमारे खिलाड़ियों की प्रतिभा निखरकर सामने आ रही है। टेबल टेनिस में पुरुषऔर महिला दोनों टीमें क्वालिफाई कर चुकी हैं। भारतीय शॉटगन टीम में हमारी शूटर बेटियां भी शामिल हैं। इस बार कुश्ती और घुड़सवारी में हमारे दल के खिलाड़ी उन श्रेणी में भी भाग लेंगे, जिनमें पहले वे कभी शामिल नहीं रहे।

#### विदेशों में भारत की धाक के उदाहरण गिनाए

पीएम मोदी ने कहा कि तुर्कमेनिस्तान में इस साल मई में वहां के राष्ट्रीय कवि की 300वीं जन्म-जयंती मनाई गई। इस अवसर पर तुर्कमेनिस्तान के राष्ट्रपति ने दुनिया के 24 प्रसिद्ध कवियों की प्रतिमाओं का अनावरण किया। इनमें से एक प्रतिमा गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर जी की भी है। ये गुरुदेव का सम्मान है, भारत का सम्मान है। उन्होंने कहा कि जून के महीने में दो कैरेबियाई देश सूरीनाम तथा सेंट विंसेंट और द ग्रेनेडाइंस ने अपनी भारतीय विरासत को पूरे जोश और उत्साह के साथ मनाया। सूरीनाम में हिन्दुस्तानी समुदाय हर साल 5 जून को भारतीय आगमन दिवस और प्रवासी दिन के रूप में मनाता है। यहां तो हिंदी के साथ ही भोजपुरी भी खूब बोली जाती है। सेंट विंसेंट और द ग्रेनेडाइंस में रहने वाले हमारे भारतीय मूल के भाई-बहनों की संख्या भी करीब छह हजार है। उन सबको अपनी विरासत पर बहुत गर्व है। एक जून को इन सबने भारतीय आगमन दिवस को जिस धूम-धाम से मनाया, उससे उनकी ये भावना साफ झलकती है।

#### खास तरह के छातों के बारे में बताया

पीएम मोदी ने कहा कि 'मन की बात' में आज मैं आपको एक खास तरह के छातों के बारे में बताना चाहता हूं। ये छाते तैयार होते हैं हमारे केरला में। वैसे तो केरला की संस्कृति में छातों का विशेष महत्व है। छाते, वहां कई परंपराओं और विधि-विधान का अहम हिस्सा होते हैं, लेकिन मैं जिस छाते की बात कर रहा हूं, वो हैं 'कार्थम्बी छाते' और इन्हें तैयार किया जाता है केरला के अट्टापडी में। उन्होंने कहा कि ये रंग-बिरंगे छाते बहुत शानदार होते हैं। और खासियत ये इन छातों को केरला की हमारी आदिवासी बहनें तैयार करती हैं। आज देशभर में इन छातों की मांग बढ़ रही हैं। इनकी ऑनलाइन बिक्री भी हो रही है। इन छातों को 'वट्टालक्की सहकारी कृषि सोसाइटी' की देखरेख में बनाया जाता है। इस सोसाइटी का नेतृत्व हमारी नारीशक्ति के पास है।

#### योग दिवस को लेकर कही यह बात

प्रधानमंत्री ने कहा कि इस महीने पूरी दुनिया ने 10वें योग दिवस को भरपूर उत्साह और उमंग के साथ मनाया है। मैं भी जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में आयोजित योग कार्यक्रम में शामिल हुआ था। कश्मीर में युवाओं के साथ-साथ बहनों-बेटियों ने भी योग दिवस में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जैसे-जैसे योग दिवस का आयोजन आगे बढ़ रहा है, नए-नए रिकॉर्ड बन रहे हैं।

#### अराकु कॉफी की जमकर तारीफ की

उन्होंने कहा कि अराकु कॉफी की खेती से करीब डेढ़ लाख आदिवासी परिवार जुड़े हुए हैं। अराकु कॉफी को नई ऊंचाई देने में गिरिजन को-ऑपरेटिव की बहुत बड़ी भूमिका रही है। इसने यहां के किसान भाई बहनों को एक साथ लाने का काम किया और उन्हें अराकु कॉफी की खेती के लिए प्रोत्साहन दिया। इससे इन किसानों की कमाई भी बहुत बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि मुझे याद है एक बार विशाखापत्नम में आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू गारु के साथ मुझे इस कॉफी का स्वाद लेने का मौका मिला था। इसके स्वाद की तो पूछिए ही मत! कमाल की होती है ये कॉफी! अराकु कॉफी को कई ग्लोबल अवॉर्ड्स मिले हैं। दिल्ली में हुई जी-20 समिट में भी यह कॉफी छाई हुई थी।

#### जम्मू-कश्मीर के इस उत्पाद के बारे में बताया

उन्होंने कहा कि स्थानीय उत्पादों को वैश्विक बनाने में हमारे जम्मू-कश्मीर के लोग भी पीछे नहीं हैं। पिछले महीने जम्मू-कश्मीर ने जो कर दिखाया है, वो देशभर के लोगों के लिए भी एक मिसाल है। यहां के पुलवामा से स्नो पीस की पहली खेप लंदन भेजी गई। कुछ लोगों को ये विचार सूझा कि कश्मीर में उगने वाली एग्जॉटिक सब्जी को क्यूं न दुनिया के नक्शे पर लाया जाए। बस फिर क्या था... चकूरा गावं के अब्दुल राशीद मीर जी इसके लिए सबसे पहले आगे आए। उन्होंने गांव के अन्य किसानों की जमीन को एक साथ मिलाकर बर्फीली जगह होने वाली मटर को उगाने का काम शुरू किया और देखते ही देखते स्नो पीस कश्मीर से लंदन तक पहुंचने लगी।

#### लोकल फॉर वोकल पर जोर दिया

पीएम मोदी ने कहा कि भारत के कितने ही उत्पाद हैं, जिनकी दुनिया-भर में बहुत मांग है और जब हम भारत के किसी स्थानीय उत्पाद को वैश्विक होते देखते हैं, तो गर्व से भर जाना स्वाभाविक है। ऐसा ही एक उत्पाद है अराकु कॉफी। यह आंध्र प्रदेश के अल्लुरी सीता राम राजू जिले में बड़ी मात्रा में पैदा होती है। ये अपने रिच फ्लेवर और अरोमा के लिए जानी जाती है।

#### संस्कृत से जुड़े खास अवसर के बारे में बताया

पीएम मोदी ने कहा कि आज संस्कृत से जुड़ा एक खास अवसर! आज 30 जून को आकाशवाणी का संस्कृत बुलेटिन अपने प्रसारण के 50 साल पूरे कर रहा है। 50 वर्षों से लगातार इस बुलेटिन ने कितने ही लोगों को संस्कृत से जोड़े रखा है। मैं ऑल इंडिया रेडियो परिवार को बधाई देता हूं।

#### प्रधानमंत्री मोदी का मासिक रेडियो कार्यक्रम

मन की बात प्रधानमंत्री मोदी का मासिक रेडियो कार्यक्रम है, जिसमें पीएम देश की जनता के साथ महत्वपूर्ण राष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा करते हैं। कार्यक्रम हर महीने के आखिरी रविवार को प्रसारित किया जाता है। इससे पहले मन की बात आखिरी बार 25 फरवरी को प्रसारित किया गया था, जिसके बाद लोकसभा चुनावों की वजह से इसे रोकना पड़ा था।

#### फिर से शुरुआत का एक्स पर किया एलान

पीएम मोदी ने एक्स पर कहा कि यह बताते हुए खुशी हो रही है कि चुनावों के कारण कुछ महीनों के अंतराल के बाद मन की बात वापस आ गया है! इस महीने का कार्यक्रम रविवार, 30 जून को होगा। मैं आप सभी से इसके लिए अपने विचार और इनपुट साझा करने का आह्वान करता हूं। माईजीओवी ओपन फोरम, नमो एप पर लिखें या 1800117800 पर अपना संदेश रिकॉर्ड करें।

#### ऐसे थे लोकसभा चुनाव के परिणाम

2024 के लोकसभा चुनाव 19 अप्रैल से 1 जून तक सात चरणों में हुए। मतगणना 4 जून को हुई। परिणाम घोषित होने के बाद नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बने। उनके नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को बहुमत मिला।

#### 'मान की बात' के बारे में जानिए

मन की बात की शुरुआत 3 अक्तूबर 2014 को हुई थी। इसका मकसद देश के सभी वर्गों से जुड़ना है। 22 भारतीय भाषाओं और 29 बोलियों के अलावा, मन की बात 11 विदेशी भाषाओं में भी प्रसारित किया जाता है। इनमें फ्रेंच, चीनी, इंडोनेशियाई, तिब्बती, बर्मी, बलूची, अरबी, पश्तो, फारसी, दारी और स्वाहिली शामिल हैं। मन की बात का प्रसारण ऑल इंडिया रेडियो के 500 से ज्यादा प्रसारण केंद्रों से किया जाता है।

#### कुवैत हिंदी का बोलबाला

पीएम मोदी ने कहा कि कुवैत सरकार ने अपने राष्ट्रीय रेडियो पर एक विशेष कार्यक्रम शुरू किया है और वो भी हिंदी में। %कुवैत रेडियो% पर हर रविवार को इसका प्रसारण आधे घंटे के लिए किया जाता है। इसमें भारतीय संस्कृति के अलग-अलग झ्रद्दद्धह्वरंग शामिल होते हैं। उन्होंने कहा कि हमारी फिल्में और कला जगत से जुड़ी चर्चाएं वहां भारतीय समुदाय के बीच बहुत लोकप्रिय हैं। मुझे तो यहां तक बताया गया है कि कुवैत के स्थानीय लोग भी इसमें खूब दिलचस्पी ले रहे हैं। मैं कुवैत की सरकार और वहां के लोगों का हृदय से धन्यवाद करता हूं, जिन्होंने ये शानदार पहल की है।

#### संस्कृत वीकेंड से लोगों को अवगत कराया

उन्होंने कहा कि बंगलूरू में एक पार्क है– कब्बन पार्क ! इस पार्क में यहां के लोगों ने एक नई परंपरा शुरू की है। यहां हफ्ते में एक दिन, हर रविवार बच्चे, युवा और बुजुर्ग आपस में संस्कृत में बात करते हैं। इतना ही नहीं, यहां वाद – विवाद के कई सत्र भी संस्कृत में ही आयोजित किए जाते हैं। इनकी इस पहल का नाम है – संस्कृत वीकेंड! इसकी शुरुआत एक वेबसाइट के जरिए समष्टि गुब्बी जी ने की है। कुछ दिनों पहले ही शुरू हुआ ये प्रयास बंगलूरूवासियों के बीच देखते ही देखते काफी लोकप्रिय हो गया है। अगर हम सब इस तरह के प्रयास से जुड़ें तो हमें विश्व की इतनी प्राचीन और वैज्ञानिक भाषा से बहुत कुछ सीखने को मिलेगा।

**कानपुर एक्सप्रेस**



कानपुर और उन्नाव की खबरों को पढ़ने के लिए देखें पेज 3और 11

जन एक्सप्रेस फाइटर जी कहिन को इस Qr-code के माध्यम से सर्च करें

## यूपी के नए मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने संभाला कार्यभार

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



1988 बैच के आईएएस अफसर मनोज कुमार सिंह यूपी के नए मुख्य सचिव बनाए गए हैं। उन्होंने शाम करीब चार बजे अपने कार्यालय में पदभार संभाल लिया है। उन्होंने रविवार शाम को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। ऐसी उम्मीद जताई जा रही थी कि दुर्गा शंकर मिश्रा को एक बार और सेवा विस्तार मिल सकता है। कयास के उलट मनोज कुमार सिंह प्रदेश के मुख्य सचिव बने। मनोज कुमार सिंह मुख्य सचिव और दोनों रहेंगे। मनोज कुमार सिंह 1987 बैच के अरुण सिंघल, इसी बैच की लीना नंदन और 1988 बैच के रजनीश दुबे को सुपरसीड करके मुख्य सचिव बनाए गए हैं। अरुण सिंघल और लीना नंदन केंद्रीय नियुक्ति पर हैं, जबकि रजनीश दुबे राजस्व परिषद के अध्यक्ष हैं। मनोज कुमार सिंह 1988 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। वे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के काफी भरोसेमंद माने जाते हैं। यही वजह है कि पिछले काफी समय से कृषि उत्पादन आयुक्त और अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभा रहे थे। इससे पहले मनोज कुमार सिंह ललितपुर, गौतम बुद्ध नगर, पीलीभीत और मुरादाबाद के जिलाधिकारी रह चुके हैं। ग्राम विकास आयुक्त की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी उन्होंने निभाई।

## जमीन पर कब्जे की शिकायत सुन बिफरे सीएम, बोले, यह बर्दाश्त नहीं

- लखनऊ स्थित सरकारी आवास पर सीएम ने किया 'जनता दर्शन', हर एक फरियादी की सुनी पीड़ा
- जमीन पैमाइश में हीलाहवाली के कई मामले भी आए, सीएम ने संबंधित जिलों के डीएम से कहा, तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित कराएं

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को अपने सरकारी आवास पर 'जनता दर्शन' किया। इस दौरान आए सैकड़ों फरियादियों ने अपनी पीड़ा रखी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सभी फरियादियों के पास स्वयं पहुंचे और समस्याएं सुनीं। रविवार को सर्वाधिक शिकायत शाहजहांपुर से पहुंची। इसमें से अधिकांश शिकायतें जमीन कब्जे व पैमाइश में हीलाहवाली से जुड़ी थीं। जिस पर सीएम काफी नाराज हुए।

#### सीएम ने जल्द से जल्द कार्रवाई के दिए निर्देश

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को जनता दर्शन में हर पीड़ित के पास पहुंचकर उनकी समस्याओं को सुना। यहां शाहजहांपुर जनपद से कई फरियादी आए थे। जिले से जमीन कब्जे और जमीन पैमाइश की काफी शिकायतें थीं। फरियादियों ने लेखपाल-कानूनगो की लापरवाही की शिकायत भी सीएम से की। जिस पर मुख्यमंत्री ने तत्काल जिलाधिकारी को तीन दिन के भीतर कार्रवाई कर अवगत कराने का निर्देश दिया। ऐसे ही मामले आगरा-कानपुर से भी आए। सीएम ने सभी फरियादियों को आश्वस्त किया कि उन्हें कतई परेशान होने की जरूरत नहीं है। जल्द से जल्द कार्रवाई की जाएगी।

#### धन के अभाव में नहीं रुकेगा किसी का इलाज

वहीं धनाभाव के कारण इलाज में आ रही समस्या को लेकर भी एक महिला पहुंची थीं। उन्होंने बताया कि आयुष्मान कार्ड है, लेकिन इलाज में इससे अधिक पैसे की आवश्यकता है, जिस पर सीएम ने उन्हें आश्वस्त किया कि धन के अभाव में इलाज कतई नहीं रुकेगा। तत्काल ही सीएम आवास से केजीएमयू वीसी और सीएमएस को इस संदर्भ में सूचित कर उचित कार्रवाई का निर्देश दिया गया। वहीं उन्नाव में तैनात सहायक अध्यापिका भी पहुंची, जिन्होंने बताया कि बच्चा काफी अस्वस्थ है और उसका इलाज लखनऊ में चल रहा है। पति भी बाहर रहते हैं। वे लखनऊ स्थानांतरण चाहती हैं। इस पर सीएम ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

#### कानून से खिलवाड़ कतई बर्दाश्त नहीं

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिया कि फरियादियों की शिकायत जनपद स्तर पर हर हाल में सुनी जाए। किसी भी सूरत में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। जमीन कब्जे से जुड़े मामलों में सीएम ने कहा कि पीड़ितों की सुनवाई सुनिश्चित हो। कानून से खिलवाड़ करने वालों को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



**रिपोर्ट** प्रयागराज में हर 12 साल में आयोजित होने वाला महाकुंभ 13 जनवरी 2025 से शुरू होगा

## महाकुंभ आने वाले तीर्थ यात्रियों का पर्सनल गाइड होगा जेन-एआई चैटबॉट

- महाकुंभ के लिए प्रदेश सरकार ने जोर-जोर से तैयारी शुरू कर दी हैं
- सरकार एक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित चैटबॉट लांच करने की योजना बना रही है
- इसका उपयोग तीर्थयात्री और पर्यटक महाकुंभ के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए कर सकेंगे

**जन एक्सप्रेस । डॉ.वैभव शर्मा**



**लखनऊ।** प्रयागराज में हर 12 साल में आयोजित होने वाला महाकुंभ 13 जनवरी 2025 से शुरू होगा। इसके लिए प्रदेश सरकार ने जोर-जोर से तैयारी शुरू कर दी हैं। सरकार एक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित चैटबॉट लांच करने की योजना बना रही है, जिसका उपयोग तीर्थयात्री और पर्यटक महाकुंभ के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए कर सकेंगे। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने कहा, **यह जेन-एआई चैटबॉट श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए परिवहन, आवास, स्मार्ट पार्किंग, वास्तविक समय मौसम अपडेट, खोई-पाई सेवाओं, आपात कालीन सहायता और कुंभ मेला हेल्पलाइन सेवाओं के बारे में कई भाषाओं में जानकारी प्राप्त करने के लिए वन-स्टॉप समाधान के रूप में काम करेगा।** अधिकारी ने कहा, चैटबॉट समाधान विभिन्न चरणों से गुजरेगा, जिसमें बॉट प्रशिक्षण, उपयोगकर्ता स्वीकृति प्रशिक्षण (यूएटी), साइबर सुरक्षा संवर्द्धन, गो-लाइव चरण प्रणाली का विकास और निरंतर संचालन और रखरखाव प्रशिक्षण शामिल है। इन सभी प्रक्रियाओं को पूरा करने के बाद, चैटबॉट लॉन्च किया जाएगा।

#### यूपीडेस्को अपनी सूचीबद्ध कंपनियों में से एक सेवा प्रदाता एजेंसी का चयन करेगा

एक अधिकारी ने बताया कि यूपीडेस्को अपनी सूचीबद्ध कंपनियों में से एक सेवा प्रदाता एजेंसी का चयन करेगा और उन्हें काम सौंपेगा। अधिकारी ने बताया, एआई-संचालित चैटबॉट विकसित करने में कई महत्वपूर्ण प्रक्रियाएँ शामिल हैं, जिसमें उन्नत शिक्षा महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसमें डेटा संग्रह, डेटा विश्लेषण और कमांड कोडिंग शामिल है। सॉफ़्टवेयर आवश्यकता विनिर्देशों (एसआरएस) के आधार पर, सॉफ़्टवेयर डिज़ाइन विनिर्देश (एसडीएस) विकसित किए जाएंगे।

#### स्थानीय परिवहन, पवित्र स्नान के समय, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और आपातकालीन सेवाओं के बारे में भी मार्गदर्शन करेगा

जेन-एआई चैटबॉट महाकुंभ के आगंतुकों को उनकी ज़रूरतों के आधार पर हिंदी, अंग्रेजी और विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओं में समाधान प्रदान करेगा। यह आगंतुकों को यात्रा योजना, आवास विकल्पों और सुरक्षा प्रोटोकॉल के बारे में भी सहायता करेगा। यह उपयोगकर्ताओं को स्थानीय परिवहन, पवित्र स्नान के समय, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और आपातकालीन प्रक्रियाओं के बारे में भी मार्गदर्शन करेगा।

#### जेन-एआई चैटबॉट को व्हाट्सएप के साथ एकीकृत किया जाएगा

अधिकारी ने कहा, यह परिवारों, वरिष्ठ नागरिकों और विशेष ज़रूरतों वाले अन्य लोगों के लिए व्यक्तिगत सहायता प्रदान करेगा। जेन-एआई चैटबॉट को व्हाट्सएप के साथ एकीकृत किया जाएगा। यह उपयोगकर्ता डेटा गोपनीयता सुनिश्चित करेगा और प्रासंगिक डेटा सुरक्षा विनियमों का अनुपालन करेगा।

#### करोड़ों श्रद्धालुओं के इकट्ठा होने की उम्मीद

प्रयागराज में हर 12 साल में आयोजित होने वाला महाकुंभ 13 जनवरी 2025 से शुरू होगा। इस आयोजन के दौरान गंगा, यमुना और सरस्वती नदियों के संगम में पवित्र डुबकी लगाने के लिए करोड़ों श्रद्धालुओं के इकट्ठा होने की उम्मीद है।

#### यूपीडेस्को को सौंपा गया है यह काम

महाकुंभ मेला-2025 के मद्देनजर वेबसाइट/मोबाइल ऐप बनाने और उसे जेन-एआई चैटबॉट सक्षम बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इन प्लेटफॉर्म को यूजर फ्रेंडली और इंटरेक्टिव बनाया जा रहा है। उत्तर प्रदेश विकास प्रणाली निगम लिमिटेड (यूपीडेस्को), जिसे यह काम सौंपा गया है, ने एआई-सक्षम चैटबॉट वाली वेबसाइट/मोबाइल ऐप पर काम करना शुरू कर दिया है और अगले छह महीनों के भीतर सभी तकनीकी अपडेट और विकास को पूरा करने का लक्ष्य रखा है।

# खेतिहर श्रमिकों के आर्थिक सशक्तिकरण से कृषि प्रक्षेत्र का सुदृढ़ीकरण पर केंद्रित राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

महात्मा गाँधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, दीनदयाल शोध संस्थान और मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के साझा संयोजकत्व में भूमिहीन कृषि श्रमिकों के आर्थिक सशक्तिकरण पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन रविवार को कृषि श्रमिकों की बेहतरी के प्रस्ताव चित्रकूट घोषणा के साथ सम्पन्न हुआ।

महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के बाल्मीकि सभागार और बोर्ड रूम, रजत जयंती सभागार से संपन्न दो दिवसीय इस संगोष्ठी में देश के विभिन्न राज्यों के 15 से अधिक विश्वविद्यालयों के प्राध्यापकों, शोधकर्ता, चिन्तकों, सामाजिक कार्यकर्ता तथा प्रशासन और नीति निर्माण से जुडे अनेक विद्वानों ने सहभागिता की। समापन सत्र में चित्रकूट घोषणा भारतीय मजदूर संघ के राष्ट्रीय संगठन सचिव सुरेन्द्रन ने प्रस्तुत की। जिसे सदन ने ध्वनिमत से पारित किया। सुरेन्द्रन ने खेतिहर श्रमिकों के लिए पांच सूत्रीय कार्य योजना और भविष्य का रोडमैप प्रस्तुत किया। समापन सत्र में ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. भरत मिश्र, दीनदयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव अभय महाजन, पूर्व अपर मुख्य सचिव बी.आर. नायडू उपस्थित रहे। सामाजिक समरसता के राष्ट्रीय संयोजक श्याम प्रसाद ने संगोष्ठी के विविध आयामों पर प्रकाश डाला। समापन सत्र की अध्यक्षता मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद् के कार्यपालक निदेशक डॉ. धीरेन्द्र कुमार पाण्डेय ने की।

पूर्व केन्द्रीय मंत्री संजय पासवान ने कहा कि जिस समग्रता से इस विषय पर बातचीत हुई है। भविष्य की रूपरेखा बनी है। उन्होंने वर्तमान भारतीय समाज को दो वर्गों में विभाजित बताया और कहा कि एक वर्ग विशेष है और दूसरा शेष। अर्थात एक शासकीय योजनाओं में लाभ की दृष्टि से प्रमुख है और दूसरा नहीं। पासवान ने कहा कि भारत में जाति



एक सच्चाई है, किन्तु राष्ट्रीयता एक अच्छाई है। हमें सामाजिक समरसता के साथ जातियों को स्नेह के सूत्र में पिरोकर एक करना होगा। अन्यथा वर्ग संघर्ष को हवा देने के लिए अनेक ताकतें सक्रिय हैं। अपने उद्बोधन को सूत्र रूप में व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि हमें सैड से ग्लैड की तरफ बढ़ना है।

सैड अर्थात तीन पाश्चात्य चिंतकों सिगमण्ड फ्रायड, एडम स्मिथ और डार्विन के मानकों को छोड़कर भारतीय चिंतक गांधी, लोहिया, अंबेडकर और दीनदयाल के समन्वयकारी चिंतन से आगे बढ़ना है।

समापन सत्र के अध्यक्षीय उद्बोधन में म.प्र. जन अभियान परिषद् के कार्यपालक निदेशक डॉ. धीरेन्द्र कुमार पाण्डेय ने संगोष्ठी को अत्यन्त सफल निरूपित करते हुये कहा कि यह विषय अनेक वर्षो से उपेक्षित है। भूमि अभिलेख और भूमि आवंटन के दस्तावेजों के रख-रखाव के लिए उन्होनें अत्याधुनिक सेटेलाइट टेक्नोलॉजी की वकालत की। उन्हानें कहा कि संगोष्ठी के विचार विषय जन-जन तक पहुँचानें की आवश्यकता है जिससे सकारातमक विमर्श बन सके।

समापन सत्र के विशिष्ट अतिथि और पूर्व अपर मुख्य सचिव म.प्र. शासन तथा वर्तमान में ट्रिपल आई.टी. के बोर्ड आफ गवर्नस के अध्यक्ष बी.आर.नायडू ने संगोष्ठी के चिन्तन को युगानुकूल निरूपित किया। मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के माध्यम से स्वैच्छिकता को संस्थागत रूप प्रदान करने और गांव-गांव में विकास के लिए परिवर्तन दूतों के निर्माण में इस कार्यक्रम के प्रभाव का प्रस्तुतिकरण किया। उन्होनें कहा कि भूमिहीन खेतिहर मजदूरों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए एक दीर्घकालीन नीति आवश्यक है।

तीसरे तकनीकी सत्र की अध्यक्षता हिमाचल प्रदेश से पधारे प्रो. चमनलाल बग्गा ने की। संगोष्ठी में विभिन्न विद्वानों ने अपने शोध पत्रों के निष्कर्ष प्रस्तुत किये। प्रतिभागियों का अभिमत था कि खेतिहर श्रमिकों को उनका हक मिलना चाहिए जिससे कृषि उत्पादन को और अधिक बल मिलेगा तथा शहरों की ओर पलायन कम होगा। विद्वानों का मत था कि खेतिहर श्रमिको के लिए पृथक से श्रेणी और सामाजिक आर्थिक सुरक्षा हेतु पृथक से प्रावधान होने चाहिए। महिला खेतिहर श्रमिकों की दशाओं पर भी विस्तार से चिंतन मनन हुआ।

समापन सत्र में प्रतिभागियों को शोध पत्र प्रस्तुति एवं सहभागिता पर प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। संगोष्ठी का संयोजन ग्रामीण प्रबंधन संकाय के अधिष्ठाता और सी.एम.सी.एल. डी.पी. के निदेशक प्रो. अमरजीत सिंह ने किया। विविध सत्रों का संचालन एवं समन्वयन प्रो. वीरेन्द्र कुमार व्यास द्वारा किया गया।

प्रातः कालीन सत्र में भूमिहीन श्रमिकों से प्रत्यक्ष संवाद की अध्यक्षता ग्राम विकास के पूर्व राष्ट्रीय संयोजक दिनेश कुमार ने की। संगोष्ठी के इस सत्र में चित्रकूट क्षेत्र के आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आये 50 से अधिक खेतिहर मजदूरों ने अपने जीवन के विविध पहलुओं पर प्रकाश डाला।

# डीएम ने ली जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति, शासी निकाय की बैठक जिला कलेक्टरेट सभागार में हुई। बैठक में पूर्व में लिए गए निर्णय के अनुपालन आख्या पर भी चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सिजेरियन प्रसव को रेफर न करें। जिला चिकित्सालय व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों की सेवाओं को कम्प्यूटराइज्ड किया जाए। आउट सोर्स के माध्यम से कार्यरत कर्मियों के ईपीएफ भुगतान के लिए कर्मचारी भविष्य निधि कार्यालय को पत्र प्रेषित किया जाए। कार्यक्षेत्र में निवास न करने वाली आशाओं के खिलाफ आवश्यक कार्यवाही की जाए। एमसीएच विंग में आरओ प्लांट की व्यवस्था भारतीय स्टेट बैंक के माध्यम से कराई जाए। उन्होंने जिला क्षयरोग अधिकारी को निर्देशित किया कि टीबी नोटिफिकेशन बढ़ाया जाए एवं शत प्रतिशत भुगतान किया जाए। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि इंस्टीट्यूशनल



डिलीवरी कितने जनपद में हो रही है, कितने बाहर इसकी सूची बनाएं। उन्होंने प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया कि आशा व एएनएम से सही से कार्य कराये। प्रसव लाभार्थियों के भुगतान के सम्बन्ध में उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि जिसकी डिलीवरी हो गई है, समय से भुगतान कराएं। फैमिली प्लानिंग के सम्बन्ध में उन्होंने सभी प्रभारी अधिकारियों को निर्देशित किया कि फैमिली प्लानिंग के अंतर्गत जो लक्ष्य दिया गया है, उसे प्राप्त करें। जिलाधिकारी ने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि जिन केन्द्रों के लिए आशा नामित है, वह केन्द्रों पर रहे नहीं तो इसकी जिम्मेदारी प्रभारी चिकित्साधिकारी की होंगी। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अमृत पाल कौर, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, जिला विकास अधिकारी राजकुमार त्रिपाठी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक वंदना, जिला कार्यक्रम प्रबंधक आर के करवरिया, संतोष कुमार, एम के जातार्या, जिला कार्यक्रम अधिकारी पीडी विश्वकर्मा, जिला मलेरिया अधिकारी लाल सिंह साहब, जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी दिलीप सिंह आदि मौजूद रहे।

# निर्विवाद 40 वर्षों की सेवा पूरी कर तुलसीराम हो गए सेवानिवृत्त

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

इंडियन बैंक के अग्रणी जिला प्रबंधक तुलसीराम 40 वर्षों की बैंकिंग सेवा पूरी कर सेवानिवृत्ति हो गए। इस अवसर पर कर्मचारियों द्वारा समारोह आयोजित कर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। नवागंतुक एलडीएम अनुराग शर्मा का भी स्वागत किया गया। विदाई समारोह में तुलसीराम ने कहा कि उन्होंने 1984 में बैंक में नौकरी ज्वाइन की थी। 89 में वह बैंक अधिकारी बने और विभिन्न शाखाओं में इलाहाबाद और लखनऊ बैंक के केन्द्रीय कार्यालयों में भी अपनी सेवाएं दिया। जिले में विभिन्न शाखों में रहते हुए तीन वर्ष तक आरसेटी में निदेशक रहे। तीन साल से एलडीएम रहते हुए सफलतापूर्वक सेवानिवृत्त हो रहे हैं। नवागंतुक एलडीएम अनुराग शर्मा ने कहा कि तुलसीराम मिलनसार और प्रतिभावान अधिकारी रहे हैं। शासन, प्रशासन और बैंक के बीच में अच्छा सामांजस्य बनाकर उन्होंने 40 वर्ष की सेवा सफलतापूर्वक पूरा किया। आरसेटी निदेशक ओपी वर्मा, प्रशांत, मोहम्मद सलीम, गौरव श्रीवास्तव, प्रिंस कुमार ने तुलसीराम को स्मृति चिन्ह भेंट कर विदाई दी। समाज सेवी योगेश जैन ने कहा कि उन्होंने अपनी कुशल कार्य प्रणाली के चलते बैंक के क्षेत्र में ही नहीं सामाजिक क्षेत्र में भी अच्छी ख्याति हासिल किया है। समाजसेवी बीपी पटेल, सभासद शंकर यादव, रामकृष्ण मौर्य, सुशील सिंह योगेश जैन ने राम दरबार व शिव दरबार भेंट किया। इस मौके पर इंडियन बैंक के मनोज कुमार, आर जनार्दन, बादल पटेल, आर एस वर्मा, अमन गुप्ता, राकेश कुमार, गौरव सिंह चंदेल, इरफान अली, रजनीश यादव, रावेद्र सिंह, सचिन गंगवार, अमित वर्मा, केशव प्रसाद, समाजसेवी शिवप्रकाश पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

# सड़क हादसे में सास व दामाद की मौत, मासूम सहित आधा दर्जन घायल

जन एक्सप्रेस । उरई

एट थाना क्षेत्र में हाईवे पर तेज रफ्तार मारुति वैन गिरथान के पास अनियंत्रित होकर हाईवे की रेलिंग से टकरा गई। जिससे वैन पर सवार सास व दामाद की मौत हो गई। जबकि आधा दर्जन लोग घायल हो गए।

कोंच ब्लाक के ग्राम चमरसेना निवासी दशरथ 30 वर्ष कुछ दिन पहले अपनी ससुराल ग्राम जल्ला गया हुआ था। जहां पर वह बीमार हो गया। कई जगह इलाज कराने के बाद जब उसे आराम नहीं मिला तो ससुराली पक्ष ने उसकी झाड़ फूंक कराई। इसी दौरान गांव के लोगों ने कहा कि झांसी जिले के ग्राम चिरगांव में कोई ओझा अच्छी झाड़ फूंक करता है। जिसके बाद भूरी देवी 65 वर्षीय पत्नी सुखनंदन अपने दामाद को दिखाने के लिए अन्य लोगों के साथ मारुति वैन से चिरगांव जा रही थी। तभी गिरथान के पास मारुति वैन अनियंत्रित होकर हाइवे की रेलिंग से टकरा गई। जिससे बेन के परखच्चे उड़ गए।

जिससे बेन पर सवार सास व दामाद सहित बिंदों 50 वर्ष निवासी जल्ला, घनश्याम 28 वर्ष, विजय देवी 25 अपनी एक वर्षीय पुत्री ईश्वरी सहित 12 वर्षीय अरुण पुत्र श्रवण कुमार, 30 वर्षीय सीता पुत्री श्रवण कुमार निवासी विदोखर थाना भरुआ सुमेरपुर के साथ घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। जहां पर चिकित्सकों ने सास भूरी देवी व दामाद दशरथ को मृत घोषित कर दिया। वहीं पुलिस ने मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# जानवरों को भूसा डालने गए किसान को सर्प ने डसा, हालत गंभीर

**जन एक्सप्रेस/उरई।** नदीगांव थाना क्षेत्र के ग्राम पजौनिया में पशू बाड़े में रविवार की सुबह जानवरों को भूसा चारा डाल रहे किसान को सर्प ने काट लिया। जिससें उसकी हालत बिगड़ गई। जिसे सीएचसी में भर्ती कराया गया।

नदीगांव थाना क्षेत्र के ग्राम पजौनिया निवासी अजय पाल गुर्जर 35 वर्ष पुत्र लल्लभैया रोज की तरह रविवार की सुबह अपने पशू बाड़े में घर में भूसा डालने गया था। तभी अचानक उसे सर्प ने डंस लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। हालत बिगड़ते देख परिजन घबरा गए और वह उसे सीएचसी ले गए। जहां से उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जहां पर उसका उपचार चल रहा है और उसकी हालत में सुधार बताया जा रहा है।

# नए कानून को लेकर जिले में कार्यशालाओं का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस । उरई

भारतीय न्याय संहिता-2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम-2023 के 01 जुलाई 2024 से प्रभावी होने के दृष्टिगत जनपद जालौन में जनपद, तहसील व थाना स्तर पर कार्यशालाओं का आयोजन किया गया था। जिसमें जनपद के राजपत्रित अधिकारीगण व थाना/शाखा प्रभारी के साथ-साथ जनपद में नियुक्त सभी अधिकारी/कर्मचारीगण सम्मलित हुये थे। जिनको विशेषज्ञों द्वारा नये कानून के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी थी। जनपद में नये कानूनो के 01 जुलाई 2024 से प्रभावी होने की तैयारियों के दृष्टिगत रविवार को



को पुलिस लाइन्स उरई एवं जनपद के थानों पर परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद में नियुक्त 25 निरीक्षक, 180 उप निरीक्षक, 200 मुख्य आरक्षी और 554 आरक्षियों कुल 959 अधिकारी /कर्मचारीगण द्वारा परीक्षा में प्रतिभाग किया गया। इस दौरान एसपी डॉ ईरज राजा ने निरीक्षण कर व्यवस्था को चेक किया।

# कामदगिरि स्वच्छता समिति ने परिक्रमा मार्ग में चलाया सफाई अभियान

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

स्वच्छ भारत मिशन के तहत कामदगिरि स्वच्छता द्वारा रविवार को 120वां साप्ताहिक स्वच्छता अभियान चलाया गया। अधिशासी अधिकारी लाल जी यादव ने बताया कि स्वच्छता एक अच्छी आदत है जो हमारे जीवन की गुणवत्ता को बढाती है, यह हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण अंग है। स्वच्छता पर सभी को ध्यान देना चाहिए। कामदगिरि स्वच्छता समिति के अध्यक्ष ब्रांड एंबेसडर नगर पालिका राकेश केशरवानी ने बताया कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छ भारत अभियान की शुरुआत की थी। हमें यह समझना चाहिए कि स्वच्छता केवल प्रधानमंत्री की जिम्मेदारी नहीं बल्कि यह हम सभी की जिम्मेदारी है। भारत के प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी



है कि हम सभी के स्वास्थ्य जीवन के लिए हमें इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेना चाहिए। साथ ही पूरे भारत में स्वच्छता के लिए क्रांति लाने के लिए घर-घर स्वच्छता अभियान पर सहयोग करना चाहिए। खाद्य एवं सफाई निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला ने बताया कि हम सभी को स्वच्छता के आदर्श महत्व और आवश्यकता को समझना चाहिए और इस पर अपने दैनिक जीवन में लोगों को उतारने का भी प्रयास करना चाहिए। जिला प्रबंधक स्वच्छ भारत मिशन शिवा कुमार ने बताया कि स्वच्छता एक अच्छी आदत है जिसे सभी को स्वस्थ जीवन और मानव जीवन शैली के लिए होना जरूरी है। इस मौके पर राजेंद्र त्रिपाठी, जितेंद्र केशरवानी, जानकी कुशवाहा, विनोद कुमार, वन विभाग से रसूल बख्श, दीपक, राजेश कुमार, मुकेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# मारपीट की शिकायत पुलिस से की

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कोंच कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पड़री के रहने वाले एक युवक को गांव का ही एक व्यक्ति काम पर गाजियाबाद ले गया था। आरोप है कि उसने काम में मीनमेख निकाल कर उसके साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस से पूरे मामले की शिकायत की है। नगर कोतवाली क्षेत्र के गांव पड़री निवासी गोलू यादव ने पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया। जिसमें आरोप लगाते हुए बताया कि गांव का ही एक व्यक्ति कुल्फी के धंधे पर उसे दस हजार रुपए महीने मजदूरी देने की बात कह कर गाजियाबाद ले गया था। दो-तीन दिन बाद ही काम कम रहे हो का आरोप लगाकर उसकी जमकर पिटाई कर दी और उसका सिर फाड़ दिया। गोलू ने बताया कि वह किसी तरह उन लोगों से बचते बचाते घर आ गया।

# 124 शक्तिों केन्द्रों के 851 बूथों पर सुनी गयी पीएम मोदी के मन की बात

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा 11 मण्डलों के 124 शक्ति केन्द्रों के 851 बूथों पर रविवार को मन की बात कार्यक्रम में सहभागी होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणास्पद विचारों को सुना गया।

जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कहा कि वोटरों को जागरूक करके जातिवादी, वंशवादी राजनीति को समाप्त करना है। साथ ही वोटबैंक, तुष्टीकरण की राजनीति को खत्म करना है। मन की बात कार्यक्रम से प्रेरणा लेकर हम सबको नवाचार का प्रयास करना है। पूर्व सांसद आर के पटेल ने कहा कि जनता के सपनों को भाजपा की डबल इंजन सरकारें पूरा



कर रही हैं। पूर्व मंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं को जन-जन से संवाद स्थापित करके अमृतकाल में आत्मनिर्भर भारत बनाने के सहभागी योगदान करना है। मन की बात कार्यक्रम संयोजक व जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय ने कहा कि मन की बात विचारों के प्रवाह का सशक्त माध्यम है। मन की बात कार्यक्रम से देशभर मे चल रहे सकारात्मक प्रयास जन-जन तक पहुंचते हैं। मन की बात कार्यक्रम जन जागरण का जीवंत आन्दोलन है। मन की बात कार्यक्रम एक भारत श्रेष्ठ भारत के संकल्प को साकार रूप देने में सहायक है। मीडिया प्रभारी भागवत त्रिपाठी ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम युवा, छात्र, किसान सभी को प्रेरणा देता है। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, सह संयोजक अखिलेश रैकवार, पूर्व जिलाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश खरे, दिनेश तिवारी, अनूप त्रिपाठी, निर्मलेन्द्र पाण्डेय, रवि गुप्ता, राघव अग्रवाल, अश्विनी अवस्थी, आनंद पटेल, विकास पाण्डेय, भगवानदीन, रमाकांत पाण्डेय, ओमप्रकाश मिश्र, विनोद पाण्डेय, शक्ति सिह, सच्चिदानंद गर्ग, आशीष पाण्डेय, योगेन्द्र सिंह, मोहनदास, प्रदीप सिंह, रामप्रताप, सुरेश, महेन्द्र, शेराखान, ब्रजेन्द्र आदि मौजूद रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### थाने से नहीं मिला न्याय, पीड़ित ने एसपी से लगाई गुहार

**जन एक्सप्रेस/उरई।** थाने से न्याय न मिलने पर पीड़ित ने एसपी को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई। जिसमें थानाध्यक्ष पर गम्भीर आरोप लगाया है। सिरसा कलार निवासी कमलेश सिंह सेंगर पुत्र मूरत सिंह ने पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा को शिकायती पत्र दिया। जिसमें बताया कि पीड़ित का जयसिंहपुर मौजा में करीब 6 एकड़ का खेत है। जहां उसने अपने खेत के चारों ओर लोहे के ऐंगल लगवाकर तार फैंसिंग करवाई थी। तभी 18 जून की रात को कुछ लोग उसके खेत में लगे 19 ऐंगल काटकर ले गए। जिसकी शिकायत पीड़ित ने 20 जून को थानाध्यक्ष को लिखित तहरीर देकर की थी। आरोप लगाया कि थानाध्यक्ष ने अभी तक न ही रिपोर्ट दर्ज की और न ही निरीक्षण किया। पीड़ित ने एसपी से गुहार लगाते हुए कहा कि घटना का निरीक्षण करवाकर रिपोर्ट दर्जकर उचित कार्रवाई की जाए। फिलहाल एसपी ने मामले की बारीकी से जांच पड़ताल करवाकर उसे न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार पिता की मौत, पुत्र गंभीर हालत में रेफर

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कालपी कोतवाली क्षेत्र में हाईवे पर तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार पिता की मौत हो गई। जबकि पुत्र को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। कानपुर देहात के रूरा क्षेत्र के ग्राम लाल पुरवा निवासी सोनू 17 वर्ष अपने पिता जगदीश के साथ भोपाल में बाल खरीदने का काम करता था। पिता पुत्र दोनों भोपाल से बाइक पर सवार होकर अन्य बाइक सवार साथियों के साथ अपने गृह जनपद जा रहा था। तभी हाईवे पर तेज रफ्तार ट्रक ने दुर्गा मंदिर के पास उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें बाइक पर सवार पिता की पर मौत हो गई और पुत्र घायल हो गया। मौजूद लोगों ने सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां से उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वहीं पुलिस ने जानकारी लेते हुए शव को कब्जे में लिया और परिवार वालों को सूचना देने के बाद शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर दो ट्रकों में हुई टक्कर, एक ट्रक चालक की मौत

**जन एक्सप्रेस/जालौन।** बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर एक ट्रक ने दूसरे ट्रक में टक्कर मार दी थी। ट्रक की टक्कर में घायल हुए चालक की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई थी। मृतक की पत्नी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात ट्रक के चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मध्य प्रदेश के जिला छतरपुर थाना नौगांव ग्राम मऊ सहानिया निवासी ओमप्रकाश बीती 13 को ट्रक में सामान लादकर दिल्ली जा रहे थे। जब वह बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर छिरिया सलेमपुर के पास पहुंचे तो अज्ञात ट्रक ने उनके ट्रक में टक्कर मार दी थी। टक्कर लगने कारण चालक ओमप्रकाश अहिरवार गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पहले उन्हें बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे की एंबुलेंस सेवा से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां पर हालत गंभीर होने पर उन्हें झांसी के लिए रेफर किया गया था। झांसी ले जाते समय रास्ते में ही उनकी मौत हो गई थी। इस मामले में मृतक की पत्नी मुन्नी देवी ने कोतवाली में तहरीर दी है। पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी अज्ञात ट्रक व उसके चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक रैपुरा श्याम प्रताप पटेल ने बताया कि उप निरीक्षक अजय बहादुर सिंह तथा आरक्षी हेमंत आर्य द्वारा संदीप कुमार पटेल निवासी रानी तालाब के पास रैपुरा को 20 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना रैपुरा में आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

### अभियोजन अधिकारियों एवं शासकीय अधिवक्ताओं ने पुलिसकर्मियों को दी नये भारतीय कानून की जानकारी

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के आदेश के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर पुलिस लाइन स्थित कान्हा सभागार में नये कानून के लिये एक दिवसीय प्रशिक्षण, जागरुकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में क्षेत्राधिकारी नगर राज कमल की उपस्थिति में प्रभारी संयुक्त निदेशक अभियोजन दिनेश त्रिपाठी, जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) श्याम सुन्दर मिश्रा, अभियोजन अधिकारी शशिकान्त, अभियोजन अधिकारी बृजमोहन, सहायक अभियोजन अधिकारी पियूष कुमार सिंह, सहायक अभियोजन अधिकारी सिद्धार्थ सिंह द्वारा थाना, कार्यालयों में नियुक्त लगभग 140 पुलिस कर्मियों को 1 जुलाई से लागू होने वाले भारतीय न्याय संहिता-2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम-2023 की धाराओं के सम्बन्ध में विस्तृत रुप से पढाया गया।

### प्रयागराज में एनआईए ने मारा छापा, ग्राम प्रधान से आठ घंटे तक पूछताछ

**जन एक्सप्रेस/प्रयागराज।** लालापुर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव निवासी सुधीर कुमार त्रिपाठी उर्फ विराट वर्तमान समय में ग्राम प्रधान हैं। रविवार को उनसे एनआईए की टीम ने तकरीबन आठ घंटे तक पूछताछ की। टीम भोर में लालापुर पहुंची। इसके बाद प्रधान को थाने पर बुलाकर उनसे गहन पूछताछ की। राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी (एनआईए) की टीम ने रविवार को लालापुर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर के ग्राम प्रधान से कई घंटे तक पूछताछ की। इस कार्रवाई से इलाके में खलबली मची रही। मामले को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं चल रही हैं। लालापुर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव निवासी सुधीर कुमार त्रिपाठी उर्फ विराट वर्तमान समय में ग्राम प्रधान हैं।रविवार को उनसे एनआईए की टीम ने तकरीबन आठ घंटे तक पूछताछ की। टीम भोर में लालापुर पहुंची। इसके बाद प्रधान को थाने पर बुलाकर उनसे गहन पूछताछ की। पूछताछ किस मामले में हुई है इस संबंध में पुलिस अधिकारी कोई जानकारी होने की बात से इनकार कर रहे हैं।

### संगम से लेकर आधे शहर तक जमकर बारिश, सिविल लाइंस में उड़ती रही धूल

**जन एक्सप्रेस/प्रयागराज।** संगम समेत आधे शहर में रविवार की शाम को जमकर बारिश हुई। झूंसी, संगम, परेड क्षेत्र, अलोपीबाग, रामबाग, कीडगंज, बलुआ घाट, नखास कोहना, दारागंज, छोटा बघाड़ा, अल्लापुर इलाके में शाम करीब चार बजे जमकर बारिश हुई। इससे सड़कों पर घुटने तक पानी भर गया।

janexpressnews janexpresslive janexpresslive

# कानपुर नगर एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper | हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | लखनऊ | सोमवार | 01 जुलाई 2024



### मौसम पूर्वानुमान

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार,अगले पांच दिनों में हल्के बादल छाए रहने के कारण तेज हवाओं (धूलभरी आँधी) एवं गरज चमक के साथ स्थानीय स्तर पर छुटपुट बूंदाबादी होने के आसार हैं तथा दिन और रात के तापमान सामान्य से अधिक रहने के आसार हैं

अधिकतम (डिग्री0से0) : 33.4 (-3.5)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 25.6 (-1.3)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 87 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 67 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 5.5 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- दक्षिण-पश्चिमी
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# के.डी.ए. की सील तोड़ने वाले बिल्डरों के खिलाफ़ दर्ज मुक़दमे क्या साबित होंगे वरदान ?






**कानपुर का पुलिस विभाग बिल्डिंगों को अभिरक्षा में लेने के बाद भी टूटने से नहीं बचा पा रहा है सीलें, चीफ जस्टिस ने किया तलब, तो क्या जवाब देंगे पुलिस अधिकारी**

जन एक्सप्रेस | कमलेश फाइटर

**कानपुर नगर।** कानपुर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष मदन सिंह गर्ब्याल के द्वारा लगातार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री की जीरो टॉलरेंस नीति का सही तरीके से पालन कराने के लिए मानक विहीन अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उन्हें सील कराया गया था। लेकिन प्राधिकरण की सील का डर तनिक भी अवैध निर्माण करने वाले बिल्डरों में नहीं था जिसके फल स्वरुप 50त्न से अधिक लगी केडीए की सरकारी सील हटाकर बिल्डरों ने अपना अवैध निर्माण करना चालू रखा। हालांकि प्राधिकरण के जिम्मेदार अधिकारी नियमनुसार सील टूटने के बाद ध्वस्तीकरण की कार्रवाई अमल में ला सकते थे लेकिन ऐसा नहीं किया गया। फिर भी उपाध्यक्ष की सख्ती के कारण दर्जनों एफआईआर अवैध रूप से सरकारी सील तोड़ने वालों के विरुद्ध अलग-अलग थानों में प्रवर्तन प्रभारियों के द्वारा तहरीर देकर दर्ज कराई गई हैं। एफआईआर दर्ज होने के बाद भी सील तोड़ने वाले बिल्डर धड़ल्ले से मूंछों पर ताव देकर अपने अवैध निर्माण को पूर्ण करने में लगे हुए हैं। बिल्डरों के अंदर योगी सरकार के होते हुए भी प्राधिकरण के नियम और कानून का खौफ क्यों नहीं है चलिए हम आपको बहुत अच्छे तरीके से समझाते हैं।

कानपुर विकास प्राधिकरण के चार जोन हैं। इनमें अवैध और मानक विहिन निर्माण ना हो सके उसके लिए सचिव, अपर सचिव और जोनवार प्रवर्तन प्रभारियों की नियुक्ती की गईं हैं। इन सभी के अधीनस्थ इनके नीचे काम करने वाले ए.ई. जे.ई. और सुपरवाइजर तैनात हैं। लेकिन फिर भी जोन एक में आधा सैकड़ा से अधिक अवैध निर्माण पांच-पांच मंजिला तन गए। ऐसा ही कुछ हाल जोन दो का भी है। इस जोन में सबसे ज्यादा अवैध मानक विहीन निर्माण और अतिरिक्त तल डलवाने का रिकॉर्ड अभी तक अवर अभियंता अरविंद उपाध्याय के नाम का है। पनकी का क्षेत्र देख रहे पी.के. वर्मा के तो क्या कहने उनके कार्यकाल में बड़े-बड़े संस्थानों में अवैध निर्माण तैयार हो गए। अरविंद उपाध्याय और पीके वर्मा के कार्य क्षेत्र में अधिकतर बिल्डिंगे जो रेजिडेंशियल में पास हुई थी उनमें कमर्शियल निर्माण हो चुके हैं। जॉली नाम के व्यक्ति के द्वारा जेई अरविंद उपाध्याय की मूक सहमति लेकर जिसमें सुपरवाइजर भी शामिल हैं केडीए की सरकारी सील तोड़कर अतिरिक्त स्लेप डाल ली गई। जेई अरविंद उपाध्याय, पी.के. वर्मा और जोन एक में जे एन पांडे, प्रवीण शर्मा तो केडीए में उल्टी गंगा बहा रहे हैं। इन चारों ने सचिव और अपर सचिव की मूक सहमति से मानक विहिन निर्माण/अवैध निर्माण, रेजिडेंशियल में कमर्शियल निर्माण और अतिरिक्त तल डलवा कर सरकार को अरबो रुपए के राजस्व को चोट पहुंचाई है लेकिन बिल्डरों को अवैध लाभ पहुंचाया है। जब इन पर कोई मदन सिंह घरवाल जैसा ईमानदार अधिकारी जाकर दबाव डालता है तो यह कार्रवाई दिखावे के लिए करते हैं यह सील करने के बाद सील तोड़ने की मूक सहमति भी देते हैं और ठीक उसके बाद फिर अपने कर्तव्यों से इतिश्री कर लेते हैं जबकि धारा 27 और 28 का नोटिस अवैध निर्माण पर काटने के बाद कभी भी ध्वस्तीकरण की कार्रवाई हो सकती है बहुत ज्यादा होने पर यह प्राधिकरण के न्यायालय में अपील करने की लोगों को सलाह दे देते हैं और वहां अपील चलती रहती है दूसरी और बिल्डर बिल्डिंग को बेच देते हैं और अपना मुनाफा कमा कर निकल जाते हैं। शिकायत होने पर यह अपनी भाषा में न्यायालय में वाद लंबित होने का हवाला देकर जमकर भ्रष्टाचार करते हैं। कुछ दिनों बाद अवैध निर्माण में जनता जाकर रहने लगती है और उसके बाद यह निर्माण को अध्याशित होने का बहाना बनाते हैं।

**अधिकारियों द्वारा दर्ज कराई गई एफआईआर को बिल्डर मान रहे वरदान**

विश्वस्त सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जितनी भी बिल्डिंगों पर कड़ा की सील लगी थी उन्हें कहीं ना कहीं अंदर से सचिव, अपर सचिव, ए ई,जे ई और सुपरवाइजर की मूक सहमति मिली थी जिस कारण उन्होंने बेधड़क होकर केडीए की सरकारी सील तोड़ डाली। सूत्र यह भी बताते हैं कि उन्हें जितने भी जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारी हैं खास करके ए. ई. जे.ई. और सुपरवाइजर उन्होंने कहा है कि आप एफआईआर करवा लीजिए । इसके बाद हमारी और विभाग की जिम्मेदारी खत्म समझो।

**हाई कोर्ट में पुलिस विभाग को भी किया जा सकता है तलब**

आपको बताते चलें कि एक जनहित याचिका वर्तमान समय में चीफ जस्टिस प्रयागराज की बेंच पर विचाराधीन है। इस मामले में जब अवैध निर्माण की सूची अपने एफिडेविट में केडीए दाखिल करेगा तो हर फिर में यही नजर आएगा कि कानपुर विकास प्राधिकरण ने सील लगाने के बाद सील की रक्षा करने की जिम्मेदारी के लिए अभिरक्षा में सील बिल्डिंग को सौंपा था लेकिन योगी सरकार में यूपी की कानपुर पुलिस सरकारी सील को टूटने से नहीं बचा पाई। अगर ऐसे में पुलिस विभाग को चीफ जस्टिस प्रयागराज ने तलब कर लिया तो जवाब देते पुलिस विभाग को नहीं बनेगा।

**हाजी वसी के करीबियों पर अभी भी मेहरबान केडीए**

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कानपुर हिंसा में जेल जाने के बाद हाजी वसी ने खुद के स्तर पर बिल्डिंगों का निर्माण करना बंद कर दिया है। अब अपने रिश्तेदार और नजदीकियों और करीबियों से रेलम पेल अवैध निर्माण फिर से करवाने में लगा हुआ है। अभी हाल ही में उसके करीबी माने जाने वाली सफीक की बिल्डिंग भी केडीए ने सील की थी लेकिन यहां पर भी पुलिस अभिरक्षा में होने के बाद भी योगी सरकार की सरकारी सील बिल्डर सफीक ने तोड़ दी और अंदर ही अंदर निर्माण कर रहा है लेकिन इसके विरुद्ध अभी तक केडीए के जिम्मेदारों ने एफआईआर दर्ज नहीं कराई है। और न ही ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की है।

## खरीफ मौसम में तिलहनी फसलों के अंतर्गत तिल की खेती विषय पर दी जानकारी

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर



चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के अनुवांशिकी एवं पादप प्रजनन विभाग के प्रो. डॉ.महक सिंह ने रविवार को खरीफ मौसम में तिलहनी फसलों के अंतर्गत तिल की खेती विषय पर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तिल की बुवाई का सर्वोत्तम समय जून के अंतिम सप्ताह से जुलाई के दूसरे पखवाड़े तक होता हैं। उत्तर प्रदेश में तिल का क्षेत्रफल लगभग 4,17,4 35 हेक्टेयर तथा उत्पादन लगभग 99 767 मीट्रिक टन है। वही पूरे देश में (राष्ट्रीय स्तर) पर तिल के उत्पादन में उत्तर प्रदेश की भागीदारी 25 फीसदी है। डॉ. सिंह ने बताया कि तिल में मौजूद लवण जैसे कैल्शियम, आयरन, मैग्नीशियम, जिंक और सेलेनियम आदि मानव के दिल की मांसपेशियों को सक्रिय रखने में मदद करते हैं। उन्होंने बताया कि तिल में डाइटरी प्रोटीन और एमिनो एसिड मौजूद होते हैं जो बच्चों की हड्डियों के विकास को बढ़ावा देते हैं। तथा इसके तेल से त्वचा को जरूरी पोषण मिलता है। डॉ.सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश में तिल की खेती के लिए प्रमुख नवीनतम प्रजातियां जैसे सावित्री, गुजरात तिल 10,गुजरात तिल 20, टाइप 78, शेखर, प्रगति, तरुण, आरटी 351 एवं आरटी 346 हैं। उन्होंने बताया कि तिल की बुवाई करते समय पंक्ति से पंक्ति की दूरी 30 सेंटीमीटर एवं पौधे से पौधे की दूरी 10 सेंटीमीटर तथा बीज की गहराई 3 से 4 सेंटीमीटर पर रखनी चाहिए। उन्होंने बताया कि किसान तिल की बुवाई करते समय फोरेट 10 जी, 15 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर की दर से दवा का प्रयोग करते हैं तो तिल में फैलोडी रोग की संभावना कम रहती है। विश्वविद्यालय के मृदा वैज्ञानिक डॉ.खलील खान ने बताया कि तिल की फसल के लिए 60 किलोग्राम नत्रजन, 46 किलोग्राम फास्फोरस, 30 किलोग्राम पोटाश एवं 25 किलोग्राम गंधक (सल्फर) प्रति हेक्टेयर की दर से प्रयोग करने से किसानो को मात्रात्मक और गुणात्मक लाभ होता है।

## इंडियन एसोसिएशन कानपुर ने किया स्वास्थ्य कैंप का आयोजन



जन एक्सप्रेस | प्रदीप शर्मा

**कानपुर नगर।** डॉक्टर्स डे के उपलक्ष्य में रविवार को इंडियन एसोसिएशन कानपुर द्वारा स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ अवधेश शर्मा ने प्रतिभाग करते हुए हृदय रोगियों का परीक्षण कर उन्हें परामर्श दिये। इस अवसर पर डॉ.अवधेश शर्मा ने बताया कि 40 वर्ष की अवस्था के बाद अगर किसी व्यक्ति को चलने फिरने में सांस फूलती हो, सीने में दर्द होता हो, भारीपन महसूस होता हो, चक्कर आते हो, घबराहट होती हो, बहुत सारा पसीना और बेहोशी आती हो तो ऐसे व्यक्ति को हृदय की प्रारंभिक जांचे जैसे ई.सी.जी., इको, ट्रेड मिल टेस्ट करा कर अपने हृदय रोग विशेषज्ञ से परामर्श ले लेना चाहिए। उन्होंने बताया कि हृदय रोगों की फैमिली हिस्ट्री होने पर, शुगर, बी.पी.के मरीज और धूम्रपान करने वाले व मोटे व्यक्तियों को सावधान रहने की आवश्यकता है। कैंप में कानपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद रमेश अवस्थी व शहर के अन्य वरिष्ठ चिकित्सक मौजूद रहे।

## मेधावी छात्र-छात्राओं को मिले टेबलेट तो खिले चेहरे



जन एक्सप्रेस कानपुर नगर

बेसिक/माध्यमिक शिक्षा विभाग के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों के शुभारम्भ व लोकार्पण का सजीव प्रसारण रविवार को सरसैया घाट नवीन सभागार में किया गया।

बताते चलें कि मुख्यमंत्री के द्वारा मुख्य रुप से 165 उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी बालिका इण्टर कालेज का लोकार्पण,11 जनपदों के डायट में अतिरिक्त कक्षा-कक्ष, ऑडिटोरियम तथा टॉयलेट ब्लॉक के निर्माण का शिलान्यास, प्रदेश के 05 जनपदों के डायट के लिए निर्मित नवीन भवन तथा 59 जनपदों में अतिरिक्त कक्षा-कक्ष एवं ऑडिटोरियम का लोकार्पण, शैक्षिक शोध संकलन शोध संगम का विमोचन, एन.सी.ई.आर.टी.पैटर्न पर आधारित कक्षा-1 व 2 की नवीन निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों के वितरण का शुभारम्भ किया गया है। इसके साथ ही बेसिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत समस्याओं के निस्तारण के लिए टोल फ्री नम्बर 1800 889 3277 डी.बी.टी.के माध्यम से ड्रेस, जूता-मोजा, स्वेटर, स्टेशनरी एवं स्कूल बैग आदि के लिये धनराशि रू. 1200 प्रति छात्र अन्तरण का शुभारंभ भी किया गया। उनके द्वारा प्रथम चरण में परिषदीय विद्यालयों को निपुण बनाने वाले प्रधानाध्यापकों सम्मान, विभिन्न बोर्डों के मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सजीव प्रसारण के उपरान्त जिलाधिकारी द्वारा विभिन्न बोर्डों के 41 मेधावी छात्र-छात्राओं को टेबलेट एवं 01 लाख रुपये का चेक पुरस्कार के रुप में प्रदान किया गया एवं नवीन एन.सी.आर.टी.ई. पैटर्न पर आधारित कक्षा 1 एवं 2 की निःशुल्क पाठ्य-पुस्तक व स्टेशनरी का वितरण बच्चों को किया गया।

जिलाधिकारी ने सभी छात्र-छात्राओं कों भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए मेहनत का कोई विकल्प नही होता का संदेश दिया। उन्होंने बालिकाओं को विशेष रुप से आगामी भविष्य के लिये शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में जिलाधिकारी कानपुर नगर राकेश कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला समन्वयकों समग्र शिक्षा के साथ-साथ अभिभावक एवं छात्र-छात्राऐं मौजूद रहें।

## एक ही सीट पर वर्षों से जमे कर्मचारियों का डीएम ने किया ट्रांसफर



जन एक्सप्रेस विनीत सिन्हा

**कानपुर नगर।** तबादला नीति के तहत शासन स्तर पर डीएम राकेश सिंह ने पेशकारों से लेकर बाबुओं तक का ट्रांसफर कर दिया। इनमें से अधिकतर आठ से दस वर्ष तक अपनी सीट पर जमे हुए थे। सभी के कार्य क्षेत्र में बदलाव कर नवीन तैनाती पर तत्काल प्रभाव की जिम्मेदारी संभालने के निर्देश दे दिए गए हैं।

**डीएम ने इनके कार्य क्षेत्र में किया बदलाव**

जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने नर्वल तहसील में तैनात कैलाश वर्मा, राजस्व लिपिक को अब ए.डब्लू.बी.एन के पद पर घाटमपुर में तैनाती दी गई। मुन्ना बाबू, राजस्व सहायक संबद्ध सामान्य लिपिक अब स्टांप लिपिक का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया। वीरेंद्र शाह, न्याय सहायक पद के साथ ही वाचक अपर जिलाधिकारी (फाइनेंस) के पद का भी कार्य संभालेंगे। आठ वर्ष से तैनात वेद प्रकाश यादव, एडब्लूबीएन, तहसील बिल्हौर में तैनात थे इन्हें अरेन्जर, राजस्व अभिलेखागार, कानपुर नगर के पद पर तैनात किया गया। अनीता वर्मा, एडब्लूबीएन घाटमपुर तहसील में आठ वर्ष से तैनात थीं, उन्हें कलेक्ट्रेट में डिस्पैचर का कार्य सौंपा गया।

ललित किशोर, नाजिर सदर संबद्ध वीआईपी लिपिक को शस्त्र लिपिक का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा। अरूण कुमार सिंह, एडब्लूबीएन तहसील घाटमपुर, वाचक अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) कानपुर सदर को कलेक्ट्रेट में एलबीसी प्रथम के पद का कार्यभार सौंपा गया।

नितिन प्रकाश गुप्ता, पेशकार अपर जिलाधिकारी (एफ.आर) के पद पर पिछले दस वर्षों से तैनात थे। ये अब सामान्य लिपिक पद के साथ ही परीक्षा संबंधी कार्य की जिम्मेदारी संभालेंगे। अंजली श्रीवास्तव, एडब्लूबीएन सदर न्यायालय तहसील में दस वर्ष से पेशकार का कार्य संभाल रहीं थी।

अब ये नाजिर सदर का कार्यभार संभालेंगी। रवि राजपूत आर.ए. टाइपिस्ट संबद्ध न्यायालय अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) अब अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) पेशकार की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## कोल्हू संचालक के गोदाम से लाखों रुपए की सरसों चोरों ने की पार

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर



चौबेपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत लगातार हो रही चोरियों ने कानपुर कमिश्नरेट पुलिस की नाक में दम कर रखा है। पिछले 1 महीने में चौबेपुर थाना क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में लगभग आधा दर्जन चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं ।

सूत्रों के मुताबिक बीती शनिवार की रात चौबेपुर के रौतापुर बंबा के पास कोल्हू संचालक आशीष शुक्ला पुत्र राम शंकर शुक्ला निवासी गौरी लक्खा के गोदाम को निशाना बनाते हुए सवा दो लाख रुपए की सरसों की बोरियों पर हाथ साफ करते हुए नौ दो ग्यारह हो गए। चोरों ने गोदान के पीछे का शूटर काटकर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची चौबेपुर पुलिस ने घटना स्थल से साक्ष्य जुटाए है। वहीं चौबेपुर थाना प्रभारी रविंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद से टीमें बनाकर चोरों की लगातार तलाश की जा रही है जल्दी ही चोर सलाखों के पीछे होंगे। उधर पीड़ित आशीष शुक्ला ने घटना के पीछे पुलिस द्वारा क्षेत्र में गस्त ना लगाए जाने की वजह से घटना कारित होना बताया है।

## चार तस्कर दस किलो अफीम के साथ गिरफ्तार



जन एक्सप्रेस कानपुर नगर

कार से मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले एक गैंग के चार सदस्यों को चकेरी पुलिस और न नारकोटिक्स टीम ने संयुक्त रूप से की गिरफ्तार किया है। आरोपित कार की बोनट में अफीम छिपाकर ले जा रहे थे। पुलिस ने आरोपितों के पास से 10 किग्रा अफीम बरामद की है।

पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर गिरोह के अन्य सदस्यों के बारे में जानकारी जुटा रही है।

डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार ने बताया कि नारकोटिक्स टीम को मुखबिर द्वारा एक लग्जरी कार जो झारखंड से बरेली जा रही थी काली रंग की वरना कार से मादक पदार्थ की तस्करी होने की सूचना मिली थी। जिसके बाद उन्होंने चकेरी पुलिस टीम के साथ रामादेवी फ्लाईओवर पर चेकिंग कर झारखंड नंबर की वरना कार को रोका।

जिसमें मौजूद अफीम के साथ पकड़े गए कुल चार तस्कर झारखंड के ग्राम हूंट निवासी रामनाथ मुंडा, करम सिंह और झारखंड के ग्राम रांगरींग निवासी रतन सिंह मुंडा को हिरासत में लिया गया। पुलिस ने कार की तलाशी ली तो उसकी बोनट से टीम को 10 किग्रा अफीम बरामद हुई है। मादक पदार्थ की डिलीवरी लेने वाले बरेली के मऊ चंद्रपुर निवासी मेराज अहमद को भी गिरफ्तार किया गया है।

## के.डी.ए. के भ्रष्टाचार पर बरसे रफत महमूद



जन एक्सप्रेस कानपुर नगर

आरटीआई कार्यकर्ता रफत महमूद ने रविवार को नानाराव पार्क स्थित बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के नीचे बैठकर एक पत्रकार वार्ता के दौरान कानपुर विकास प्राधिकरण के अधिकारियों पर भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाया है। बताया कि 31-03-2003 को एक भीषण अग्निकांड बांसमंडी में हुआ था। जिसमे श्री महमूद ने प्रशासन के साथ साथ शासन स्तर तक पत्राचार के माध्यम से शिकायत की थी। इसके बावजूद कोई संज्ञान नही लिया गया। तब उन्होने माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद मे एक क्कढ्ढ.रु दाखलि की जिसके बाद सीजे प्रयागराज ने विपक्षीगणों को फटकार लगाते हुए दिनांक 10-07-2004 को अपना पक्ष रखने को कहा है। उनका कहना है की बिल्डिंग सील करने के बाद भी सील तोड़कर निर्माण कार्य जारी है जिससे सीजे प्रयागराज के आदेशों की अवमानना हो रही है।

## लिस के भ्रष्टाचार को मुख्यमंत्री आवास पहुंच रखेंगे योगी के सामने



जन एक्सप्रेस कानपुर नगर

राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी की बैठक शास्त्री नगर सेन्ट्रल पार्क में सम्पन्न हुई ,बैठक में दिव्यांग राजेश शुक्ला को न्याय दिलाने के लिए कानपुर से मुख्यमंत्री आवास के लिए पद यात्रा शुरू करने का निर्णय लिया गया।पुलिस कमिश्नर ने संदेश जारी किया है कि थाना हाजा में प्रार्थना पत्र प्राप्त नहीं हुआ है प्रार्थना पत्र प्राप्त होने पर कार्यवाही की जायेगी जबकी राजेश शुक्ला कई बार थाने से लेकर उच्च अधिकारियों को प्रार्थना पत्र दे चुके हैं लेकिन थाने के भ्रष्टाचार के चलते रिपोर्ट नहीं दर्ज हुयी है।

राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि दिव्यांग राजेश शुक्ला को न्याय दिलाने के लिए अब आर पार का संघर्ष करने का निर्णय लिया गया है वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि पुलिस अधिकारियों का काम न्याय करना है। थाने स्तर के अधिकारी दिव्यांगजनों के साथ न्याय नहीं कर रहे है।

उन्होंने कहा कि थाना किदवई नगर कि पुलिस ने पुलिस कमिश्नर के निष्पक्ष जांच के आदेश पर जांच अधिकारी ने फर्जी रिपोर्ट बिना जांच के लगा दि और धनबल व बहुबल के दबाव में पीड़ित राजेश शुक्ला व उनकी पत्नी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर दी।

वीरेन्द्र कुमार ने चेतावनी दी है कि पीडित दिव्यांग राजेश शुक्ला को न्याय नहीं मिलता है तो 12 जुलाई से कानपुर से मुख्यमंत्री आवास के लिए न्याय दिलाओं भ्रष्टाचार मिटाओं शान्ति मार्च यात्रा निकालेंगे। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार के अलावा जिला अध्यक्ष राहुल कुमार, अल्पना कुमारी, अरविन्द सिंह, गुड्डी दीक्षित, तृप्ति खरे,अनुराधा गुप्ता, सीमा कुशवाहा, गोमती, याशमीन, सरला आदि शामिल थे।

## दर्जनों अज्ञात बदमाशों ने महाराजपुर थाना क्षेत्र में सरिया लूटी



जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

शहर के थाना महाराजपुर इलाके में स्थित सरसौल हाइवे के किनारे बन रहे शो रूम में एक दर्जन चोरों ने धावा बोलकर करीब दस टन लोहे की सरिया चुराई और मौके से भाग निकले।

विरोध करने पर अर्ध निर्मित शो रूम की सुरक्षा में तैनात सुरक्षा गार्ड को रस्सी से बांध दिया।सुबह शो रूम मालिक के पहुंचने पर घटना की जानकारी हुई। शो रूम मालिक अखंड प्रताप सिंह ने घटना की जानकारी पुलिस को दी है। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात चोरों की तलाश शुरू कर दी। सरसौल होंडा शो रूम के मालिक अखंड प्रताप सिंह ने बताया की उनका नया शो रूम का निर्माण कार्य चल रहा था। देर रात एक दर्जन अज्ञात लोग आए और डीसीएम गाड़ी में दस टन सरिया बाहर पड़ी थी जिसकी सुरक्षा के लिए एक गार्ड तैनात किया गया था।

उसको पहले बांध दिया और गाड़ी में सरिया चोरी कर भाग गए है। चोरी की घटना से आदर्श नगर व्यापार मंडल के लोगो में भारी आक्रोश व्याप्त है।

कहा कि पुलिस रात को गस्त करने का दवा करती है उसके बावजूद चोरी की घटना को खुले आम अंजाम दे रहे है और पुलिस उन पर अंकुश लगाने में साबित हो रही है। हालांकि कानूनी जानकारों का कहना है कि यह चोरी नहीं डकैती है। कारण यह है कि जबरन बदमाश गार्ड को बांधकर डालते हुए दबंगई से डकैती करके सरिया लूट कर ले गए हैं।

## फास्ट फॉरवर्ड

### बाइक की टक्कर से व्यक्ति की मौत

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** पूरा कलंदर थाना क्षेत्र के अयोध्या-रायबरेली रोड पर रानीबाजार में शनिवार की रात बाइक की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत हो गई। राम अजोर यादव पुत्र जयपाल यादव निवासी अमौना मजरे सूबेदार का पुरवा सड़क पार कर रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से तेज गति से आ रही बाइक ने टक्कर मार दी। जिससे उनके सर पर गंभीर चोट आई। परिजन पहले जिला अस्पताल ले गए उसके बाद एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां रविवार सुबह उनकी मौत हो गई। थाना प्रभारी रतन कुमार शर्मा ने बताया कि दुर्घटना की जानकारी मिली है। अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। वहीं मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

### मार-पीट का मुकदमा पंजीकृत

**जन एक्सप्रेस/बीकापुर- अयोध्या।** कोतवाली क्षेत्र के चौरे चंदौली (भोजई का पुरवा) गांव में शनिवार की शाम दीवार के किनारे चूल्हा जलाने के विवाद को लेकर मारपीट होने पर प्रमिला पत्नी मोहन चौहान की शिकायत पर चार लोग पार्वती, पुष्पा, राणा और बरसाती के खिलाफ मुकदमा अपराध संख्या 256 /24 धारा 452 323 504 506 में मुकदमा पंजीकृत करके स्थानीय पुलिस जांच कर रही है। जिसमें प्रमिला और सुमन का प्राथमिक उपचार सीएचसी में होना बताया गया है।

### 58 वर्षीय महिला का संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी पर लटका मिला शव

**जन एक्सप्रेस/मिल्कीपुर अयोध्या।** कुमारगंज थाना क्षेत्र स्थित जोरियम गांव में भूमि के विवाद को लेकर हुई तू तू मैं मैं और तकरार के के बाद 58 वर्षीय महिला का शव उसके घर के ही सामने रास्ते में स्थित नीम के पेड़ से साड़ी के सहारे संदिग्ध परिस्थितियों में लटका पाए जाने के बाद गांव में सनसनी फैल गई है। घटना की जानकारी पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने फॉरेंसिक टीम के साथ घटना की गहन छानबीन की और महिला का शव फंदे से नीचे उतरवाकर कब्जे में लिया। पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। उधर दूसरी ओर महिला के परिजनों ने हत्या कर शव को फंदे से लटकाकर आत्महत्या का रूप दिए जाने का आरोप लगाया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक गांव के किशन सिंह और सूर्य नारायण सिंह के बीच रास्ते की भूमि पर अवैध कबजेदारी को लेकर विगत चार माह से विवाद चल रहा था। जिसमें कुमारगंज पुलिस दोनों पक्षों का शांति भंग में कार्यवाही भी किया था,बीते शनिवार को कुमारगंज पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने बुलाया था जहां दोनों पक्षों के पारिवारिक जन मौके पर गए थे और सूर्य नारायण सिंह की पत्नी जमुना सिंह को 9.6 फीट जमीन दिलाते हुए दोनों पक्षों में समझौता करा दिया था। दोनों पक्ष थाने से अपने घर वापस लौट गए थे जहां गांव में रात करीब 11ः00 बजे तक दोनों पक्षों में जमकर विवाद और गाली गलौज होता रहा। इसके बाद दोनों पक्ष अपने-अपने घरों को चले गए थे। रविवार की भोर में महिला जमुना सिंह के पति सूर्य नारायण सिंह ने देखा कि उनकी पत्नी नीम के पेड़ की डाल से साड़ी के सारे लटकी हुई है। उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। जानकारी पाकर प्रभारी निरीक्षक रतन सिंह चौकी प्रभारी एनडीए अरविंद पटेल के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने फॉरेंसिक टीम बुलाकर गहन छानबीन की और महिला का शव कब्जे में लेकर पंचायत नामा करने के उपरांत पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया।

# हनुमानगढ़ी से राम मंदिर के बीच आवागमन का मार्ग होगा सुगम

## 15 तक पूरा हो जाएगा सुग्रीव पथ, अयोध्या में लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाया जा रहा 290 मीटर लम्बा कॉरिडोर

**जन एक्सप्रेस | अयोध्या**

रामलला के दर्शन के लिए आने वाली लाखों की भीड़ को देखते हुए योगी सरकार द्वारा रामलला के मंदिर तक एक नया पथ बनकर लगभग तैयार हो गया है। सुग्रीव पथ कॉरिडोर की लंबाई 290 मीटर है। यह हनुमानगढ़ी और राम मंदिर परिसर के बीच भक्तों के आवागमन के लिए एक आयताकार सर्किट के रूप में बनकर तैयार हैं। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद से प्रतिदिन लगभग दो से ढाई लाख श्रद्धालु दर्शन करने आते हैं, जिससे आए दिन जाम की समस्या सामने आ रही है। इसे देखते हुए योगी सरकार ने अयोध्या में सुग्रीव पथ नाम से एक नए कॉरिडोर के निर्माण पर कार्य करना प्रारंभ कर दिया था, जो अब श्रद्धालुओं के लिए पूर्ण रूप से बनकर तैयार होने वाला है।



### कॉरिडोर निर्माण पर 11.81 करोड़ की लागत

अयोध्या में हनुमानगढ़ी मंदिर से रामजन्मभूमि मंदिर तक बनने वाले सुग्रीव पथ पर लगभग 11.81 करोड़ की लागत आई है, जिसमें से 5.1 करोड़ का उपयोग भूमि अधिग्रहण के लिए किया गया है। कॉरिडोर की चौड़ाई लगभग 17 मीटर है। पथ के पांच मीटर दोनों तरफ पैदल मार्ग के विकास के लिए इस्तेमाल होगा। श्रीराम हॉस्पिटल के बगल से जाकर सुग्रीव किला के पास जो पर्यटक श्रद्धालु आएंगे वह राम जन्मभूमि दर्शन करने के बाद सीधे सुग्रीव पथ के रास्ते से रामपथ पर बाहर निकलेंगे।

### लोक निर्माण विभाग कर रहा सुग्रीव पथ का निर्माण

अयोध्या में बन रहे सुग्रीव पथ के निर्माण के लिए कार्यदायी संस्था के रूप में लोक निर्माण विभाग को जिम्मेदारी दी गई थी। लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियन्ता एसबी सिंह ने बताया कि भूमिअधिग्रहण, ध्वस्तीकरण, सीवर का कार्य, यूटिलिटी डक्ट, ड्रेन, वाटर पाइप लाइन, डीएलसी, पीक्यूसी,मिट्टी डालने का कार्य पूर्ण कर लिया गया हैं। आरसीसी सहित अन्य सभी कार्य 15 जुलाई 2024 तक पूर्ण कर लिए जाएंगे।


## करंट की चपेट में आने से 51 वर्षीय किसान की मौत

**जन एक्सप्रेस | अयोध्या**

एलटी लाइन के विद्युत पोल के तार से पेड़ के सहारे खेत की बाड़ के तार में उतरे करंट की चपेट में आने से 51 वर्षीय किसान की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया है। घटना हैदरगंज थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत भैरोपुर टिकरा के मजरे फरैया मिश्र का पुरवा की है। यहां के निवासी रामानंद यादव उर्फ पांचू पुत्र मंगरु रविवार की भोर में अपने ट्यूबवेल के पास खेत में आम के पेड़ के नीचे आम का फल बीनने जा रहा था। वहीं खेत की फसल को जानवरों से बचाने के लिए लगाए गए बाड़ के तार की चपेट में आ गया। जिसमें विद्युत करंट प्रवाहित हो रहा था। जिसके चलते उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक की पत्नी कमला देवी और पुत्र सोनू यादव रोजी-रोटी के सिलसिले में परदेस में हैं। प्रभारी निरीक्षक मो अरशद ने बताया शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवा दिया। तहरीर मिलते ही उचित वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। परिजनों को सूचना दी गई है।

## माटीकला के इच्छुक शिल्पकारी प्रशिक्षण हेतु करें ऑनलाइन आवेदन

**जन एक्सप्रेस | अमेठी**



जिला ग्रामोद्योग अधिकारी महेन्द्र कुमार मिश्र ने बताया कि उप्र माटीकला बोर्ड, लखनऊ द्वारा संचालित पन्द्रह दिवसीय माटीकला शिल्पकारी प्रशिक्षण हेतु परम्परागत माटीकला के कामगार एवं माटीकला में रूचि रखने वाले बीस लाभार्थियों के चयन हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। यह प्रशिक्षण मण्डलीय ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केन्द्र, खन्ना मिल कम्पाउण्ड डालीगंज लखनऊ में प्रदान किया जायेगा। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षण केन्द्र पर रहने व खाने की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी।प्रशिक्षण के पूरा होने के उपरान्त प्रत्येक प्रशिक्षणार्थियों को रुपए 250 प्रति दिन के दर से कुल रुपए 3750 मानदेय दिया जायेगा। योजना में आवेदन करने की अन्तिम तिथि पच्चीस जुलाई रखी गई है। इच्छुक आवेदक योजना के ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि योजना में आवेदन करने हेतु आधार कार्ड, बैंक पासबुक, शैक्षिक योग्यता, जाति प्रमाण पत्र आरक्षित वर्ग के लिए,राशनकार्ड,परिवार रजिस्टर की नकल व पासपोर्ट साइज फोटो होना अनिवार्य है। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि ऑनलाइन आवेदन करने के उपरान्त आवेदक अपना आवेदन पत्र समस्त आवश्यक प्रपत्रों के साथ किसी भी कार्य दिवस में जनपद के जिला ग्रामोद्योग कार्यालय सैंठा रोड गौरीगंज में जमा कर सकते हैं तथा योजना से सम्बन्धित जानकारी हेतु जिला ग्रामोद्योग अधिकारी अमेठी मो.नं.7408410787 एवं औद्योगिक सहायक निरीक्षक खा.ग्रा.बो के मो.नं. 9170433799 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

## वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. शशिकांत शर्मा ने हेमू कालाणी पार्क, संत गाडगे पार्क एवं गौतम बुद्ध पार्क के सौंदर्यीकरण में दिया अपना योगदान

**जन एक्सप्रेस | रायबरेली**



वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. शशिकांत शर्मा संस्थापक प्रबन्धक न्यू स्टैंडर्ड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स ने अमर शहीद हेमू कालाणी पार्क, संत गाडगे पार्क एवं गौतम बुद्ध पार्क के सौंदर्यीकरण के लिए नगर पालिका अध्यक्ष एवं अधिशासी अभियंता नगर पालिका से समन्वय स्थापित कर उस पर अपना योगदान दिया। एक समाजसेवी की भूमिका निभाते हुए पार्कों को सुन्दर रूप देने के लिए उनके आसपास प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था हेतु कलर लाईट लगवाईं। आपको बताते चलें कि कुछ दिनों पहले डॉ. षर्मा जी ने रायबरेली के प्रत्येक वार्ड को हरा-भरा बनाने के लिए पेड़-पौधे लगाने का भी बीड़ा उठाया था और इस कार्य की पूर्ति हेतु उन्होंने प्रत्येक वार्ड को 50-50 पौधे उपलब्ध कराने के साथ-साथ उनकी सुरक्षा के लिए 10-10 ट्री-गार्ड भी उपलब्ध कराये थे। अब एक बार पुनः पर्यावरण की सुरक्षा, शुद्धता एवं प्रकाश के प्रति ध्यान देते हुए पार्कों की स्थिति को सही करने की अहम् भूमिका निभाई तथा शहर को स्वच्छ एवं सुंदर रायबरेली बनाने के लिए जो भी आवश्यकता होगी उसके लिए हर सम्भव मदद का संकल्प लिया।
उक्त अवसर पर उनके साथ नगर पालिका अध्यक्ष सत्रोहन सोनकर, ईओ नगर पालिका स्वर्ण सिंह, राजीव सिंह, तारकेश्वर सिंह, नितिन सिंह एवं अन्य सहयोगी साथी उपस्थित रहे।

### ताजिया दरान कमेटी की वार्षिक बैठक संपन्न

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** रात 9ः बजे राठ हवेली के फैयाज साहब मस्जिद में ताजिया दरान कमेटी की वार्षिक बैठक संपन्न हुई जिसमें कन्वीनर अशफाक हुसैन जिया ने बैठक की अध्यक्षता कर रहे मिर्जा सादिक हुसैन के आज्ञा से पुरानी कमेटी को भंग किया और नई कमेटी के लिए चयन किया गया है अशफाक हुसैन जिया की ओर से यह कहा गया कि कि अगर किसी को इस कमेटी में कोई पद जिम्मेदारी चाहिए हो तो बताए पर कोई सामने नहीं आया और पुरानी ही कमेटी को दोबारा रिपीट किया गया है कमेटी में कुछ नए सदस्य शामिल हुए हैं कमेटी का एक बार फिर से हैदर मेहंदी एडवोकेट को अध्यक्ष और सचिव के लिए मोनू मिर्जा उपसचिव सैफी कमर एडवोकेट तथा कन्वीनर अशफाक हुसैन जिया का नाम सामने आया सभी ने एक तरफ से उनके नाम पर मोहर लगा दी बैठक में मिर्जा सादिक हुसैन पार्षद सलमान हैदर मौलाना जफर अब्बास तहा आब्दी सैयद परवेज हुसैन बिलाल अब्बास जमाल जाकिर हुसैन नजमी शाहिद सैकड़ो की संख्या में लोग शामिल रहे।

## सीएम से मुलाकात के दौरान पूर्व विधायक ने की मिल्कीपुर के विकास पर चर्चा

**जन एक्सप्रेस | अयोध्या**



मिल्कीपुर विधानसभा के पूर्व विधायक गोरखनाथ बाबा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर मुलाकात किया। मुलाकात के दौरान उन्होंने मिल्कीपुर विधानसभा में चल रही विकास की योजनाओं के बारें में विस्तृत जानकारी दी। मिल्कीपुर के विभिन्न क्षेत्रों में गोवंशों की समस्याओं से उन्होंने मुख्यमंत्री को अवगत कराया। पूर्व विधायक बाबा गोरखनाथ ने बताया कि गोवंशों की समस्याओं का शीघ्र निराकरण कराये जाने का आश्वासन मुख्यमंत्री ने दिया। मिल्कीपुर में शीघ्र ही दो नए विद्युत उपकेन्द्र की स्वीकृति कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि मुलाकात के दौरान विभिन्न राजनीतिक, समाजिक व विकास सम्बंध पर चर्चा हुई। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने अयोध्या की आध्यात्मिक छवि को पूरे विश्व में चमकाने की दिशा में कार्य करने के लिए कहा।

## राम पथ के निर्माण में हुई लापरवाही का मुद्दा उठाऊंगा संसद में : सांसद अवधेश प्रसाद



**जन एक्सप्रेस | अयोध्या**

रामपथ निरीक्षण करने के बाद शहर के होटल में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा राम पथ के निर्माण में हुई लापरवाही का मुद्दा उठाऊंगा संसद में, उच्च स्तरीय जांच होने पर ही राम पथ के निर्माण में हुई लापरवाही आएगी सामने, भगवान राम के नाम पर बना है राम पथ, इसकी समीक्षा हर 15 दिन पर हो रही थी फिर भी जगह-जगह गड्ढे हो गए, जांच होने पर ही दूध का दूध और पानी का पानी होगा एक सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि अखिलेश यादव से जितेंद्र सिंह बबलू की मुलाकात केवल शिष्टाचार मुलाकात,लोकसभा में डिप्टी स्पीकर बनने की अटकलों पर कहा अगर ऐसा हुआ तो भी मैं रहूंगा जनता के बीच में ही मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव में बनेगा इतिहास, रिकॉर्ड मतों से जीतेगी सपा।प्रेसवार्ता के दौरान जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव, पूर्व विधायक जयशंकर पांडेय महिला जिलाध्यक्ष सरोज यादव बलराम यादव सहित अन्य सपा नेता मौजूद रहे।

## जिले के सभी बूथों पर पार्टी पदाधिकारी व कार्यकताओं के द्वारा सुनी गई मन की बात

**जन एक्सप्रेस | अयोध्या**



प्रधानमंत्री की मन की बात महानगर तथा जिले के सभी बूथों पर पार्टी पदाधिकारी व कार्यकताओं के द्वारा सुनी गई। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता विधानसभा कैम्प कार्यालय, जिपंअ रोली सिंह ने सरायरासी आवास पर, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, वासुदेव मौर्य सहादतगंज पार्टी कार्यालय, महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने मणिरामदास जी की छावनी, पूर्व सांसद लल्लू सिंह सहादतगंज स्थित आवास, प्रथम महापौर ऋषिकेश उपाध्याय विद्याकुंड , जिलाध्यक्ष हैरिंगटनगंज मंडल के पलिया लोहानी ने प्रधानमंत्री की मन की बात सुनी। इस दौरान बूथों पर पौधरोपण भी किया गया।
पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि अन्त्योदय के उद्देश्य को साकार करने और समाज के अंतिम छोर पर बैठ व्यक्ति को सरकार की योजनाओं व पहल का लाभ मिला है यह सब पीएम मोदी की दूरदर्शी नीतियों के कारण सम्भव हुआ है।
जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार बनने से देश की विकास को और गति मिलेगी।
महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि नयापन स्वीकार करने का सामर्थ्य होना चाहिए। उसमें प्रगतिशील मानसिकता भी होनी चाहिए। बिना भेदभाव सभी के कल्याण का भाव होना चाहिए। इन सभी के साथ सरकार ने सभी वर्गों के उत्थान की दिशा में कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से काम किया है।
विधायक वेद गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश लगातार विकास की ओर अग्रसर हो रहा है। सरकार के मूल में लोक कल्याण की भावना निहित है।
महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा देश हित के अभियानों को गति प्रदान करने के साथ राष्ट्र व समाज के हित में अच्छा कार्य कर रहे लोगों से सीधे संवाद कर प्रधानमंत्री ने उनका उत्साह वर्धन किया है।
पूर्व महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा, अवधेश पांडे बादल, शैलेंद्र कोरी, तिलक राम मौर्य, परमानंद मिश्रा, अरविंद सिंह, संजय निषाद, शकुंतला गौतम, कमला शंकर पांडे, जिपं सदस्य इंद्रभान सिंह, कृष्ण कुमार पांडे खुन्नू, सुनील तिवारी शास्त्री, राम मोहन भारती, राधेश्याम त्यागी ने भी अपने बूथों पर प्रधानमंत्री की मन की बात सुनी।

## अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की कार्यकारिणी और सदस्यों की मासिक बैठक संपन्न

**जन एक्सप्रेस | अयोध्याधाम**

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की हर माह होने वाली बैठक श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के प्रतीक्षालय में स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के ट्रस्टी डॉक्टर अनिल मिश्रा रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में परिषद के अयोध्या के संरक्षक कैप्टन जेपी द्विवेदी रहे एवं बैठक की अध्यक्षता अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के जिला अध्यक्ष श्री प्रकाश पाठक ने की। बैठक की शुरुआत सर्वप्रथम संगठन मंत्र से हुई तत्पश्चात संचालक सूबेदार मेजर बीके द्विवेदी ने मुख्य अतिथि का सम्मान करने के लिए कैप्टन के के तिवारी सूबेदार मेजर बालेन्दु भूषण मिश्र को आमंत्रित किया जिन्होंने अंग वस्त्र देकर के डॉक्टर अनिल मिश्रा का स्वागत किया इसके पश्चात कैप्टन जेपी द्विवेदी ने अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की कार्य पद्धति और संगठन के मुख्य बिंदुओं की चर्चा की कैप्टन के के तिवारी जो कि संगठन के सचिव भी हैं ने भूतपूर्व सैनिकों के अनुशासन और अनेक बिंदुओं पर चर्चा की मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में संगठन की कार्यप्रणाली की चर्चा करते हुए सभी हिंदुओं को सहोदर बताया और कहा की राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और उसके अनुसांगिक संगठन सदैव अपनी मातृभूमि के प्रति समर्पण सेवा और सहयोग के भाव से तत्पर रहते हैं संगठन के अनुषांगिक संगठन चाहे वह बनवासी कल्याण आश्रम हो अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद हो स्वदेशी जागरण मंच रहा हो या राजनीतिक मंच भारतीय जनता पार्टी हो सबका उद्देश्य ध्येय निष्ठा के साथ देश की सेवा और राष्ट्र के लिए समर्पित भाव से काम करना है सब हिंदू एकत्रित हूं सब अपनी मातृभूमि के लिए कार्य करें देश राष्ट्र और समाज प्रथम हो हम सबका ऐसा उद्देश्य होना चाहिए डॉ अनिल मिश्रा ने आगे बोलते हुए कहा श्री राम मंदिर में आने वाला हर दर्शनार्थी यहां से सुरक्षा का भाव लेकर संरक्षण का भाव लेकर और यहां की महिमा का गुणगान करता हुआ जाए।

## कृषि विश्वविद्यालय प्रशासन ने लिया यू टर्न, 8 छात्रों के विरुद्ध हुई कार्यवाही वापस

**जन एक्सप्रेस | मिल्कीपुर-अयोध्या**

आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में अध्यनरत आठ छात्र-छात्राओं के खिलाफ विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा की गई दंडात्मक कार्यवाही को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के आंदोलन के आगे आखिरकार विश्वविद्यालय प्रशासन को मुंह की खानी पड़ गई है। नाराज एवं आक्रोशित छात्रों के तेवर देख विश्वविद्यालय प्रशासन ने आखिरकार यू टर्न ले लिया है। जिसके क्रम में छात्रों के विरुद्ध विश्वविद्यालय एवं छात्रावास से निष्कासन सहित अन्य कार्यवाही को समाप्त करते हुए उन्हें चेतावनी देकर विश्वविद्यालय प्रशासन ने समूचे प्रकरण पर विराम लगा दिया गया है। बता दें कि बीते 13 मई को एमएससी तृतीय वर्ष के छात्र यशपाल सिंह यादव का शव सरयू छात्रावास स्थित उसके कमरे में छत से लटका मिला था। इसके बाद छात्रों ने विश्वविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर व छात्र के गाइड डॉ विशुद्धानंद के खिलाफ उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए विश्वविद्यालय में जमकर प्रदर्शन किया था।
छात्रों के प्रदर्शन से खार खाए विश्वविद्यालय प्रशासन ने आठ छात्र छात्रों के खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही करते हुए उन्हें छात्रावास सहित विश्वविद्यालय से निष्कासित किए जाने का आदेश दे दिया था। इसके बाद छात्र-छात्राओं का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया था। कार्यवाही के शिकार छात्र-छात्राओं के समर्थन में एबीवीपी संगठन उतर आया था, और कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित खरीफ उत्पादकता गोष्ठी के उद्घाटन में पहुंचे प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही के समक्ष जमकर हंगामा काटा था। उधर दो दिन पूर्व एबीवीपी के प्रदेश पदाधिकारियों ने प्रेस वार्ता कर छात्रों के विरुद्ध की गई कार्यवाही वापस न लिए जाने पर आंदोलन की चेतावनी दे दी थी। इसके बाद विश्वविद्यालय प्रशासन के हाथ पांव फूल गए और उन्होंने बीते 29 जून को शाम 4ः00 बजे विश्वविद्यालय के विद्वत परिषद की आपात बैठक बुला ली थी। बैठक में कार्यवाही की जद में आए 7 छात्र छात्राओं विकास चौधरी, अश्वनी वर्मा, पंकज यादव, हर्षवर्धन सिंह, कामरान आजम, कु रंजना एवं कु सिदरा किदवई को भविष्य में पुनरावृत्ति न किए जाने की कड़ी चेतावनी दी गई है।

# श्रद्धालुओं व अयोध्यावासियों को हर सुविधा देने के लिए तैयार है नगर निगम : महापौर गिरीश पति त्रिपाठी

**जन एक्सप्रेस | अयोध्या**



महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने नगर निगम के अधिकारियों के साथ अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन के अगल-बगल के इलाकों में जलभराव की स्थिति का निरीक्षण किया। श्री राम चिकित्सालय में पिछली दीवाल के गिर जाने के कारण पूरे चिकित्सालय में कीचड़ की स्थिति को भी देखा। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को तत्काल इसके समाधान के लिए निर्देशित किया जिससे मरीजों को दिक्कत का सामना न करना पड़े। महापौर ने अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन के बगल जलवानपुरा मोहल्ले में के जलभराव को देखा। यहां के जलभराव के समाधान के लिए लगे पम्पों से त्वरित गति से पानी निकालने का निर्देश दिया।
महापौर ने बताया कि जलवानपुरा लो लैंड है। जहां विगत कई वर्षों से जलभराव की स्थिति रहती है। पानी निकालने के लिए 4 पंप लगाए गए है। जिसमें 2 मॅड पम्प, 1 इलेक्टिक पम्प तथा एक डिलेवरी पम्प लगा कर जल निकासी की जा रही है। लगभग एक सप्ताह में यहां जलभराव का स्थाई समाधान हो जाएगा। उन्होंने कहा श्री राम चिकित्सालय समेत जहां-जहां जलभराव की स्थिति है। वहां जल निकासी की व्यवस्था कर ली गयी है। अयोध्या वासी और श्रद्धालुओं को हर प्रकार की सुविधा देने के लिए नगर निगम तैयार है। आमजन को कोई भी असुविधा नही होनें दी जाएगी।
इस दौरान पार्षद अनुज दास, अभय श्रीवास्तव, अंकित त्रिपाठी, अनिकेत यादव विनय जायसवाल, रिशु पाण्डेय, अपर नगर आयुक्त शशि भूषण राय, अधिशाषी अभियंता, अवर अभियंता सहित नगर निगम के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# यूपी में लागू होंगे तीन नए कानून, पुलिस ने पूरी की तैयारी, मुयालय स्तर पर बनी समन्वय समिति

**डीजीपी मुख्यालय ने इन कानूनों के प्रभावी होने से पहले अपनी तकनीकी सेवाओं को भी अपग्रेड किया है। मुख्यालय स्तर पर नोडल अधिकारी नामित कर समन्वय समिति भी बनाई गई है। ये सभी नए कानूनों की व्यावहारिक कठिनाइयों का समाधान कराएंगे।**




**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

केंद्र सरकार के तीन नए कानून सोमवार से प्रदेश में भी लागू हो जाएंगे। डीजीपी प्रशांत कुमार के निर्देशन में प्रदेश पुलिस ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। सभी पुलिसकर्मियों को डीजीपी मुख्यालय ने एक बुकलेट भी दी है जिससे वे नए प्रावधानों के मुताबिक विधिक कार्रवाई कर सकें। डीजीपी मुख्यालय ने इन कानूनों के प्रभावी होने से पहले अपनी तकनीकी सेवाओं को भी अपग्रेड किया है। मुख्यालय स्तर पर नोडल अधिकारी नामित कर समन्वय समिति भी बनाई गई है। ये सभी नए कानूनों की व्यावहारिक कठिनाइयों का समाधान कराएंगे। नए कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए थाना, सर्किल, कमिश्नरेट एवं जिला मुख्यालय, परिक्षेत्र एवं जोन स्तर पर भी समन्वय समितियां बनाई गई हैं। प्रदेश के सभी पुलिस थानों पर सोमवार को नए कानूनों के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए कार्यक्रम होंगे। इसमें क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों को आमंत्रित किया जाएगा। थाना प्रभारी आमंत्रित सदस्यों को विस्तार से नए कानूनों को बताएंगे। महिला पुलिस अधिकारी महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित अपराधों की जानकारी देंगी। अंत में राष्ट्रगान भी होगा। थाना क्षेत्र के प्रमुख स्थानों पर बैनर एवं पोस्टर भी लगाए जाएंगे और पम्फलेट का वितरण होगा। ध्वनि विस्तारक यंत्रों से भी प्रचार-प्रसार होगा। सोशल मीडिया से भी नए कानूनों का व्यापक प्रचार-प्रसार होगा।

इन कार्यक्रमों की फोटो और वीडियो को ई-फाइल में संरक्षित किया जाएगा। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो ( एनसीआरबी ) ने नए कानूनों के संबंध में मोबाइल एप 'एनसीआरबी संकलन ऑफ न्यू क्रिमिनल लॉ' लांच किया है। यह गूगल प्ले स्टोर और एप्पल प्ले स्टोर पर उपलब्ध है। एप सभी के लिए उपयोगी है। यह नए कानूनों के सभी अध्यायों और धाराओं को जोड़ने वाला एक सूचकांक देता है। इसे ऑफलाइन भी चलाया जा सकता है

## उतर प्रदेश में शिक्षकों की 19 जुलाई तक पूरी होगी तबादले की प्रक्रिया

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

बेसिक शिक्षा परिषद ने संचालित प्राइमरी और जूनियर विद्यालयों में तैनात शिक्षकों के जिले के अंदर तबादले और समायोजन के दिशा-निर्देश जारी किए हैं। 19 जुलाई तक शिक्षकों के तबादला-समायोजन की प्रक्रिया को हर हाल में पूरा करना होगा। बेसिक शिक्षा परिषद सचिव सुरेंद्र कुमार तिवारी ने बेसिक शिक्षा अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि जहां शिक्षकों की संख्या ज्यादा है, वहां से कम संख्या वाले विद्यालयों में समायोजित किए जाएंगे।शिक्षक समायोजन के लिए अधिकतम 25 विद्यालयों का विकल्प दे सकेंगे। जिले में समायोजन के लिए डीएम की अध्यक्षता में समिति होगी जिसके उपाध्यक्ष सीडीओ, डायट प्राचार्य, वित्त और लेखाधिकारी बेसिक और बीएसए सदस्य होंगे। करीब 50 हजार शिक्षकों का ट्रांसफर होगा। विद्यालयों की आवश्यकता के आधार पर शिक्षकों का समायोजन होगा। अधिक शिक्षक वाले विद्यालयों में शिक्षकों की जिले कीनियुक्ति की तारीख के आधार पर जूनियर टीचर को अधिक मानते हुए उन्हें चिन्हित किया जाएगा। एक ही विषय के दो शिक्षक होने पर जूनियर टीचर का समायोजन किया जाएगा।जिन विद्यालयों में शिक्षकों की आवश्यकता ज्यादा होगी, वहां खाली पदों की सूची जारी होगी। ऑनलाइन आवेदन पत्रों का सत्यापन जिला स्तरीय समिति भी करेगी। बाकी प्रक्रिया एनआईसी के माध्यम से की जाएगी।बेसिक शिक्षा परिषद सचिव की तरफ से जारी किए गए, शेड्यूल में 2 जुलाई से इस प्रक्रिया की शुरुआत होगी। पहले दिन 2 जुलाई तक अधिक अध्यापक संख्या वाले विद्यालयों और अध्यापक की आवश्यकता वाले विद्यालयों की पहचान किया जाना है।इसके बाद 5 जुलाई तक अधिक अध्यापक संख्या वाले चिन्हित विद्यालयों में जरुरत के आधार पर शिक्षक एवं शिक्षिका को चिन्हित कर आवश्यकता वाले विद्यालय में शिक्षक एवं शिक्षिका की आवश्यकता की सूची तैयार की जाएगी।फिर 10 जुलाई तक, शिक्षक और शिक्षिकाओं द्वारा सम्बन्धित जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में आपत्ति प्रस्तुत कर, समिति के माध्यम से आपत्ति का निस्तारण किया जाएगा।11 जुलाई तक आवश्यकता से अधिक अध्यापक वाले विद्यालयों में चिन्हित अध्यापकों से 25 आवश्यकता वाले विद्यालयों का विकल्प ऑनलाइन प्राप्त किया जाएगा। फिर 13 जुलाई तक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों द्वारा प्राप्त ऑनलाइन आवेदनों को ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से वेरीफाई किया जाएगा।15 जुलाई तक राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र की ओर से आवश्यकता से अधिक अध्यापक वाले विद्यालयों में चिन्हित अध्यापकों से प्राप्त विकल्प के आधार पर अन्तःजनपदीय स्थानान्तरण की सूची प्रदर्शित की जाएगी।

## फास्ट फॉरवर्ड

### एमएलसी चुनाव : बीजेपी और सपा दोनों के पत्ते बंद

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** लोकसभा चुनाव के बाद समाजवादी पार्टी के हौसले बुलंद हो गए हैं। सपा यूपी विधानसभा उपचुनाव में मजबूती से चुनाव लड़ने का दावा कर रही है। इससे पहले एमएलसी चुनाव की एक सीट को लेकर हलचल है। ये सीट सपा से एमएलसी रहे स्वामी प्रसाद मौर्य के इस्तीफे के बाद खाली हो गई थी लेकिन सपा इस चुनाव में रूचि नहीं ले रही है।सूत्रों के मुताबिक सपा इस चुनाव में अपना प्रत्याशी नहीं उतारेगी। विधानपरिषद में स्वामी प्रसाद मौर्य के इस्तीफे के बाद खाली हुई एमएलसी सीट पर जल्द ही उपचुनाव होना है जिसके लिए दो जुलाई तक नामांकन होना है लेकिन सपा की ओर से इस चुनाव उपचुनाव को लेकर अभी तक कोई नाम सामने नहीं आया। सपा इस उपुचनाव से अलग रहेगी। आखिरी फैसला अखिलेश यादव को लेना है। उनकी तरफ से कोई निर्णय नहीं लिया गया है।समाजवादी पार्टी ने विधायकों के संख्या बल को देखते हुए उपचुनाव में न उतरने का फैसला किया है।सपा के पास अपने उम्मीदवार को जिताने के लिए संख्या नहीं। संख्या के हिसाब से बीजेपी की जीत तय मानी जा रही। सपा हारी बाजी पर दांव लगाना नहीं चाहती है। बीजेपी ने भी पत्ते नहीं खोले हैं। विधानपरिषद उपचुनाव के लिए नामांकन की आखिरी तारीख 2 जुलाई हैं, जिसके लिए 12 जुलाई को सुबह 9 बजे से 4 बजे तक वोटिंग होनी है। शाम पांच बजे वोटों को गिनती होगी, जिसके बाद नतीजों का एलान होगा। सीट विधानसभा कोटे की हैं। विधायकों की संख्याबल के हिसाब से जीत तय होगी। बीजेपी के पास ज्यादा विधायक है। उनकी जीत तय मानी जा रहे। स्वामी प्रसाद मौर्य ने लोकसभा चुनाव से पहले सपा पर अनदेखी का आरोप लगाते हुए पार्टी से इस्तीफा दे दिया था, एमएलसी पद से भी त्यागपत्र दिया था। उनका कार्यकाल 6 जुलाई 2028 तक था।

### संदिग्ध परिस्थितियों में डिलेवरी बॉय की मौत, परिजनों ने चुपचाप किया अंतिम संस्कार

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। जानकारी मिलते ही पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। घटना मानक नगर थाना के मेहंदी खेड़ा गांव की है। मृतक का नाम दीपक श्रीवास्तव (26) पुत्र राजेंद्र श्रीवास्तव बताया जा रहा है। दीपक डिलीवरी बॉय का काम करता था। घटना 27 जून की है, लेकिन पुलिस को किसी तरह की जानकारी नहीं दी गई। स्थानीय लोगों ने दीपक की मौत की जानकारी हुई तो पुलिस उसके घर पहुंची। मृतक के पिता से बातचीत करने पर पता चला कि बारिश के दौरान बिजली के खम्बे से करंट उतरा था। करंट की चपेट में आने से दीपक बेहोश हो गया। उसे रानी लक्ष्मी बाई अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे लोक बंधु अस्पताल रेफर कर दिया। यहां पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बाद में परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया। मानक नगर थाना प्रभारी अजीत कुमार ने बताया की सोशल मीडिया से घटना की जानकारी हुई है। घटना के बारे में पता चला की युवक की मौत के बाद परिजनों ने पुलिस को जानकारी दिए बिना अंतिम संस्कार कर दिया था। इस वजह से शव का पोस्टमार्टम भी नहीं हो सका। फिलहाल पारिजनों से कोई तहरीर नहीं मिली है।

### थाने में आत्मदाह की कोशिश, माचिस जलाते ही पुलिस ने पकड़ा

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में एक 24 वर्षीय युवक ने थाने में ही आग लगाकर जान देने की कोशिश की। पुलिसकर्मियों के सामने ही युवक ने बोतल से पेट्रोल निकालकर छिड़का और आग लगाने का प्रयास करने लगा। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने उसे रोक लिया और हादसा होने से बच गया। घटना चिनहट थाना क्षेत्र की है। जानकारी के मुताबिक युवक का नाम सौरभ है, जो पुलिस की कार्रवाई न होने से परेशान है। सौरभ के परिवार वालों ने बताया कि पिछले कई महीनों से चिनहट थाने और पुलिस चौकी के चक्कर काट रहा है। दरअसल, उसने जो जमीन खरीदी है, उस पर राजेंद्र प्रसाद और जगदीश यादव नाम के लोगों ने कब्जा कर लिया है। इस मामले में लेखपाल से भी शिकायत की गई लेकिन कोई मदद नहीं मिली। इसके बाद पुलिस से शिकायत की गई और लगातार चौकी-थाने का चक्कर लगाने के बाद भी उसकी समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। इसी से परेशान होकर सौरभ ने थाने में ही आत्मदाह करने की कोशिश की है। वहीं, पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। हालांकि यह सवाल उठ रहा है कि आखिर पुलिस पीड़ित की सुनवाई करने में देर क्यों कर रही है।

### कांग्रेस संगठन में बदलाव की तैयारी, युवा, पिछड़ों, दलितों एवं अल्पसंख्यकों की बढ़ेगी भागीदारी

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने बताया कि संगठन में काम करने वालों की जरूरत है। लोकसभा चुनाव के बाद कांग्रेस में नए सिरे से बदलाव की तैयारी शुरू हो गई है। पार्टी संगठन में सक्रिय युवाओं के साथ ही पिछड़ों, दलितों एवं अल्पसंख्यकों की भागीदारी बढ़ाएगी। कई जिलों के जिलाध्यक्ष व अन्य पदाधिकारी भी बदले जाएंगे। चुनाव परिणाम से उत्साहित प्रदेश नेतृत्व जनता से जुड़े मुद्दों को लेकर निरंतर अभियान चलाएगा। पार्टी की रणनीति है कि संसद में जिन मुद्दों को उठाया जाए, उसको लेकर सड़क पर भी आंदोलन हो। इस रणनीति से वह प्रदेश में विपक्ष की सक्रिय भूमिका निभाना चाहती है। इसके लिए पार्टी की नजर ऐसे युवाओं पर है जो लगातार जनहित के मुद्दों को लेकर आंदोलन चला सकें। इसी रणनीति के तहत पार्टी के कई जिलाध्यक्षों को बदलने की तैयारी है। अंबेडकरनगर के जिलाध्यक्ष को पिछले दिनों पार्टी विरोधी गतिविधियों में निष्कासित किया जा चुका है। ऐसे ही कई अन्य जिलाध्यक्ष निशाने पर हैं। इन पर जिलों में आपसी गुटबाजी बढ़ाने के आरोप हैं।

## नाबालिग बेटी का मां ने मुस्लिम युवक से कराया विवाह, बच्ची को जन्म देने के बाद मौत

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**




नाबालिग के चाचा को भतीजी की मौत की खबर लगी तो उसके पैरों तले से जमीन खिसक गयी जिसके बाद उसने बीते शुक्रवार को एसीपी मोहनलालगंज से शिकायत कर बाल विवाह कराकर भतीजी को मौत के मुंह में धकेलने वाली भाभी व गैर समुदाय के युवक पर कड़ी कार्यवाही की मांग की। मोहनलालगंज क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली मां ने अपनी नाबालिग बेटी का धर्म परिवर्तन कर घर आने वाले मुस्लिम युवक के साथ जबरन विवाह कर दिया। कुछ ही महीनो में गर्भवती हुई किशोरी की एक सप्ताह पहले नवजात बच्ची को जन्म देने के बाद मौत हो गयी जिसके बाद युवक व मां ने गुपचुप तरीके से बेटी का अन्तिम संस्कार कर दिया। नाबालिग के चाचा को भतीजी की मौत की खबर लगी तो उसके पैरों तले से जमीन खिसक गयी जिसके बाद उसने बीते शुक्रवार को एसीपी मोहनलालगंज से शिकायत कर बाल विवाह कराकर भतीजी को मौत के मुंह में धकेलने वाली भाभी व गैर समुदाय के युवक पर कड़ी कार्यवाही की मांग की। जिस पर एसीपी राधा रमण सिंह ने मृतका की मां व युवक को नोटिस देकर तलब किया तो मां ने बेटी को बालिग बताते हुये मुस्लिम युवक से शादी कराने की बात बताई लेकिन मृतका बेटी के बालिग होने का कोई प्रमाण पुलिस को नहीं दे सकी। पुलिस ने निजी अस्पताल पहुंचकर वहां के दस्तावेज खगांले जहां पर युवक मुर्तजा अली निवासी खुजौली थाना मोहनलालगंज ने नाबालिग को अपनी पत्नी व उम्र 19 वर्ष बताते हुये सानिया नाम से भर्ती कराया था। वहीं चाचा ने जिस मुस्लिम युवक पर बाल विवाह करने का आरोप लगाया नोटिस देने के बाद भी वो पुलिस के सामने नही आया। उसके परिजनों ने एसीपी आफिस पहुंचकर अपना पक्ष रखा लेकिन नाबालिग की शादी से सम्बंधित कोई भी दस्तावेज आरोपी युवक के परिजन भी पुलिस को नहीं दिखा सके। एसीपी राधा रमण सिंह ने बताया कि मृतका के चाचा की शिकायत के बाद पूरे मामले की गहनता से जांच की गई ।

## पहुंचा मानसून, तीन से चार दिन तक भारी बारिश की चेतावनी

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

मानसून रविवार को पूरे प्रदेश में पहुंच गया। मौसम वैज्ञानिकों ने इसकी घोषणा करते हुए बताया कि जून के अंतिम दिन पूरे प्रदेश में सुबह साढ़े आठ बजे तक 63.3 मिमी बरसात रिकॉर्ड हुई। वहीं जून माह में पूरे प्रदेश में 45.3 मिमी बारिश दर्ज की गई। इसके साथ ही प्रदेश के कई हिस्सों में अगले तीन से चार दिन तक भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है।

आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुतबिक, बारिश का दौर अभी जारी रहेगा। कई इलाकों में भारी बारिश को लेकर ऑरेंज व येलो अलर्ट भी घोषित किया गया है। हरदोई, कानपुर, लखीमपुर खीरी, बलिया, प्रयागराज, झांसी, उरई, हमरीपुर, अलीगढ़, लखनऊ समेत प्रदेश के कई हिस्सों में अच्छी बरसात रिकॉर्ड हुई है।

**इन इलाकों में भारी बरसात की चेतावनी**

देवरिया, गोरखपुर, संतकबीरनगर, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुरखीरी, सहारनपुर, फिरोजा बाद, मैनपुरी, इटावा, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत और आसपास के इलाकों के लिए ऑरेंज अलर्ट है। आजमगढ़, मऊ, बस्ती, गोंडा, सीतापुर, फर्रुखाबाद, कन्नौज, बाराबंकी, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अंबेडकरनगर, गाजियाबाद, हापुड़, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर व आसपास के इलाकों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है।

## विधानसभा उपचुनाव : बिछने लगी सियासी बिसात

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

यूपी की 10 विधानसभा सीटों के लिए होने वाले विधानसभा उपचुनाव के लिए सियासी बिसात बिछने लगी है।अपना दल कमेरावादी ने सबसे पहले चुनावों के लिए बड़ा ऐलान किया है। अपना दल कमेरावादी की शीर्ष नेता एवं विधायक डॉ.पल्लवी पटेल ने प्रयागराज में पीडीएम यानि पिछड़ा-दलित-मुसलमान गठबंधन के घटक दलों की बैठक की और उपचुनाव के लिए एजेंडे का ऐलान कर दिया। बैठक में कई अहम फैसले लिए गए। अपना दल कमेरावादी, एआईएमआईएम और प्रगतिशील मानव समाज पार्टी भी बैठक में शामिल हुई।बैठक में तय किया गया कि यूपी उपचुनाव के सभी 10 सीटों पर पीडीएम की तरफ से प्रत्याशी उतारे जाएंगे। पल्लवी पटेल ने कहा, बीते लोकसभा चुनाव के दौरान 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए पीडीएमगठबंधन बना था। लोकसभा चुनाव की तीसरे चरण की प्रक्रिया शुरू होने के बाद बने पीडीएम ने 28 सीटों पर प्रत्याशी उतारे थे।अब पूरी तैयारी और दमखम के साथ यूपी उपचुनाव के सभी 10 सीटों पर प्रत्याशी उतारे जाएंगे।पीडीएम का फोकस अभी से आगामी पंचायत चुनाव और 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारी पर है। बैठक में प्रगतिशील मानव समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेमचंद्र बिंद, एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली, अपना दल कमेरावादी के राष्ट्रीय सचिव दिलीप पटेल, प्रदेश अध्यक्ष राम शीला पटेल, राष्ट्रीय सचिव लालचंद बिंद, अजय पटेल, गगन प्रकाश यादव, उमेश पटेल, प्रदेश अध्यक्ष राजेश पटेल, पूर्वांचल अध्यक्ष इसरार अहमद समेत सभी पार्टियों के पदाधिकारी मौजूद रहे।अपना दल कमेरावादी ने लोकसभा चुनाव में तीन सीटों पर चुनाव लड़ने का ऐलान किया था लेकिन बाद में उन्होंने घोषित उम्मीदवारों की लिस्ट वापस ले ली थी।अपना दल कमेरावादी ने यूपी की मिर्जापुर, फूलपुर और कौशांबी सीट पर चुनाव लड़ने का फैसला लिया था, लेकिन बाद में पार्टी ने अपना फैसला वापस ले लिया था।

## संगठित नंबर की बिना धारा 24 पैमाइश के रसूखदार मेन फ्रंट की जमीन पर करना चाहते हैं कब्जा



**स्थानीय बेलवा गांव के कई बुजुर्गों ने बताया कि राजेंद्र व लक्ष्मण के पिता के नाम हुआ था आवंटन कभी नहीं रहा कब्जा, गरीब मजबूर गुरदयाल की जमीन पर कैलाश व उमाशंकर द्वारा जबरन किया जा रहा कब्जा, जो गलत है**

**जन एक्सप्रेस । अभिमन्यु कुमार रावत**

**लखनऊ।** सरोजनी नगर तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत कठिंगरा के मजरा बेलवा में पीड़ित गुरदयाल पुत्र स्वर्गीय सकटू अपनी ही जमीन पर निर्माण नहीं कर पा रहा है, जिस पर वह पीढीयों से काबिज है। पीड़ित ने बताया कि पूर्व में खसरा संख्या 260मि. में मेरे सगे भाई स्वर्गीय रामचंद्र के नाम करीब 15 विश्वा, बाबू पुत्र स्वर्गीय लल्लू के नाम करीब आठ विश्वा, कैलाश के पिता स्वर्गीय टोड़ी व माता स्वर्गीय रामरती के नाम 18 विश्वा का आवंटन हुआ था जिस पर यह लोग पूर्व से लेकर आज तक काबिज हैं। वहीं राजेंद्र व लक्ष्मण पुत्रगण स्वर्गीय राम नारायण के नाम करीब छह विश्वा व रामदयाल पुत्र स्वर्गीय कल्लू के नाम करीब 15 विश्वा का आवंटन हुआ था जिस पर इन लोगों का कभी कब्जा नहीं रहा। स्थानीय बेलवा गांव के कई बुजुर्गों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि राजेंद्र व लक्ष्मण के पिता स्वर्गीय राम नारायण के नाम आवंटन हुआ था जिस पर इन लोगों का कभी कब्जा नहीं रहा और राजेंद्र ने बिना कब्जे की जमीन किसी दूसरे की दिखाकर उमाशंकर निवासी सकरा व कैलाश निवासी बेलवा को बेच दी और उमाशंकर व कैलाश द्वारा गुरदयाल के बने घर के सामने की जमीन पर हो रहे निर्माण को जबरन रूकवाकर कब्जा कर रहें हैं जो गलत है। जबकि गुरदयाल के सगे भतीजे के नाम खसरा संख्या 260मि. है जिसमें से करीब 700 स्क्वायर फीट खरीदी है ताकि मकान के सामने का सहन सही रहे। रही बात कब्जा करने वाले कैलाश की तो उसकी माता के नाम खसरा संख्या 260मि. में आवंटन हुआ था जिस पर कब्जा है और जो जमीन राजेंद्र से लिया है वह जमीन उनके कब्जे की जमीन पर भी तो निकल सकती है क्योंकि यह संगठित नंबर है।

## इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी की ब्रज की रसोई, सेवा, समर्पण और समता का अद्वितीय प्रयास

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**





इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी द्वारा संचालित ब्रज की रसोई लखनऊ के आशियाना क्षेत्र में प्रत्येक रविवार को समाज के निराश्रित, अकिंचन, विक्षिप्त, असहाय गरीबों व बच्चों को निःशुल्क पौष्टिक भोजन प्रदान करती है। यह पहल समाज के उन वर्गों के लिए एक राहत की किरण है, जिन्हें अक्सर अनदेखा कर दिया जाता है। इण्डियन हेल्पलाइन के संस्थापक विपिन शर्मा ने कहा ब्रज की रसोई का मुख्य उद्देश्य समाज के हाशिए पर रह रहे लोगों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना है। सोसाइटी का मानना है कि भोजन सिर्फ पेट भरने का साधन नहीं, बल्कि यह एक ऐसा माध्यम है जो समाज में समानता और सौहार्द को बढ़ावा देता है। उनके अनुसार, हर व्यक्ति को गरिमामय जीवन जीने का अधिकार है और इसका पहला कदम है, उनके लिए पौष्टिक और संतुलित भोजन सुनिश्चित करना। वरिष्ठ सदस्य सुनयना सिंह झा ने बताया प्रत्येक रविवार, सोसाइटी के स्वयंसेवक आशियाना के चिन्हित क्षेत्रों में जाकर जरूरतमंद लोगों को भोजन वितरित करते हैं। यह सेवा किसी एक स्थान तक सीमित नहीं है, बल्कि कई स्थानों में फैली हुई है। भोजन वितरण के दौरान स्वयंसेवक न केवल भोजन देते हैं, बल्कि लोगों की समस्याओं को भी सुनते हैं और उन्हें हर संभव मदद का भरोसा दिलाते हैं। संस्था के वरिष्ठ सदस्य राजीव पाण्डेय का कहना है कि ब्रज की रसोई में तैयार किए जाने वाले भोजन को विशेष रूप से पौष्टिक और संतुलित रखने का प्रयास किया जाता है। इसमें ताजे और स्वच्छ सामग्री का उपयोग किया जाता है ताकि लोगों व बच्चों को स्वास्थ्यवर्धक भोजन मिल सके। हर सप्ताह भोजन की मेनू में बदलाव भी किया जाता है, जिससे भोजन में विविधता और स्वाद बना रहे। इस पहल के तहत भोजन में प्रोटीन, विटामिन और अन्य आवश्यक पोषक तत्वों की मात्रा का विशेष ध्यान रखा जाता है। स्थानीय व्यापारियों, किसानों और अन्य दानदाताओं की मदद से यह सुनिश्चित किया जाता है कि भोजन की गुणवत्ता और मात्रा में कोई कमी न आए। इसके अतिरिक्त, कई युवा और सामुदायिक संगठनों के स्वयंसेवक भी इसमें सक्रिय रूप से भाग लेते हैं। संस्था के वरिष्ठ स्वयंसेवक देवांश रस्तोगी से हुई बातचीत में उन्होंने बताया इस सेवा के माध्यम से कई प्रेरणादायक कहानियाँ सामने आई हैं। कई लोग जो पहले निराश्रित और बेसहारा थे, अब समाज में सम्मानपूर्वक जीवन यापन कर रहे हैं। ब्रज की रसोई ने उन्हें न केवल भोजन, बल्कि एक नई उम्मीद और आत्मविश्वास दिया है।

एक वृद्ध महिला, जिनका परिवार उन्हें छोड़ चुका था, अब नियमित रूप से ब्रज की रसोई से भोजन प्राप्त करती हैं और उनका जीवन अब पहले से कहीं बेहतर है। विपिन शर्मा कहते है ब्रज की रसोई के माध्यम से, इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी ने यह साबित कर दिया है कि सेवा और समर्पण के साथ किए गए प्रयास कभी व्यर्थ नहीं जाते, और यह समाज को एक बेहतर और समानता पर आधारित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आज भोजन वितरण रतन खण्ड पानी टंकी, बिद्यालय व जोन 8 के सामने झुग्गियों में किया गया उसके उपरांत उपस्थित सभी लोगों ने समाज की भलाई के लिए और अधिक तत्परता से काम करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर बच्चों ने हर्षोल्लास के साथ पौस्टिक भोजन का आनंद लिया। आज के इस कार्यक्रम में शामिल प्रेम आनन्द श्रीवास्तव, सी. एच. तिवारी, देवांश रस्तोगी, नवीन कुमार, राजीव पाण्डेय, आकाश शर्मा, आदित्य दीक्षित, गगन शर्मा, रंजीत, विशु गौड़, सुनयना सिंह झा, लक्ष्मी मित्तल, अम्बिका मिश्रा सहित सभी समाजसेवियों का इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी के संस्थापक विपिन शर्मा ने आभार व्यक्त किया ।

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# अवैध धर्मांतरण : राष्ट्र को बर्बाद करने का मार्ग

**अपने धर्म को एकमात्र सच्चे धर्म के रूप में फैलाना। एक धर्मनिष्ठ ईसाई का मानना है कि अधिक से अधिक लोगों का धर्म परिवर्तन करके, वह उन्हें अनंत नरक से बचा रहा है। ईसाई धर्म के पास प्रभावी विपणन तंत्र है। गरीबी, झूठे आख्यान और ज्ञान की कमी गरीब हिंदुओं को ईसाई मिशनरियों को अपनी पारंपरिक मान्यताओं को छोडने के लिए प्रेरित करती है। ईसाई लगभग कुछ भी न करने के बदले में अनंत जीवन का सौदा करते हैं। जो हिंदू सनातन धर्म से परिचित नहीं हैं, उन्हें ईसाई धर्म अधिक तार्किक लगता है और वे तर्कों में आसानी से पराजित हो जाते हैं।**

*दुनिया मुस्लिम कट्टरपंथ के खिलाफ लड़ रही है, जिस पर तलवार की नोक पर धर्मांतरण करने का आरोप है। एक खामोश क्रांति चल रही है, जिसके बारे में हममें से कोई भी जानना नहीं चाहता। यह इतनी सहज और सुनियोजित है कि लोगों को इसका अंदाजा ही नहीं है और वे पूरी तरह संतुष्ट हैं। कई ईसाई मिशनरियाँ धर्मांतरण के उद्देश्य से अनुसूचित जाति और जनजातियों को निशाना बना रही हैं। इन मिशनरियों को प्रभावित करने वाला सबसे महत्वपूर्ण तत्व उनकी वित्तीय और सहायता प्रणाली है। दो से अधिक वर्षों से, कई ईसाई मिशनरियों ने सनातन धर्म को मिटाने और भारत में ईसाई धर्म को स्थापित करने की कोशिश की है। 19वीं सदी के मिशनरी और आज के मिशनरी के बीच एकमात्र अंतर यह है कि पहले वाले ने सार्वजनिक रूप से इसकी घोषणा की, जबकि बाद वाले स्पष्ट कारणों से चुप हैं। प्यू रिसर्च के अनुसार, अधिकांश भारतीय ईसाई (54प्रतिशत) कर्म में विश्वास करते हैं, जो ईसाई अवधारणा नहीं है। कई भारतीय ईसाई पुनर्जन्म (29प्रतिशत) और गंगा नदी की शुद्धिकरण शक्ति (32प्रतिशत) में भी विश्वास करते हैं, जो दोनों ही प्रमुख हिंदू सिद्धांत हैं। भारतीय ईसाइयों के लिए अन्य धर्मों से जुड़ी प्रथाओं का पालन करना भी लोकप्रिय है, जैसे दिवाली मनाना (31प्रतिशत), या माथे पर बिंदी लगाना (22प्रतिशत), जिसे आमतौर पर हिंदू, बौद्ध और जैन महिलाएं पहनती हैं। वे आधिकारिक तौर पर भारत की आबादी का केवल 2.5प्रतिशत हिस्सा हैं। दक्षिण भारत देश के लगभग आधे ईसाइयों का घर है, जबकि भारत के विरल आबादी वाले पूर्वोत्तर में ईसाई आबादी का एक बड़ा हिस्सा हैं, जहाँ अधिकांश ईसाई आदिवासी समुदायों के सदस्य हैं। यह विश्लेषण क्या कहता है। आधिकारिक संख्या और अध्ययनों के अनुसार, सभी धर्मांतरित लोगों में से आधे से अधिक हिंदू हैं। एक परेशान करने वाली और चिंताजनक सच्चाई यह है कि, इन औपचारिक धर्मांतरित लोगों के अलावा, कई एससी, एसटी और अन्य हाशिए पर पड़े गरीब लोग जो ईसाई धर्म में परिवर्तित हो गए हैं, उन्होंने आधिकारिक तौर पर अपना धर्म नहीं बदला है क्योंकि उन्हें डर है कि वे सरकारी लाभ खो देंगे, जिसका अर्थ है कि कुल धर्मांतरण बहुत अधिक है। धर्मांतरण कानूनी है, लेकिन यह जानबूझकर हिंदुओं, देवताओं और संस्कृति के प्रति घृणा पैदा करके किया जाता है। यह मानवता के साथ कैसे तालमेल बिठा सकता है? समाज के लिए सेवा निस्स्वार्थ होनी चाहिए, अन्यथा यह हमारे समाज के दुर्बलों की सेवा यानी भगवान की सेवा होने के झूठे विश्वास की आड़ में मानवता और सनातन संस्कृती को खत्म करने की एक और चाल है। धर्मांतरण का मुख्य लक्ष्य भारत पर शासन करने के लिए एक प्रॉक्सी के रूप में काम करना है। दुर्भाग्य से, संविधान में अभी भी इन धर्मांतरित हाशिए के ईसाइयों के लिए आरक्षण को खत्म करने का प्रावधान शामिल नहीं है। बहुसंख्यक धर्मांतरित लोग ईसाई कट्टरपंथियों की तरह काम करते हैं। उन्हें दूसरों को प्रेरित करना सिखाया जाता है। वे अपनी विवेकपूर्ण सोच कौशल खो चुके हैं और चाहते हैं कि दूसरे भी ऐसा ही करें। उनमें से कई मंदिर से मिठाई नहीं खाते, मंदिर परिसर में नहीं जाते, अपने घरों या कार्यस्थलों में भगवान की छवियों की उपस्थिति पसंद नहीं करते और त्योहारों पर दूसरों को बधाई नहीं देते। ईसाई विशेषज्ञ उन्हें बहुत अच्छे तरीके से धार्मिक शिक्षा देते हैं। ब्रेनवॉशिंग बहुत व्यवस्थित तरीके से किया जाता है। नए धर्मांतरित व्यक्ति शायद ही कभी धार्मिक कार्यक्रमों या रविवार की प्रार्थनाओं को छोड़ते हैं।*

## एक्सप्रेस आलेख

**यह भी सत्य है कि साक्षर एवं शिक्षित होना सूझबूझ एवं समझ का अंतिम निर्धारण कतई नहीं हो सकता है लेकिन भ्रम फैलाने वाली भीड़ का हिस्सा जरूर हो सकता है। वर्तमान में देश की नई चुनी गई सरकार के समक्ष विकसित भारत का एक महत्वपूर्ण लक्ष्य है किंतु विकसित होने की राह में समाज का एक हिस्सा किसी भी राजनीतिक दल द्वारा फैलाए गए भ्रामक प्रचार का शिकार बने, यह भारत जैसे जीवंत लोकतंत्र के लिए सुखद नहीं है, इसके लिए बहुत आवश्यक है कि समाज के सभी कमज़ोर समूह तक संविधान की सामान्य समझ विकसित करने के लिए जन-जागरूकता अभियान चलाया जाए।**

# विकसित भारत हेतु संविधान की समझ आवश्यक



इन्द्र दमन तिवारी

**आज़ समूचा विश्व इंटरनेट और सोशल मीडिया पर अलग-अलग ढंग के भ्रम फैलाने के सामाजिक दुष्परिणामों का सामना कर रहा है, ऐसे में यदि किसी देश के संवैधानिक लोकतंत्र के जिम्मेदार भागीदार ही संस्थागत ढंग से भ्रम फैलाना शुरू कर दें तो वह उस राष्ट्र एवं समाज के लिए शुभ नहीं होगा।**

हाल ही में संपन्न हुए 18वें लोकसभा चुनाव के अपने प्रचार के दौरान देश के सबसे प्राचीन और ज़िम्मेदारी की अपेक्षा किए जाने वाले राजनैतिक दल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस समेत अनेक विपक्षी दलों की ओर से सत्तापक्ष द्वारा चुनाव जीतते ही संविधान को पूरी तरह से बदल देने की मिथ्या शंका को जन्म दिया गया था, जब चुनाव के परिणाम आए तो अनेक राजनीतिक विश्लेषकों का यह मानना था कि कि कई जगहों पर मतदाता इस शंका से बुरी तरह भ्रमित भी हुए और उन्होंने अपने मतदान का पैटर्न बदल दिया, परंतु वास्तविकता इससे कहीं अलग है जिसे समझना होगा। चाहे वह गृहमंत्री अमित शाह का आरक्षण ख़त्म कर देंगे कहते हुए एडिटेड विडियो हो या फैज़ाबाद लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी का बयान, दोनों ने ही परिणामों पर कायदे से असर डाला है। अब से आम जनमानस को यह समझाने की आवश्यकता है कि संविधान ऐसा महान दस्तावेज़ है जिसके विषय में उनको स्वयं से जागरूकता दर्शानी होगी, वस्तुतः चुनाव में जीत हासिल करने वाला राजनैतिक दल केवल उसे अपना मत देने वाले मतदाताओं का नहीं अपितु संपूर्ण राष्ट्र का प्रतिनिधित्व करता है और अपने संविधान की प्रस्तावना में वर्णित हम भारत के लोग रूपी राष्ट्र की भावना का भी नेतृत्व करता है लेकिन किसी भी दल द्वारा चुनाव में भ्रामक प्रचार-प्रसार कर पूरे समाज या उसके किसी समूह को अपने लिए लामबंद कराने का कुचक्र न केवल संविधान के सर्वोच्च मूल्य का अपमान है अपितु एक राष्ट्र के रूप में नागरिकों का भी अपमान है, साथ ही भ्रम का माहौल बनाकर एवं उसके आधार पर सफलता अर्जित करने की चेष्टा करना, यह वर्तमान एवं भविष्य की राष्ट्रीय एकता एवं अंखडता के लिए सुखद नहीं है। किसी समाज का बड़े स्तर पर भ्रम में आना संपूर्ण राष्ट्र के समक्ष कुछ गम्भीर प्रश्न भी खड़े करता है, आज़ समूचा विश्व इंटरनेट और सोशल मीडिया पर अलग-अलग ढंग के भ्रम फैलाने के सामाजिक दुष्परिणामों का सामना कर रहा है, ऐसे में यदि किसी देश के संवैधानिक लोकतंत्र के ज़िम्मेदार भागीदार ही संस्थागत ढंग से भ्रम फैलाना शुरू कर दें तो वह उस राष्ट्र एवं समाज के लिए शुभ नहीं होगा। सत्ता पक्ष एवं विपक्ष दोनों को इस पर आत्ममंथन करना चाहिए कि एक बार भ्रम पैदा कर किसी लक्ष्य को प्राप्त करने में सफलता प्राप्त भले कर ली जाए परंतु क्या यह राष्ट्रहित में होगा? जहां तक संविधान को पूरी तरह से बदलने की बात है तो यह वास्तव में एक असंभव कृत्य है, माननीय उच्चतम न्यायालय ने अलग-अलग समय पर संवैधानिक संकटों पर दिए गए अपने निर्णय में इस तथ्य को स्पष्ट किया है कि संविधान में किसी भी संशोधन को करते समय संविधान की आधारभूत संरचना को नहीं बदला जा सकता है, संविधान में आधारभूत संरचना का नवाचारी विचार केशवानंद भारती मामले (1973) में आया, जिसमें कहा गया कि संसद मूल अधिकारों को संशोधित करते समय संविधान की मूल संरचना को नहीं बदल सकती, माननीय उच्चतम न्यायालय ने मूल संरचना के अंतर्गत जिन विशेषताओं का रखा था उसमें संविधान की सर्वोच्चता, संवैधानिक शक्तियों का पृथक्करण, पंथनिरपेक्षता, संप्रभुता आदि को रखा। यह सूची काफ़ी बड़ी है, इसका अर्थ यह हुआ कि मूल संरचना को नहीं बदला जा सकता है, ऐसे में मूल अधिकारों को भी सीमित नहीं किया जा सकता है। ऐसे में संपूर्ण संविधान को बदलने का प्रश्न ही नहीं खड़ा होता है यदि इस बात की सामान्य जानकारी एवं समझ देश के नागरिकों में होती तो किसी भी ढंग के भ्रम को फैलाने से रोका जा सकता था। आज़ भी देश की अधिकांश जनसंख्या एवं कुछ विशेष-समूह परिस्थितिजन्य ऐतिहासिक कारणों से साक्षर तो है किंतु शिक्षित नहीं है, यह भी सत्य है कि साक्षर एवं शिक्षित होना सूझबूझ एवं समझ का अंतिम निर्धारण कतई नहीं हो सकता है लेकिन भ्रम फैलाने वाली भीड़ का हिस्सा जरूर हो सकता है। वर्तमान में देश की नई चुनी गई सरकार के समक्ष विकसित भारत का एक महत्वपूर्ण लक्ष्य है किंतु विकसित होने की राह में समाज का एक हिस्सा किसी भी राजनीतिक दल द्वारा फैलाए गए भ्रामक प्रचार का शिकार बने, यह भारत जैसे जीवंत लोकतंत्र के लिए सुखद नहीं है, इसके लिए बहुत आवश्यक है कि समाज के सभी कमज़ोर समूह तक संविधान की सामान्य समझ विकसित करने के लिए जन-जागरूकता अभियान चलाया जाए।



**संविधान में आधारभूत संरचना का नवाचारी विचार केशवानंद भारती मामले (1973) में आया, जिसमें कहा गया कि संसद मूल अधिकारों को संशोधित करते समय संविधान की मूल संरचना को नहीं बदल सकती, माननीय उच्चतम न्यायालय ने मूल संरचना के अंतर्गत जिन विशेषताओं का रखा था उसमें संविधान की सर्वोच्चता, संवैधानिक शक्तियों का पृथक्करण, पंथनिरपेक्षता, संप्रभुता आदि को रखा। यह सूची काफ़ी बड़ी है, इसका अर्थ यह हुआ कि मूल संरचना को नहीं बदला जा सकता है, ऐसे में मूल अधिकारों को भी सीमित नहीं किया जा सकता है।**

## एक्सप्रेस कविता

*रक्षाबंधन में नई रीत। इस बार रक्षाबंधन में हम नई रीत चलाएंगे, बहन को खुद की रक्षा के लिए नए-नए जतन सिखाएंगे। बहन के लिए बहुत अच्छा स्थापित लड़का ढूंढने के पहले बहन को उच्च शिक्षित, आर्थिक सक्षम बनाएंगे। जो प्यार और रक्षा करें मेरी बहना की, ऐसे युवक से हम बहन की शादी करवाएंगे। मेरी कामना है बहन पूरी जिंदगी तेरा रक्षा कवच बना रहूं, राखी में दिए रक्षा के वचन को ता जिंदगी हम निभाएंगे। याद रखना मेरी बहना बहन कभी पराई नहीं होती, यह बात अच्छे से समझ लो तुम पूरी जिंदगी तेरा हौसला बन जाएंगे। थोड़ी चुलबुली हो, बहुत प्यारी हो, जैसी हो वैसी बहुत न्यारी, हमारी हो, भाई बहन का रिश्ता अनोखा अद्भुत, यह सारी दुनिया को हम दिखाएंगे। प्यारी बहना,प्यारी बहना।*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

*यदि आप अपने जीवन को अपनी मर्जी के अनुसार नहीं चला पाते, तो आपको अपनी परिस्थितियों को अवश्य ही स्वीकार कर लेना चाहिए*




*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | दशमी 10:26 तक |
| नक्षत्रः | अश्विनी 06:26 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | सोमवार |
| योगः | सुकर्मा, 13:41 |
| सूर्योदयः | 05:58 |
| सूर्यास्तः | 19:21 |
| चंद्रमाः | मेष राशि में |
| राहुकालः | 07:12-08:56 |
| विक्रमी संवत् | 2082 |
| शक सम्वतः | 1945 |
| मासः | आषाढ़ |
| शुभ मुहूर्तः | 12:01-12:49 |

## जन एक्सप्रेस

### करके है दिखाना !

*आ गया हूं बाहर ।*
*अब नहीं घबराना ।।*
*पार्टी को मजबूत ।*
*करके है दिखाना ।।*
*है समय संघर्ष का ।*
*रखना इसको याद ।।*
*रोक न सकता कोई ।*
*होने से आबाद ।।*
*चप्पा-चप्पा दौड़ना ।*
*ना घटा आधार ।।*
*होके रहेगा जल्द ही ।*
*नया चमत्कार ।।*
*कह रहे वो घूम घूम ।*
*है ऐसा विश्वास ।।*
*छूटना है सबको ।*
*ना होना उदास ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# मॉनसून में चेहरे पर लगाएं चंदन पाउडर के 4 फेस पैक, ऑयली स्किन से मिलेगा छुटकारा

**खूबसूरती** बढ़ाने के लिए प्राचीन काल से ही चंदन पाउडर का इस्तेमाल किया जा रहा है। चंदन पाउडर त्वचा के लिए बेहद फायदेमंद होती है। पहले लोग चंदन की लकड़ी को घिसकर पेस्ट बनाते थे। हालांकि, अब चंदन पाउडर मार्केट में आसानी से मिल जाता है। इतना ही नहीं, कई कॉस्मेटिक कंपनियां, चंदन से साबुन, फेसवॉश और अन्य स्किन केयर प्रोडक्ट्स बनाती हैं। आप चाहें तो चंदन पाउडर को फेस पैक के रूप में भी इस्तेमाल कर सकते हैं। चंदन पाउडर न सिर्फ त्वचा को ठंडक प्रदान करता है। बल्कि, यह त्वचा की जलन और खुजली से भी राहत दिलाता है। चंदन पाउडर लगाने से त्वचा पर निखार आता है और मुंहासों से भी निजात मिलता है। मॉनसून में अक्सर लोगों को चिपचिपी त्वचा, मुंहासों, त्वचा संक्रमण और फोड़े-फुंसियों का सामना करना पड़ता है।



**चंदन पाउडर और हल्दी फेस पैक:** मॉनसून में त्वचा पर फोड़े-फुंसियां और इंफेक्शन होने का जोखिम बढ़ जाता है। ऐसे में संक्रमण को कम करने के लिए आप चंदन पाउडर और हल्दी फेस पैक का इस्तेमाल करने सकते हैं। दरअसल, हल्दी में एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं, जो त्वचा को इंफेक्शन से बचाते हैं। इसके लिए आप 2 चम्मच चंदन पाउडर लें। इसमें चुटकीभर हल्दी और गुलाब जल मिक्स करें। अब इस पेस्ट को अपने चेहरे पर लगाएं। 15-20 मिनट बाद चेहरे को हल्के गुनगुने पानी से धो लें। इसके बाद चेहरे को मॉइश्चराइज कर लें।

**चंदन और संतरे के छिलकों का पाउडर:** मॉनसून में चंदन और संतरे के छिलकों का पाउडर लगाना भी बेहद फायदेमंद होता है। संतरे के छिलके और चंदन पाउडर, त्वचा की चिपचिपाहट को दूर कनरे में मदद करता है। इसके लिए आप 2 चम्मच चंदन पाउडर लें। इसमें आधा चम्मच संतरे के छिलकों का पाउडर और थोड़ा-सा पानी मिक्स करें। इस फेस पैक को त्वचा पर लगाएं और फिर आधे घंटे बाद चेहरे को पानी से साफ कर लें। सप्ताह में 2-3 बार इस फेस पैक को लगाने से कई समस्याओं से छुटकारा मिल सकता है।

**चंदन पाउडर और मुल्तानी मिट्टी फेस पैक:** चंदन पाउडर की तरह ही, मुल्तानी मिट्टी भी स्किन के लिए लाभकारी होती है। मुल्तानी मिट्टी, त्वचा से जुड़ी कई समस्याओं से निजात दिलाने में असरदार होती है। मुल्तानी मिट्टी, ऑयली स्किन की चिपचिपाहट को कम करने में मदद करती है। इसके लिए आप 1-1 चम्मच चंदन पाउर और मुल्तानी मिट्टी लें। इसमें गुलाब जल मिलाएं और फिर चेहरे पर लगा लें। आप मॉनसून में रोजाना इस फेस पैक को अप्लाई कर सकते हैं। इससे फोड़े-फुंसियों, मुहासों और इंफेक्शन से भी बचाव होगा।

**चंदन पाउडर और बेसन फेस पैक:** चेहरे पर चंदन पाउडर और बेसन फेस पैक लगाना भी फायदेमंद हो सकता है। मॉनसून में इस फेस पैक को लगाने से त्वचा का निखार बढ़ेगा। दरअसल, मॉनसून में त्वचा डल और बेजान नजर आने लगती है। ऐसे में बेसन त्वचा की रंगत में सुधार कर सकता है। इसके लिए आप चंदन पाउडर और बेसन को एक साथ मिक्स करें। इसमें पानी या फिर गुलाब जल मिक्स करें। अब फेस पैक को त्वचा पर लगाएं और फिर आधे घंटे बाद चेहरे को पानी से साफ कर लें। इससे त्वचा के दाग-धब्बों से भी छुटकारा मिलेगा।

## एक्सप्रेस विशेष

# डॉक्टर को भगवान न समझें क्योंकि...



डॉ ओ0पी0 मिश्र

**जब डॉक्टर की मौत निश्चित है तो समाज का पहला पायदान और आखिरी पायदान पर खड़े व्यक्ति की मौत भी निश्चित है। इसलिए डॉक्टर से आप बेहतर इलाज की तो अपेक्षा कर सकते हैं लेकिन यह इच्छा बिल्कुल नहीं कर सकते कि उसके इलाज से किसी रोगी की मृत्यु नहीं होगी।**

**यदि डॉक्टर समुदाय ने हाथ खड़े कर दिए तो क्या होगा? कोरोना का कालखंड हम आप देख चुके हैं। डॉक्टरों ने रोगियों को देखना बंद कर दिया था पूरे देश में कोहराम मच गया था। ऐसा नहीं है कि कोरोना की चपेट में डॉक्टर नहीं आए थे तमाम डॉक्टर इलाज करते-करते काल के गाल में समा गए थे। फिर ऐसे हालात में डॉक्टर से यह कैसे उम्मीद की जा सकती है कि उसके इलाज से किसी की मृत्यु नहीं होगी?**

**आज** कल डॉक्टर शब्द बहुत चर्चा में है। इस चर्चा का कारण भी आप सभी जानते हैं कि कारण है। नीट परीक्षा का पेपर आउट होना। इस परीक्षा को पास करने के बाद ही डॉक्टर बनने और डॉक्टरी पढ़ने की नौबत आती है। वैसे डॉक्टर बनना थोड़ा दुष्कर और कठिन जरूर होता है लेकिन इसके बावजूद डॉक्टर तो बनते ही हैं। नीट से पहले ल पीएमटी, सीपीएमटी के जरिए डॉक्टर बनते थे। इतना ही नहीं काफी पहले तो साइंस बायोलॉजी के साथ यदि अच्छे नंबर होते थे तो डॉक्टर बन जाते थे । लेकिन अब डॉक्टर बनना बहुत ही दुश्वार हो गया है क्योंकि यदि आपकी मेरिट कम आ गई तो प्राइवेट मेडिकल कॉलेज जाना होगा जहां आप डॉक्टर बनने पर तकरीबन एक से सवा करोड रुपये तक का खर्चा आ ही जाएगा। यही खर्च तब आधे से भी कम रह जाता है जब आप सरकारी मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरी पढ़ने पहुंचते हैं । लेकिन उस समय आपको 700 में से 650 से 600 नंबर लाने ही पड़ते हैं। इतना पैसा वह भी मात्र एमबीबीएस डॉक्टर बनने पर खर्च करने के बाद आप किसी डॉक्टर से यह कैसे उम्मीद कर सकते हैं कि वह आपको छूट देगा? या कम पैसा लेगा? इसके अलावा यदि उसने एमडी या एमएस कर लिया मतलब पीजी कर लिया तो प्राइवेट मेडिकल कॉलेज में 50 लाख का खर्चा और बढ़ जाता है। इसके बाद डीएम का नंबर आता है अमूमन डीएम की फीस इस समय मेट्रो सिटीज में 2000 से 1500 के बीच रहती है। जब एक सामान्य रोगी को 2000 या 1500 रूपये फीस देनी पड़ती है तो उसकी भौंहे तनी की तनी रह जाती है। उसे लगता है की डॉक्टरी का पेशा सिर्फ और सिर्फ पैसा पैदा करने वाला होकर रह गया है। उस समय रोगी और उसके परिजन यह बात भूल जाते हैं कि इस डॉक्टर ने अपनी जिंदगी के 10-12 बेहतरीन साल किस तरह आंखें फोड़ने में बिताये है। अच्छी भली आंखों पर चश्मा चढ़ जाता है। खैर यह तो एक पहलू हुआ दूसरा पहलू यह है कि डॉक्टर से सबसे ज्यादा नैतिकता की उम्मीद की जाती है रोगी के सामने वह 24 घंटे उपलब्ध रहे इसकी अपेक्षा हमेशा बनी रहती है। जिस रोगी का इलाज डॉक्टर कर रहा है वह रोगी हमेशा यह उम्मीद करता है कि रात के 2ः00 बजे भी डॉक्टर उसका फोन उठाएं उसे सांत्वना दें तथा यदि आवश्यक हो तो परामर्श और इलाज भी करें। ऐसा करते समय हम यह भूल जाते हैं कि डॉक्टर भी इसी समाज से आता है, हमारे ही परिवार से आता है, हमारा भाई-बहन या मित्र भी तो डॉक्टर हो सकता है ऐसे में उसका भी परिवार होता है, उसकी भी व्यक्तिगत जिंदगी होती है, वह भी छुट्टियां मनाना चाहता है, वह भी परिवार के साथ लॉन्ग ड्राइव पर जाना चाहता है । ऐसे में हो सकता है कि वह आपका फोन तत्काल ना उठा पाए इसके अलावा कुछ फिल्म निर्माता ने तो डॉक्टर के कैरेक्टर को समय-समय पर बहुत गंदे तरह से पेश किया है । ऐसी फिल्में बताती है कि डॉक्टर मुर्दा मरीज के नाम पर भी पैसा जमा कर लेते हैं। रोगी की मृत्यु की जानकारी तब तक परिजनों को नहीं देते हैं जब तक पैसा जमा नहीं करवा लेते हैं। मैं इस बात से कतई इंकार नहीं कर सकता कि सारे डॉक्टर दूध के धुले हैं। लेकिन यह भी तो सही है कि आज भी डॉक्टर की विश्वसनीयता समाज में सबसे ज्यादा है। डॉक्टर से हमेशा यही उम्मीद की जाती है कि वह मेडिकल एथिक के दायरे में रहकर काम करेगा। लेकिन यहां यह सवाल उठना लाजिमी है कि क्या समाज का कोई कर्तव्य डॉक्टर के प्रति नहीं है। क्या डॉक्टर को समाज और सरकार वह सुविधा दे पा रही है जिसकी आवश्यकता है। शायद नहीं। तो फिर आप एक डॉक्टर से ऐसी क्यों उम्मीद पाल रहे हैं कि वह नैतिकता के सभी नियमों का पालन करें। क्या समाज या सिस्टम डॉक्टर का कोई काम बगैर पैसे लिए कर देता है ? क्या डॉक्टर को कहीं कोई प्राथमिकता मिलती है? क्या समाज डॉक्टर के प्रति एक सम्मानजनक व्यवहार करता है? शायद नहीं । तो फिर जब समाज हमारे साथ सम्मानजनक व्यवहार नहीं करता, पुलिस हमारे साथ सम्मानजनक व्यवहार नहीं करती , सिस्टम हमारे साथ सम्मानजनक व्यवहार नहीं करता तो ऐसी आशा आप डॉक्टर से क्यों करते हैं? सीधा सा सिद्धांत है जो आप देंगे वही तो आपके पास वापस आएगा। इसके अलावा चूंकी डॉक्टर भी इसी समाज में रहता है जिस समाज में आप रहते हैं तो फिर स्वाभाविक है कि जिस हवा पानी से आप प्रभावित हैं। उसी हवा पानी से डॉक्टर भी प्रभावित हो रहा है। आखिर आप डॉक्टर से क्यों चाहते हैं कि जो भी मरीज वह देखे वह ठीक होकर ही जाए। जबकि आप यह बात भली भांति जानते हैं कि जीवन और मृत्यु डॉक्टर के हाथ में नहीं बल्कि किसी और के हाथ में है। फिर आप डॉक्टर के नर्सिंग होम में तोड़फोड़ क्यों करते हैं? डॉक्टर के साथ अभद्र व्यवहार क्यों करते हैं?

# व्यापारी की हत्या, घर में बेड पर मिली लाश, फर्श पर बिखरा था खून

जन एक्सप्रेस । सुनहरा





**लखीमपुर खीरी।** जनपद के संपूर्णानगर थाना क्षेत्र में सनसनीखेज वारदात हुई है। थाना क्षेत्र के भनपुरी खजुरिया में 45 वर्षीय व्यापारी कृष्ण कुमार सेठी उर्फ बबलू सेठी का शव रविवार सुबह उनके कमरे में बेड पर मिला। व्यापारी के हाथ-पैर बंधे थे और मुंह पर भी कपड़ा बंधा था। घर का सामान बिखरा था।बिजनेसमैन घर में अकेले ही रहते थे।परिवार हरियाणा के सोनीपत में रहता है।वारदात का पता उस वक्त चला, जब मेड खाना बनाने पहुंची।मेड के शोर मचाने पर आस-पास के लोग पहुंचे और पुलिस को सूचना दी।पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।पुलिस अधीक्षक खीरी गणेश प्रसाद ने बताया कि सोनीपत निवासी बिजनेसमैन कृष्ण कुमार सेठी की खजुरिया बाजार में स्पेयर पार्ट्स और लोहे का कारोबार है। 4-5 कर्मचारी काम करते हैं। ऑफिस से थोड़ी दूर पर उनका घर है। वह यहां अकेले ही रहते थे।आस-पास के लोगों का कहना है कि शनिवार शाम को कृष्ण कुमार ऑफिस से 8-9 बजे के बीच घर आए थे। रविवार सुबह मेड खाना बनाने पहुंची, देखा तो घर का गेट खुला था। अंदर कमरे में बेड पर कृष्ण कुमार का औंधे मुंह पड़ा हुआ था। हाथ-पैर बंधे थे। मुंह में कपड़ा ठूंसा गया था। फर्श पर खून बिखरा हुआ था। बिजनेसमैन का शव देखकर मेड चिल्लाती हुई बाहर आई। लोगों को बताया कि कृष्ण कुमार की किसी ने हत्या कर दी है। वारदात सूचना पर संपूर्णानगर कोतवाली की पुलिस मौके पर पहुंची। डॉग स्क्वाड और फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट्स की टीम बुलाया गया। टीम ने मौके से सबूत जुटाए हैं। पुलिस अधीक्षक ने आशंका जताई है कि पैसे के लेनदेन को लेकर व्यापारी की हत्या की गई है।लोगों से पूछताछ की जा रही। आस-पास के सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा। घरवालों को सूचना दे दी गई है।

# कई दुकानों में चोरों ने अलग-अलग स्थानों पर निशाना बनाकर हजारों का सामान किया पार

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी



नगर में लगातार पुलिस की निष्कर्ता को देखते हुए चोर उचक्को और बदमाशों ने अपनी गतिविधियां तेज कर दी। एक ही रात में कई दुकानों को निशाना बनाकर हजारों का सामान पार कर पुलिस की गश्त पर सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं।इधर नवागत कोतवाल रमेश चंद पांडे ने 24 जून को चार्ज लियाद्य अपने अधीनस्थों के पेंच कसे,पर असर कुछ नहीं हुआ। यही कारण है चोरों ने एक के बाद एक घटनाओं को अंजाम ले डाला। चोरों ने सब्जी मंडी के पास हालन बुक डिपो के सामने एक धोखे का ताला तोड़ दिया।कुम्हारन टोला निवासी राजीव गुप्ता बताते हैं कि खोखे में रखे 1100 रुपए नगद 70 रुपए की रेजगारी और किशोर पान मसाला के तमाम पैकेट उठा ले गए।दूसरी घटना इसी दुकान के पड़ोस में शहर के मोहल्ला तीर्थ निवासी शिवम गुप्ता पतंग की दुकान करते हैं। चोरों ने उनकी दुकान के शटर का ताला तोड़ दिया। चोर सामान ही नहीं अलमारी भी ले गए।चोरों को फिर भी पुलिस गश्त का डर नहीं आया और पड़ोस में ही एक परचून की दुकान का ताला तोड़ दिया। फिर आहट सुनकर वह भाग निकले। इतना ही नहीं चोरों ने तहसील कार्यालय से सटे विमल कुमार के घर में लगा पानी का मोटर भी पार कर दिया।इतना ही नहीं चोरों ने मेला मैदान में अभिषेक गुप्ता के खोखे का ताला तोड़ कर 700 रुपए नगद,गुटखा पैकेट,सिगरेट पैकेट समेत हजारों का माल पार कर दिया।हर घटना की तहरीर पुलिस को दी गई, पर पुलिस टस से मस नहीं हुई। पुलिस की निष्क्रियता को देखते हुए बदमाशों ने अपनी गतिविधियां तेज की तो व्यापारी से लेकर आम नागरिक भी भयभीत हो उठा है।कोतवाल रमेश चंद्र पांडे का कहना है कि उनकी जानकारी में नहीं है।आप लोग तलाश कर मुझे भी बता देना।

## फास्ट फॉरवर्ड

### दुकान में घुस गया अजगर, मचा हड़कम्प



जन एक्सप्रेस/गोला गोकर्णनाथ खीरी। बरसात शुरू हो चुकी है ऐसे विषैला जीव जंतुओं से सजग रहना होगा रविवार को एक दुकान में अजगर घुस गया तो वहां हड़कंप मच गया ।रविवार को दोपहर खुटार पर रंगीला लाइट हाउस की दुकान में एक अजगर सांप घुस गया है। दुकान सुमित आसपास के दुकानदारों में हड़कंप मच गया भीड़ जमा हो गई जिसकी सूचना पाते ही गौ रक्षा प्रमुख अनूप कुमार गुप्ता अपने तमाम साथियों के साथ पहुंचे और अपने साथी आमिर खान, मोहित राठौर, ऋषि गुप्ता, की मदद से अजगर को एक बोरी में बंद कर लिया। वन विभाग को सूचना दी। वन विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और अजगर को कब्जे में कर उसे जंगल में छोड़ दिया है।

### कलश स्थापना के साथ यज्ञ शुरू



जन एक्सप्रेस/मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र के गांव गुलौली में ग्राम समिति द्वारा लोक जन कल्याण को लेकर सात दिवसीय पंचकुंडीय रुद्र महायज्ञ का आयोजन किया गया है। यज्ञ आचार्य प्रेमचंद शर्मा ने वैदिक मत्रों के बीच कलश स्थापना कराई गई है ।गांव गुलौली में जुगल दास आश्रम/जगदीश आश्रम पर यज्ञाचार्य ने मुख्य यजमान कृष्णपाल सिंह, राजेशसिंह, शिशुपालसिंह, सतीश सिंह और शुभनीश मिश्रा ने रचाई गई बेदी पर भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए यज्ञ में आहुतियां डालीं है। वहीं आयोजन में आए कथावाचक अवधेश कुमार मिश्रा, विनोद पांडे, कमल पाठक और साध्वी पारुल ने अपने मुखारविंद से लोगों को राम कथा के साथ कृष्ण और राधा के चरित्रों का व्याख्यान श्रोताओं को मंत्र मुक्त कर दिया है। आयोजन मे दूर दराज क्षेत्रों से आए भक्त जनों ने समाज को नशा मुक्त बनाने का संकल्प लिया है। यज्ञ का समापन 2 जुलाई दिन मंगलवार को भंडारा के साथ किया जाएगा ।कार्यक्रम के सहयोगी अतुल कुमार,अनिल सिंह,भारत सिंह,मनोज सिंह आदि प्रमुख लोग मौजूद रहे।

### भाजपा कैम्प कार्यालय में नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने सुनी प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात



जन एक्सप्रेस/लखीमपुर-खीरी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तीसरी बार सरकार बनने के बाद आज मन की बात को नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कृषक समाज शक्ति केन्द्र के बूथ संख्या 206 पर मन की बात सुनी गई ।इस अवसर पर नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्रा, नगर मंत्री धीरज बाजपेयी, नगर कोषाध्यक्ष विमलेश वर्मा, नगर मीडिया प्रभारी विजय मिश्रा, शक्ति केन्द्र संयोजक सुनील मिश्रा, बूथ अध्यक्ष रवि प्रजापति, मनोज बाथम,सोनू त्रिवेदी, प्रभात गुप्ता, प्रदीप खतौलिया,अमित गुप्ता, राम मोहन सोनी,पवन गुप्ता, दीपक शुक्ला,रंजीत वर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### धूम-धाम से मनाया गया वीरांगना उदा देवी पासी का जन्म उत्सव



जन एक्सप्रेस/सीतापुर। महाराजाछीतापासी सेवा संस्थान समित के सदस्यों द्वारा सीतापुर जिले के ऐतिहासिक किला महाराजा छीता पासी के किले पर माता उदा देवी पासी का एक विशाल सभा का आयोजन कर जन्मदिन मनाया गया। सभा मे संघठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ महेश प्रसाद राजवंशी जी,जिला अध्यक्ष सन्तराम भार्गव जी,जिला उपाध्यक्ष सन्तोष भार्गव जी,गुरु आनन्द राज जी,मास्टर बेचेलाल जी,गया प्रसाद जी,निर्मला चौधरी जी,पुष्पा भार्गव जी,महोली ब्लाक प्रमुख जगदीश प्रसाद जी,मनोज राजवंशी जी,भगवती प्रसाद जी, ने वीरांगना उदा देवी के जीवन के इतिहास पर वर्णन कर सभा को सम्बोधित किया,तत पश्चात किले से एक शोभायात्रा निकाली गयी, यात्रा सैकड़ों लोगों के साथ माता उदा देवी पासी अमर रहे जय कारों के साथ पैदल चलकर लालबाग़ शहीद पार्क में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर यात्रा का समापन किया गया। शोभा यात्रा में सैकड़ों महिला नोजवान पुरुषों ने भाग लिया।

### पाली में खूनी संघर्ष, एक युवक की मौत-चार घायल

जन एक्सप्रेस/हरदोई। थाना क्षेत्र के खेमपुर गांव में पैसों को लेकर हुए विवाद में दो गुटों में खूनी संघर्ष हो गया। एक पक्ष द्वारा लाठी-डंडे और लोहे की रॉड से हमला बोला गया। इसके अलावा फायरिंग भी हुई। इस घटना में एक युवक की मौत हो गई जबकि महिला सहित चार अन्य लोग घायल हैं। जानकारी के अनुसार खेमपुर गांव के मुताबिक देवकुमार उर्फ छोटे व गांव के ही अबरार अहमद से कई महीनों से पैसों को लेकर पुराना विवाद चल रहा था। दोनों व्यक्ति चौकीदार हैं। मृतक के ताऊ जयकिशोर ने बताया कि देवकुमार के बेटे अमन ने अबरार के बेटे रिज़वान को एक लाख रुपये दिए थे। अमन जब भी पैसे मांगता तो रिज़वान पैसे न देकर झगड़े पर उतारू हो जाता। आरोप है कि पैसों के इसी विवाद में अबरार अहमद पुत्र जुल्ला ने बेटे रिज़वान अहमद, इश्तियाक, रहमान व तौफीक पुत्र अशरफ, जावेद पुत्र अशरफ सर्व निवासी खेमपुर व रिज़वान पुत्र आशिक निवासी सराय थाना शाहाबाद के साथ अमन के घर पर लाठी-डंडों व सरियों के अलावा असलहों के साथ लैस होकर हमला बोल दिया। अमन छत पर सो रहा था, जबकि देवकुमार, उनकी पत्नी दयावती उर्फ गुड्डी, दामाद राजवीर व बेटी पूजा नीचे सो रहे थे। हमलावरों ने लाठी व सरियों से पीटकर सभी की बेदम कर दिया। अमन को भी पीटा गया।

# 'पोषण भी-पढ़ाई भी' विषय पर ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

* आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को दी गई डिजिटल साक्षरता की जानकारी, जिला समन्वयक ने दिए टिप्स

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी



बाल विकास एवम पुष्टाहार विभाग द्वारा शालापूर्व शिक्षा को बेहतर तरीके से संचालित करने तथा बालक के शारीरिक, मानसिक तथा रचनात्मक विकास के साथ-साथ सामाजिक भावनात्मक एवं भाषा कौशल जैसे विषयों पर ध्यान देते हुए बालक के सर्वांगीण विकास हेतु अपनी जाने वाली विभिन्न गतिविधियों, क्रियाकलाप, अनौपचारिक शिक्षा में टीएलएम के प्रयोग जैसे विषयों पर आधारित आंगनवाड़ी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन ब्लॉक सभागार में रॉकेट लर्निंग संस्था के तत्वावधान में किया गया।कार्यक्रम के शुभारंभ में प्रभारी सीडीपीओ गमला देवी ने रॉकेट लर्निंग के जिला समन्वयक एवम स्टेट लेवल मास्टर ट्रेनर बृजेंद्र अग्निहोत्री को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया तथा शालापूर्व शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए प्रयास हेतु रॉकेट लर्निंग संस्था की सराहना की।प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन करते हुए अग्निहोत्री ने बताया बच्चों के सर्वांगीण विकास में प्रारंभ के तीन से छह वर्ष की आयु अत्यंत महत्वपूर्ण है, जिसमें बालक के मस्तिष्क का विकास बहुत तेजी से होता है।अतः इस उम्र में बच्चों को अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से खेल एवं गतिविधि के माध्यम से, कहानी एवं कविताओं के माध्यम से,आपसी बोलचाल तथा सामुदायिक सहभागिता जैसे कार्यक्रम में बच्चों को शामिल करते हुए सिखाने पर बल देना चाहिए।डिजिटल एजुकेशन की जानकारी देते हुए उन्होने बताया कि वर्तमान समय की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को तकनीकी शिक्षा का ज्ञान अति अनिवार्य है, डिजिटल साक्षरता के अभाव में अनेक आंगनबाड़ी केंद्र डिजिटल डीपीओ डैशबोर्ड पर अपनी उपस्थिति दर्ज नहीं करा पाते, इस दशा में यह माना जाता है की आंगनबाड़ी वर्कर ईसीसीई कैलेंडर के अनुसार गतिविधियों का संचालन करने में सक्षम नहीं हैं, निदेशालय स्तर पर इस तरह के निष्क्रिय आंगनबाड़ी वर्कर की सूची तैयार की जा रही है अतः सभी को डीपीओ डैशबोर्ड में सक्रिय दिखना अनिवार्य है। प्रभारी सीडीपीओ गमला देवी ने पोषण ट्रेकर एवं बाल पिटारा के विषय में चर्चा की । कार्यक्रम को सफल बनाने में सुपरवाइजर माया शंखधार, मीना देवी, कल्पना सिंह मीरा चौधरी, सोना गुप्ता, सुनीता देवी, सरोजिनी, ज्योत्सना, लाजवंती, लक्ष्मी, मुन्नी, उषा देवी, सुमन कटियार ने अपना योगदान दिया तथा गोला देहात की आंगनबाड़ी संगिनी पूनम चौरसिया अनुपस्थित पाई गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में आभार ब्लैक कोऑर्डिनेटर मेहताब एवम लेखाकार शिवानी ने सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का आभार व्यक्त किया।

# पत्रकारों को दी जाए बीमा और आयुष्मान कार्ड की सुविधा

* एनयूजे की बैठक में पत्रकार हितों के लिए पारित हुए कई प्रस्ताव

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



नेशनल यूनियन ऑफ़ जर्नलिस्ट (इंडिया) की बैठक संगठन के तामसेनगंज स्थित जिला कार्यालय पर संपन्न हुई। बैठक में संगठन के पदाधिकारियों ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पत्रकारों के कल्याण के लिए कई बिंदु पटल पर रखे। जिसमें संगठन के सदस्यों की सहमति से आठ प्रस्ताव पारित किये गये। संगठन महामंत्री महेश शर्मा ने प्रस्तावों की घोषणा करते हुए कहा कि पहले प्रस्ताव के तहत पत्रकार हितों पर चर्चा के लिए माह के अंतिम रविवार को संगठन की मासिक बैठक की जाएगी। दूसरे प्रस्ताव में एक बड़ा सम्मेलन किया जायेगा जिसमें पत्रकार शामिल होकर अपने विचार रखें। पत्रकार कल्याण के लिए प्रकोष्ठ बनाने के लिए भी प्रस्ताव पारित किया गया। इसके अलावा वर्ष में एकाधिक बार नेशनल यूनियन ऑफ़ जर्नलिस्ट के प्रदेश पदाधिकारियों को आमंत्रित कर उनका मार्गदर्शन प्राप्त करने पर भी सहमति बनी। वहीं पत्रकारों का बीमा कराये जाने और उनको आरोग्य लाभ देने हेतु आयुष्मान कार्ड बनाया जाये जिसके लिए स्वास्थ्य मंत्री से मिलने पर सहमति बनी। प्रदेश उपाध्यक्ष हिमांशु सिंह के प्रस्ताव पर मुसीबत में घिरे पत्रकारों की आर्थिक सहायता हेतु क्यूआर कोड सार्वजनिक किये जाने को लेकर सहमति बनी जिसकी ज़िम्मेदारी अध्यक्ष की रहेगी। पत्रकारों के बैठने और विमर्श आदि के लिए कोई स्थल निर्धारित किये जाने को लेकर भी प्रस्ताव पारित किया गया। अंत में अध्यक्ष अमरजीत सिंह द्वारा सभी पदाधिकारियों को संगठन के परिचय पत्र वितरित किये गये। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष हिमांशु सिंह, संगठन संरक्षक ज्ञान प्रकाश सिंह प्रतीक, संगठन संरक्षक अजय विक्रम सिंह, अध्यक्ष अमरजीत सिंह, महामंत्री महेश शर्मा, कोषाध्यक्ष विनीत पाण्डेय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरिओम अवस्थी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश मिश्र, उपाध्यक्ष योगेश श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष अभिषेक सिंह, संगठन मंत्री शहाब वहीद अंसारी, संगठन मंत्री वैभव दीक्षित, मीडिया प्रभारी अलमास अंसारी, मंत्री अवनीश मिश्र, मंत्री अर्पित सिंह, एड0 रोहित मेहरोत्रा, एड0 जयपाल, सुभाष शुक्ला, दुर्गेश शुक्ला, साकेत सिंह, अनुज कुमार सिंह, विपिन राजवंशी सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# निवर्तमान जिला अध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने कार्यकर्ताओं साथ सुना मन की बात कार्यक्रम



जन एक्सप्रेस । सीतापुर

हर माह के अंतिम रविवार की भांति इस रविवार को भी देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा 111वें एपिसोड के तहत मन की बात कार्यक्रम को निवर्तमान जिला अध्यक्ष श्री अचिन मेहरोत्रा ने सीतापुर नगर 1 के शक्ति केंद्र तामसेनगंज की बूथ संख्या 243 पर सुना । मन की बात के कार्यक्रम को सुनने के पश्चात निवर्तमान जिला अध्यक्ष श्री अचिन मेहरोत्रा ने बताया की आज चुनाव के पश्चात यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी जी ने कहा की इसमें भारतीय संस्कृति के अलग-अलग रंग शामिल होते हैं, मैं चुनाव आयोग और मतदान की प्रक्रिया से जुड़े हर व्यक्ति को इसके लिए बधाई देता हूं,दुनिया के किसी भी देश मैं इतना बड़ा चुनाव कभी नही हुआ, 2024 का चुनाव , दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव था,नरेंद्र मोदी ने कहा ,मैं आज देशवासियों को धन्यवाद करता हु की उन्होंने हमारे संविधान और देश की लोकतांत्रिक व्यस्थाओ पर अपना अटूट विश्वास दोहराया है, यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने जो हम सबसे अपील की है कि हम सबको %एक पेड़ अपनी मां के नाम% पर लगाना चाहिए हम सभी को जो यशस्वी प्रधानमंत्रो जी ने विश्व पर्यावरण दिवस पर जो एक विशेष अभियान की शुरुवात की हैं हम सबको भी उसमे बढ़ चढ़ कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए..इस दौरान उपस्थित उत्तम पांडे,अंकुर तिवारी, हीरा, अंबुज पांडे, सोनू सिंह, विनय राठौर आदि लोग उपस्थित रहे।

# न्यायालय के आदेश पर पांच माह बाद दबंगों पर जानलेवा हमले का केस दर्ज

जन एक्सप्रेस । हरदोई

शाहाबाद कोतवाली के मोहल्ला मौलागंज निवासी एक व्यक्ति पर फायर कर जानलेवा हमला करने वालों पर न्यायालय के आदेश पर घटना के पांच महीने बाद केस दर्ज किया गया है।पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। शाहाबाद कोतवाली के मौलागंज और हाल निवासी इमाम चौक पाली के नुरुल एन खान पुत्र हुसैन खान ने बताया उनका एक मकान शाहाबाद कस्बे के मोहल्ला माता के तालाब में है। पीड़ित के अनुसार वह 11 जनवरी को मकान के बाहर दीवार बनवा रहा था।तभी जाहिर खां,यासिर खां, हारिश खां पुत्रगण कासिम रजा निवासी वाजिद खेल अपने साथ दो तीन अज्ञात साथियों के साथ उसके पास आए और दीवार बनाने से मना करते हुए कहा हम तुम्हे शाहाबाद में नहीं रहने देंगे। अपना मकान हमें बेच दो।उसने मकान बेचने से इंकार कर दिया, तो विपक्षी जाहिर खां ने अपना पिस्टल निकाल कर उसके सीने पर लगा दिया और अन्य लोगों से दीवार गिरवा दी, उसके बाद सभी ने मिलकर उसके साथ मारपीट की। बकौल पीड़ित जाहिर ने उस पर पिस्टल से फायर कर दिया जिसमें वह बाल बाल बच गया। विपक्षी जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पीड़ित ने घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी।लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की गई। तब उसने डीएम, एसपी, सीएम सभी को प्रार्थना पत्र भेजे लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। तब वह न्यायालय की शरण में गया। न्यायालय के आदेश पर दबंग आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया। प्रभारी निरीक्षक राजदेव मिश्रा ने बताया न्यायलय के आदेश पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# डीएम ने प्रदान किये अनुकम्पा आधारित नियुक्ति पत्र

जन एक्सप्रेस । हरदोई

होमगार्ड कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह द्वारा नव निर्मित मृदु संवाद सभागार का शिलापट से पर्दा हटाकर एवं फीता काट कर उद्घाटन किया तथा कमांडेंट मनोज कुमार के साथ कार्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया। नव उदघाडिट सभागार में कार्यक्रम की शुरुआत हॉल के लोकसभा चुनाव में दिवंगत होमगार्ड जवान को श्रद्धांजलि के साथ हुई और जिलाधिकारी ने दिवंगत जवान की बेटी एवं अन्य 9 अनुकम्पा आधारित नियुक्ति पत्र जिलाधिकारी द्वारा प्रदान किये और उत्कृष्ट कार्य करने वाले 10 जवानों को गोल्ड, 10 को सिल्वर मैडल के साथ 20 अन्य जवानों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किये तथा सहायक जिला कमांडेंट महेश प्रसाद को होमगार्ड बल के योगदान के लिए स्मृति चिन्ह प्रदान किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि होमगार्ड जवान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं इसलिए जवान अपने अनुशासन की परंपरा भविष्य में भी बनाये रखें और जवानों की सेवाएं निश्चित ही प्रशंसनीय हैं। जिलाधिकारी ने कार्यालय की व्यवस्था के लिए जवानों की सराहना की।

# ई-रिक्शा चालक और उसके साथियों पर दलित एक्ट का केस दर्ज

जन एक्सप्रेस । हरदोई

* घटना की लिखित सूचना उसने पुलिस को दी
* पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति सहित दो आरोपियों पर मारपीट करने और दलित एक्ट के तहत केस दर्ज किया

बेझा चौराहे पर आम विक्रेता ने दो लोगों के विरुद्ध मारपीट और जातिसूचक गाली गलौज का आरोप लगाते हुए दलित एक्ट के अंतर्गत केस दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। शाहाबाद कोतवाली के मोहल्ला नई बस्ती निवासी दलित मनदीप कुमार पुत्र जगजीवन राम ने बताया वह बेझा चौराहे पर आम की ठेली लगाता है।ग्राम बबुराई निवासी मदने ने जान बूझकर ई रिक्शा से उसके ठेली में टक्कर मार दी जिससे उसके आम सड़क पर गिर जाने से नुकसान हो गया। बकौल पीड़ित उसने नुकसान का पैसा मदने से मांगा तो उसने आम विक्रेता को जाति सूचक गाली गलौज करते हुए पीटा। शोर सुनकर उसका भाई कुलदीप कुमार बचाने आया तो विपक्षी ने उसे भी काफी मारा पीटा जिससे उसे भी चोटे आई हैं। कुछ देर बाद मदने अपने दो तीन अज्ञात साथियों के आया और अपनी दबंगई का प्रदर्शन करते हुए पीड़ित को पुनः मारा पीटा और जान से मारने की धमकी देकर चला गया। घटना की लिखित सूचना उसने पुलिस को दी। पुलिस ने एक अज्ञात व्यक्ति सहित दो आरोपियों पर मारपीट करने और दलित एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

# पाली हत्याकांड: पुलिस मुठभेड़ के बाद चार आरोपी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । हरदोई



एसपी केशव चन्द्र गोस्वामी के निर्देशन पर एसओजी व स्वाट तथा पाली पुलिस टीम ने घटना के 24 घण्टे के अंदर पाली हत्याकांड के चार अभियुक्तों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया।जिसमे दो अभियुक्तों के पैर में गोली लगने से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार एसपी के निर्देश पर एसओजी स्वाट व सर्विलांस टीम ने अभियुक्तों पाली के खेमपुर में अमन हत्याकांड के आरोपियो की तलाश शुरू कर दी थी।पुलिस को एक सफेद कलर की कार पर सवार होकर अमन हत्याकांड में शामिल हत्यारे खेमपुर निवासी अबरार अली उसका बेटा रहमान तौफीक पुत्र असरफ और शाहाबाद थाने के सरायं निवासी रिजवान बाबरपुर के रास्ते बैरियल तिराहे से होकर शाहाबाद की ओर आ रहे हैं।उसी समय पुलिस ने गर्रा पुल पर घेराबंदी की। हत्यारे पुलिस पर फायर कर शाहाबाद की ओर भागने लगे। पुलिस ने पीछा किया तो हत्यारो ने कहारकोला की ओर जाने वाली सड़क की ओर अपनी कार को मोड़ दिया। पुलिस की घेराबंदी देख रिजवान व तौफीक ने पुलिस पर फायर कर दिए। जबाबी फायरिंग में रिजवान और तौफीक के पैर में गोली लगी है। वहीं पुलिस ने मौके से अबरार व उसके बेटे रहमान को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मुठभेड़ में हेडकांस्टेबल विश्वजीत और कांस्टेवल विनय घायल हुए हैं। पुलिस ने हत्या के दौरान प्रयोग की गई कार और आरोपियों के पास से तीन तमंचा भी बरामद किए है।

# पूरनपुर में 56 हेक्टेयर में 30 प्रजातियों के 80 हजार पौधे रोपित कराएगा वन विभाग

जन एक्सप्रेस । प्रशांत शर्मा

**पूरनपुर।** धरा को हरा-भरा बनाने के लिए सामाजिक वानिकी की तरफ से कवायद शुरू हो चुकी है। इसको लेकर क्षेत्र की सात नर्सरी में 30 प्रजातियों के 15.55 लाख पौधे तैयार किए जा रहे हैं। वन महोत्सव सप्ताह में वृहद स्तर पर अभियान चलाकर पौधारोपण किया जाएगा। अभियान को सफल बनाने के लिए विभागीय अधिकारियों ने रूपरेखा बनानी शुरू कर दी है। पुरनपुर सामाजिक वानिकी विभाग 56 हेक्टेयर में 79.925 हजार पौधारोपण कराएगा।

पर्यावरण संरक्षण के लिए वन विभाग द्वारा समय-समय पर अभियान चलाए जाते हैं। लोगों को अधिक से अधिक पौधारोपण करने के लिए जागरूक किया जाता है। विश्व पर्यावरण दिवस, वन महोत्सव, विश्व प्रकृति दिवस आदि पर पौधारोपण भी किया जाता है। पहली से सात जुलाई तक वन महोत्सव सप्ताह मनाया जाता है। इसमें वृहद स्तर पर अभियान चलाकर पौधारोपण किया जाता है। पूरनपुर सामाजिक वानिकी 2022 में करीब एक लाख 37 हजार पांच सौ पौधे रोपित किए गए थे।2023 में 20 हेक्टेयर में 32 हजार पौधे रोपित कराए गए।इस साल भी पौधारोपण के लिए विभाग द्वारा पहले से ही तैयारी शुरू कर दी गई है। पूरनपुर रेंज की सात नर्सरी में नीम, जामुन, पीपल, बरगद, आवला, शरीफा, नीबूं सहित करीब 30 प्रजातियों के 15.55 लाख पौधे तैयार किए जा रहे हैं। इसमें अवशेष पौधे भी शामिल हैं।बताते हैं कि पूरनपुर सामाजिक वानिकी रेंज की नर्सरी गोपालपुर प्रथम में 3.16 लाख, शाहगढ़ में 1.70 लाख, माधोटांडा में 1.99 लाख, गढ़ा 1.12 लाख, गोपालपुर द्वितीय में 3 लाख, मथना में 3 लाख, बराही में 1.57 लाख पौध तैयार की जा रही है। वन एवं वन्यजीव प्रभाग पूरनपुर के अधिकारियों का कहना है कि जुलाई में शुरू होने वाले पौधारोपण अभियान को लेकर क्षेत्र की सात नर्सरी में करीब 15.55 लाख पौध तैयार की जा रही है। पिछले साल वन विभाग द्वारा एक लाख 32 हजार से अधिक पौधे लगाए गए थे। इस साल का वन विभाग 56 हेक्टेयर में 79.925 पौधे रोपित कराएगा। लेकिन इस बार भी लक्ष्य से अधिक पौधों का रोपण की उम्मीद है। इसको लेकर अभी से तैयारियां शुरू कर दी है। सभी नर्सरियों में पौध भी लगभग तैयार हो चुकी है। पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी को पौधारोपण करना चाहिए।

> सामाजिक वानिकी की सात नर्सरियों में पौध तैयार की जा रही है।1 जुलाई से पौधारोपण शुरू होगा।वन विभाग की ओर 56 हेक्टेयर में 79.925 पौधे रोपित कराए जाएंगे। पौधारोपण को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।
>
> **पियूष मोहन श्रीवास्तव, रेंजर सामाजिक वानिकी पूरनपुर।**

**नर्सरी उगान लक्ष्य**

गोपालपुर प्रथम–1.50 लाख
गोपालपुर द्वितीय–1 लाख
मथना–1 लाख
गढ़ा–50 हजार
माधोटांडा–75 हजार
बराहीं–75 हजार
शाहगढ़–50 हजार

**अवशेष नर्सरी**

गोपालपुर प्रथम–1.66 लाख
गोपालपुर द्वितीय– 2 लाख
मथना–2 लाख
गढा–62.400 हजार
माधोटांडा–1.24 लाख
बराही–82.600 हजार
शाहगढ–1.20 लाख

# जनसमस्याओं के निराकरण न होने पर होगी कार्यवाही: संजय सिंह गंगवार

## राज्यमंत्री ने जनता दर्शन के दौरान सुनी जन समस्यायें, अफसरों को दिये निर्देश

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

गन्ना विकास एवं चीनी मिले राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने कहा है कि अधिकारी जनसमस्याओं का निराकरण प्राथमिकता के आधार पर करे ताकि जनसमान्य को त्वरित लाभ पहुँच सकें। उन्होनें कहा की जन आकाक्षाओं के अनुरूप कार्य न करने वाले अधिकारी कर्मचारियों को वर्दाश्त नही किया जायेगा और ऐसे कर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। राज्यमंत्री श्री गंगवार आज अपने आवास पर जनता दर्शन कार्यक्रम के तहत क्षेत्र से आयी जनता की समस्याओं को सुन रहे थे इस दौरान कई क्षेत्रीय लोगो ने अपनी-अपनी समस्यायें रखते हुए अधिकारी कर्मचारियों पर लापरवाही एवं शिथिलता वरतने का आरोप लगाते हुए शिकायत की जिस राज्यमंत्री श्री गंगवार ने अधिकारियों को साफ तौर पर कहा है कि जनसमस्याओं के निराकरण में किसी भी तरह की लापरवाही वर्दाश्त नही की जायेगी। जनता दर्शन के दौरान मरौरी ब्लाक के ग्राम चंदोई सैदपुर निवासी खुबचन्द्र मौर्य ने सी0सी0 रोड और नाली निर्माण की मांग की इसके अलावा नगर पंचायत जहानाबाद के सभासद हरीराम ने क्षेत्र के लोगो को राशन कार्ड उपलब्ध कराने की मांग करते हुए प्रार्थना पत्र दिया। ग्राम गुलैंदा निवासी गायत्री देवी ने पारिवारिक समस्या के समाधान की मांग करते हुए प्रार्थना पत्र दिया।जनता दर्शन के दौरान मरौरी ब्लाक के ग्राम चंदोई सैदपुर निवासी खुबचन्द्र मौर्य ने सी0सी0 रोड और नाली निर्माण की मांग की इसके अलावा नगर पंचायत जहानाबाद के सभासद हरीराम ने क्षेत्र के लोगो को राशन कार्ड उपलब्ध कराने की मांग करते हुए प्रार्थना पत्र दिया। ग्राम गुलैंदा निवासी गायत्री देवी ने पारिवारिक समस्या के समाधान की मांग करते हुए प्रार्थना पत्र दिया। ग्राम टण्डोला निवासी धर्मपाल ने जमीन पर अवैध कब्जा किये जाने की शिकायत करते हुए अवैध कब्जेदारों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की। राज्यमंत्री श्री गंगवार ने जनता दर्शन में आये लोगो की समस्यायें से गम्भीरता से सुनने के बाद सम्बन्धित अधिकारियों को कार्यवाही के निर्देश दिये। इसके बाद राज्यमंत्री श्री गंगवार रंगीलाल चौराहा स्थित आर0एस0 इलैक्ट्रिक ब्हील्स शोरूम पर पहुचे जहा शोरूम का फीता काटकर शुभारम्भ किया इस मौके पर कार्यालय प्रभारी सुनील मिश्रा, राज्यमंत्री प्रतिनिधि राकेश सिंह, सभासद पुष्पा उपाध्याय शौरूम के संचालक शुभम चन्द्र मिश्रा एवं नमन रस्तोगी, भाजपा नगर उपाध्यक्ष शिव नरायन शर्मा, अमरीश शर्मा, संजीव शर्मा, अमिताव त्रिपाठी, अमित पाठक, कमल कान्त शुक्ला, डा0 जगदीश प्रसाद बाजपई, रामकिशन बाजपई, डा0 लक्ष्मीकान्त दीक्षित सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहें।

# पुलिस के हाथ लगी बड़ी सफलता, पांच लुटेरों को किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

जनपद में बढ़ती मोबाइल लूट की घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा घटनाओं पर अंकुश लगाने व घटित घटनाओं का शीघ्र अनावरण कर सतप्रतिशत बरामदगी हेतु समस्त थाना प्रभारियों को कड़े निर्देश दिये गये। जिसके चलते बीसलपुर कोतवाली पुलिस ने वाहन चैकिंग के दौरान मुखबर की सूचना पर पांच युवकों को पकड़ लिया जिनके खिलाफ कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

पुलिस अधीक्षक अविनाश पाण्डेय द्वारा जनपद के सभी थाना प्रभारियों को मोबाइल की लूट को देखते हुए निर्देश दिये गये। जिस पर बीसलपुर पुलिस द्वारा लूट की घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से मानपुर कटना नदी के निकट वाहन चैकिंग अभियान चलाया गया। मुखबर की सूचना पर पुलिस ने दो बाइकों पर सबार 5 युवकों को रोका। जामा तलाशी लेने पर उनकी जेबों से 12 टच मोबाइल फोन, 2 तमंचे 12 बोर, एक जिंदा कारतूस, एक तमंचा 315 बोर, एक जिंदा कारतूस, 3 चाकू व दो घटनाओं में प्रयुक्त मोठर साइकिलें बिना नंबर प्लेटीना, बिना नंबर मोटर साइकिल डूक बरामद की। कड़ाई से पूछ तांछ करने पर उन्होंने अपना नाम राजूपुत्र मुकेश वर्मा निवासी निवारा हमजापुर थाना निगोही, सौर उर्फ भेरे पुत्र ओमपाल निवासी हमजापुर, संतोष कुमार पुत्र गेदनलाल निवासी गोबल पतीपुरा, रजनीश पुत्र धर्मपाल सिंह निवासी बढेपुरा, अंकित पुत्र रामबल्लभ निवासी गोबल पतीपुरा को पुलिस ने पकड़ लिया। जिनके खिलाफ पहले से भी थाना सुनगढ़ी, न्यूरिया, बीसलपुर, भुता, बरेली में मुकदमें चल रहे हैं।कड़ाई से पूछ तांछ करने पर उन्होंने अपना नाम राजूपुत्र मुकेश वर्मा निवासी निवारा हमजापुर थाना निगोही, सौर उर्फ भेरे पुत्र ओमपाल निवासी हमजापुर, संतोष कुमार पुत्र गेदनलाल निवासी गोबल पतीपुरा, रजनीश पुत्र धर्मपाल सिंह निवासी बढेपुरा, अंकित पुत्र रामबल्लभ निवासी गोबल पतीपुरा को पुलिस ने पकड़ लिया। जिनके खिलाफ पहले से भी थाना सुनगढ़ी, न्यूरिया, बीसलपुर, भुता, बरेली में मुकदमें चल रहे हैं। अभियुक्तों ने बताया कि वह रास्ते में बात करते लोगों के मोबाइल लूट कर भाग जाते थे। तमंचा व चाकू लोगों के पीछा करने व अपनी सुरक्षा के लिए रखे हुए थे। पुलिस ने पांचो अभियुक्तों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है। गिरफ्तार करने वालों में प्रभारी निरीक्षक अशोक पाल, उपनिरीक्षक मनोज कुमार, उपनिरीक्षक ऋषिपाल, उपनिरीक्षक निपुण चौधरी, कांस्टेबल जीशान पासा, मुकेश कुमार, सूर्या राठौर शामिल थे।

# ट्रांस शारदा क्षेत्र में तेंदुआ का आतंक, हमले में बाल बाल बचे राहगीर

जन एक्सप्रेस । हजारा(पूरनपुर)

**✻ विद्यालय परिसर में भी देखी गई थी तेंदुआ की चहलकदमी**

रास्ते से निकल रहे बाइक सवार राहगीरों पर तेंदुआ ने हमला कर दिया। जिसमें वह बाल-बाल बच गए। प्राथमिक विद्यालय परिसर में तेंदुआ की चहल कदमी देखी गई थी। प्रज्ञा केयर फाउंडेशन संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने संपूर्णानगर वन क्षेत्राधिकार को पत्र भेज कर आबादी क्षेत्र में घूम रहे तेंदुआ के आतंक से निजात दिलाने की मांग की है। ट्रांस शारदा क्षेत्र के आधा दर्जन गांवों में तेंदुए का आतंक फैला हुआ है। शाम होते ही तेंदुआ जंगल से निकलकर आबादी की ओर रुख कर रहा है। जंगल से निकला तेंदुआ बीते एक सप्ताह से आबादी के निकट गन्ने के खेतों में डेरा जमाए हुए हैं। प्रज्ञा केयर फाउंडेशन राष्ट्रीय अध्यक्ष आदर्श सिंह परिहार ने संपूर्णानगर वन क्षेत्राधिकारी को भेजे गए पत्र में बताया कि शारदा क्षेत्र के ग्राम गौतम नगर के बाहर 25 जून को शाम साढ़े सात बजे रास्ते से निकल रहे बाइक राहगीरों पर तेंदुआ ने हमला कर दिया। हमले में बाइक सवार बाल बाल बच गए। अभी दस मिनट ही हुए थे इसी बीच तेंदुए ने दूसरे बाइक सवारों पर भी हमला बोल दिया। गनीमत रही की बाइक सवार तेंदुए के हत्थे चढ़ने से बच गए। तेंदुआ के आतंक से राहगीरों में दहशत का माहौल बना हुआ है। ट्रांस शारदा क्षेत्र की सड़कों पर शाम होते ही आवागमन बंद हो जाता है। तेंदुआ आबादी में दस्तक देकर ग्रामीणों के पालतू मवेशियों को भी शिकार बन रहा है। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने वन क्षेत्राधिकारी से तेंदुआ की निगरानी कर ग्रामीणों को दहशत के माहौल से मुक्त कराने की मांग की है।

# प्रस्तावित एथेनाल डिस्टेलरी प्लांट का व्यापार मंडल ने किया विरोध

जन एक्सप्रेस । बरखेड़ा

बजाज चीनी मिल में प्रस्तावित एथेनाल प्लांट को लेकर रविवार को ब्लॉक प्रांगण में व्यापार मंडल व नगर वासियो ने एक बैठक कर प्रस्तावित एथनाल प्लांट का विरोध किया तथा व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने बताया कि प्लांट लगने से तीन-तीन किलोमीटर का एरिया प्रदूषित होगा व मक्खी मच्छर एवं बदबू से लोगो के जनजीवन पर प्रभाव पड़ेगा।वही व्यापार मंडल व वर्तमान चेयरमैन श्याम विहारी भोजवाल एवं पूर्व चेयरमैन अशोक गुप्ता ने आरोप लगाया कि प्रस्तावित प्लांट लगाने के लिए हम लोगो को भी कोई जानकारी नही दी गई है। और क्षेत्र के आस-पास की जनता को कोई सूचना नही दी गई।एथेनाल प्लांट लगने से बदबूदार जहरीली गैस से जनजीवन प्रभावित होगा और तरह तरह की बीमारियां फैलेगी हम सभी लोगो की राय है कि यह प्लांट यहाँ न लगाया जाए इसका हम सभी लोग विरोध करते है।बजाज पावर एनर्जी प्लांट के कोयला ढुलान से यहाँ के नगर वासी पहले से काफी परेशान है।और कोयले की राख का प्रदूषण से यहा की जनता त्रस्त है। और तो और क्षेत्रीय विधायक को भी कोई जानकारी बजाज चीनी मिल ने नही दी। बैठक में नगर के व्यापारी नदीम अंसारी,प्रिंस भारद्वाज,हरीश भारती, अभिषेक गोस्वामी,दुर्गेश पांडेय,हरीओम वर्मा,लक्ष्मी कांत भोजवाल,सन्तोष भारती, गुलामुद्दीन अंसारी,शेरसिंह राठौर,आदि लोग मैजूद रहे।

### ट्रक व कार की भिड़ंत में चार घायल, घायलों की हालत जिला चिकित्सालय रेफर

**जन एक्सप्रेस/जौनपुर।** शाहगंज कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत चिरैया मोड़ के समीप सड़क दुघर्टना में ट्रक व कार की भिड़ंत में कार सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर मौके पर ग्रामीणों ने इलाज हेतु निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया। इलाहाबाद के हडियां थाना क्षेत्र के सैदाबाद गांव निवासी नफीस पुत्र मोहम्मद हनीफ व सोनू पुत्र मोहम्मद शाहिद, नगमा बेगम पत्नी सोनू व सोनी बानो पत्नी मोहम्मद मुस्तकिम शनिवार की शाम वैवाहिक कार्यक्रम अम्बेडकर नगर के जलालपुर में सम्मिलित होने गए थे। वहां से देर रात अपनी कार से घर लौटते समय रविवार की भोर तकरीबन तीन बजे अयोध्या मार्ग स्थित चिरैया मोड के समीप ट्रक व कार की टक्कर होने से चारों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना देकर उपचार के लिए स्थानीय निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने इलाज के दौरान हालत गंभीर देखकर सभी को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

### अज्ञात अधेड़ की ट्रेन की चपेट मे आने से हुई मौत

**जन एक्सप्रेस/जौनपुर।** मुंगराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के वाराणसी प्रतापगढ़ रेल प्रखंड पर बादशाहपुर रेलवे स्टेशन के पूरब ओर रामपुर गांव के पास रविवार को सुबह करीब दस बजे रायबरेली से जौनपुर जाने वाली इंटरसिटी ट्रेन की चपेट में आने से एक अज्ञात अधेड़ की मौके पर ही मौत हो गई। उक्त प्रखंड पर सुबह करीब दस बजे बादशाहपुर रेलवे स्टेशन के पूरब ओर रामपुर गांव के पास रायबरेली से जोनपुर जा रही इंटरसिटी ट्रेन की चपेट में आने से करीब 55 वर्षीय अज्ञात अधेड़ की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची मुंगराबादशाहपुर पुलिस ने शव की शिनाक्त कराने की पूरी कोशिश किया किंतु पहिचान नहीं हो पाई।

# बदलापुर तहसील परिसर के बिल्डिंग में लगी भीषण आग

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



बदलापुर तहसील भवन के दूसरे तल स्थित एक कमरे में अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गयी।वही आग लगने से तहसील परिसर मे अफरा-तफरी मच गयी।सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग बुझाने के प्रयास मे जुटी रही समाचार संकलन तक आग पर काबू नहीं पाया गया।प्राप्त जानकारी के मुताबिक बदलापुर तहसील भवन के दूसरे तल पर स्थित एक कमरे मे रविवार की शाम अज्ञात कारणों से आग लग गयी। वही भीषण धुआँ व आग की लपटें देख मौजूद आस पास के लोगों ने शोर गुल मचाया तो काफ़ी लोग एकत्रित हो गए और आग बुझाने का प्रयास करने लगे।लेकिन तहसील परिसर का अग्निशमन यंत्र शो पीस बना रहा या नदारद ही रहा यह तो जांच का विषय है। फिलहाल आग की लपटें का भयावह रुप देखते हुए तहसीलदार ने जिसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दिया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुचीं फायर ब्रिगेड की टीम ने ईंट से कमरे का शीशा तोड़कर आग बुझाने के प्रयास मे जुटे रहे जहां समाचार संकलन तक आग पर काबू नहीं पाया जा सका। फिलहाल आग किन कारणों से लगी और कितने अभिलेख व जरूरी कागजात व क्या-क्या नुकसान हुआ अभीतक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। मौके पर एसडीएम संतबीर सिंह, तहसीलदार राकेश कुमार, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रोहित मिश्रा सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# मिर्जापुर में हैवानियत: दिल्ली से लौटी नर्सिंग छात्रा से ऑटो में दरिंदगी

जन एक्सप्रेस । मिर्जापुर

उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जिले में एक युवती से हैवानियत का मामला सामने आया है। घटना 24 जून की है। युवती दिल्ली से लौटी थी। इसी दौरान ऑटो चालक व उसके दो साथियों ने वारदात को अंजाम दिया।

दिल्ली से अपने घर मिर्जापुर के अदलहाट थाना क्षेत्र के एक गांव लौट रही नर्सिंग छात्रा से ऑटो में सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। घटना 24 जून की है। मामले में पहले छेड़खानी और चोरी का मुकदमा दर्ज हुआ था, फिर छात्रा के बयान को आधार बनाकर सामूहिक दुष्कर्म की धारा बढ़ाई गई। मामले में शनिवार को ऑटो चालक सहित तीन आरोपियों को छुतिहार पचेंगढ़ा के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। तमंचा और कारतूस भी बरामद किया गया है। आरोप है कि नशे में धुत होकर आरोपियों ने छात्रा से दुष्कर्म किया, फिर उसके पास मौजूद रुपये और सामान भी छीन लिया।

जानकारी के मुताबिक, मिर्जापुर पुलिस ने पहले छेड़खानी और चोरी का मुकदमा दर्ज किया था। जब छात्रा को बयान दर्ज कराने के लिए अदालत भेजा गया, तब मामला सामूहिक दुष्कर्म का सामने आया। छात्रा ने अदालत में बयान दिया कि ऑटो चालक और उसके दो साथियों ने अकेला पाकर दरिंदगी की है। इसके बाद पुलिस ने सामूहिक दुष्कर्म की धारा बढ़ा दी। गिरफ्तार ऑटो चालक की पहचान बृजेश कुमार सिंह उर्फ सोनू, उसके दोस्त जितेंद्र कुमार सिंह उर्फ गोलू और जितेंद्र कुमार सिंह उर्फ डब्बल के रूप में हुई। सब पार्टी करके टेंगरा मोड़ पहुंचे थे।

पुलिस के मुताबिक, अदलहाट थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 22 वर्षीय युवती दिल्ली के एक प्रसिद्ध कॉलेज से नर्सिंग की पढ़ाई कर रही है। वह 24 जून को अपने घर लौट रही थी। ट्रेन से पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर स्टेशन मुगलसराय आई, फिर रामनगर थाना क्षेत्र के टेंगरा मोड़ तक पहुंची। वहां से अपने घर जाने के लिए वाहन का इंतजार कर रही थी। इसी बीच ऑटो चालक आ गया और उसने अदलहाट चलने की बात कही। छात्रा ऑटो पर सवार हो गई। छात्रा के मुताबिक, ऑटो में उसके दो साथी भी बैठे थे। अदलहाट पहुंचने पर ऑटो चालक ने रास्ता बदल दिया।

# कोतवाली क्षेत्र में दो और पुलिस चौकियां होंगी स्थापित

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

**✻ दो पुलिस बूथ बनाने की तैयारी,निर्माण कार्य प्रारम्भ, कुल चौकियों की संख्या हो जायेगा तीन, एक नई चौंकी जल्द**

शाहगंज बेपटरी कानून व्यवस्था कों ट्रैक पर लाने हेतु कोतवाली क्षेत्र में पुलिस दो नई चौकियां और दो पुलिस बूथ स्थापित कर रहा है।

पत्रकार आशुतोष श्रीवास्तव हत्याकाण्ड के घटना स्थल के समीप नई पुलिस बूथ स्थापित की जा रही है। यहां भी जल्द चौकी स्थापित होंगी। वहीं पिछले दिनों अंडा का ठेला लगाने वाले गोविंद अग्रहरि की हत्या बड़ागांव पुलिया के समीप कर दिया गया था। उसी के समीप बड़ागांव चौराहे पर पुलिस चौकी बनाया जा रहा है।

प्रयागराज मार्ग स्थित संवेदनशील निजामपुर गांव में भी नई पुलिस बूथ स्थापित होंगी। वहीं आजमगढ़ मार्ग स्थित नई सब्जी मंडी परिसर के बगल पुलिस चौकी काफी वर्षों से बंद पड़ा है। उसे भी पुनर्जीवित किया जा रहा है। वहीं एक छोर पर बीबीगंज पुलिस चौकी संचालित हो रहा है।

इस बावत पुलिस उपाधीक्षक अजीत सिंह चौहान का कहना है कि कानून व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रखने और अपराधियों में खौफ पैदा करने एवं जनता में पुलिस का भरोसा व विश्वास पैदा करने हेतु दो और चौकियों को शुरू करने का प्रस्ताव भेजा गया है। वहीं दो पुलिस बूथ बनाया जा रहा है। वहीं पुलिस चौकियों व बूथों का निर्माण कार्य शुरू हो गया है।

## किशोरी की करेंट लगने से मौत

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** शाहगंज कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत आजमगढ़ मार्ग स्थित नवीन कृषि उत्पादन मंडी समिति के बगल एक निजी चिकित्सालय के बाहर एक किशोरी की करेंट लगने से मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आजमगढ़ मार्ग स्थित एक चिकित्सालय के बाहर सड़क के किनारे झुग्गी झोपड़ी बनाकर रह रहे धरकार राजेश कुमार की 10 वर्षीय पुत्री करिश्मा रविवार की सुबह खेलने के दौरान अचानक गिरकर तड़पने लगी। जब तक परिजन कुछ समझ पाते करिश्मा का शरीर ठंडा पड़ा गया। परिजनों ने आनन-फानन में इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय लाए जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं परिजनों ने पुलिस को तहरीर दिया है कि मेरी बेटी की मौत करेंट लगने से हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उपनिरीक्षक मंशाराम गुप्ता का कहना है कि पोस्ट मार्टम रिपोर्ट आने के उपरांत मौत के कारण का पता लग सकेगा।

# दिवंगत शिक्षक के परिवार को दी 54 लाख की आर्थिक मदद

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

टीचर्स सेल्फ केयर टीम उत्तर प्रदेश के आह्वान पर प्रदेश के लगभग ढाई लाख शिक्षकों ने मिलकर स्वर्गीय हरीश गंगवार की पत्नी को 54 लाख रुपए की आर्थिक सहायता पहुंचाई है। यह एक ऐसी संस्था है जिसमें लगभग उत्तर प्रदेश के लगभग तीन लाख शिक्षक जुड़े हुए हैं। टीम के किसी भी सदस्य की असामयिक मृत्यु होने पर सभी सदस्य उसके परिवार की आर्थिक सहायता करते हैं। जिला प्रवक्ता राजकुमार वर्मा के अनुसार स्वर्गीय हरीश गंगवार पीलीभीत जनपद के बिलसंडा ब्लॉक में सहायक अध्यापक थे और इस टीम से जुड़े हुए थे।जिला प्रवक्ता राजकुमार वर्मा के अनुसार स्वर्गीय हरीश गंगवार पीलीभीत जनपद के बिलसंडा ब्लॉक में सहायक अध्यापक थे और इस टीम से जुड़े हुए थे। विगत 11 जनवरी को उनका निधन हो गया था। वह टीचर्स सेल्फ केयर टीम के वैधानिक सदस्य थे। इसलिए टीम के सभी सदस्यों ने मात्र 23-23 रूपए का सहयोग उनकी पत्नी सुनीता देवी के एकाउंट में किया और मात्र 10 दिन में 54 लाख की आर्थिक मदद हुई। जिला सह संयोजक मनोज कुमार मौर्य ने बताया कि शिक्षा विभाग में कार्यरत शिक्षक और शिक्षणेत्तर कर्मचारी इस टीम से निशुल्क जुड सकते हैं। टीम से जुड़ने के लिए आनलाइन रजिस्ट्रेशन करना होता है जो पूरी तरह निशुल्क एवं पारदर्शी है।

## कुत्तों ने राष्ट्रीय पक्षी को किया घायल, हुआ उपचार

**जन एक्सप्रेस/जौनपुर। सुइथाकला।** तहसील क्षेत्र के बद्दोपुर गांव में रविवार को खेत में टहल रहे राष्ट्रीय पक्षी को गांव के आवारा कुत्तों ने काटकर घायल कर दिया। ग्रामीणों द्वारा पशु चिकित्सक के पास ले जाया गया, जहां नि~शुल्क उपचार कर उसे राहत पहुंचाने का कार्य किया गया। बताया जाता है कि उक्त गांव में रविवार पूर्वाह्न राष्ट्रीय पक्षी मोर खेत में टहल रहा था। अचानक गांव के आवारा कुत्तों का एक झुंड उस पर झपट पड़ा,जब तक ग्रामीण दौड़ कर बचाने का प्रयास करते,तब तक कुत्ते उसे घायल कर दिए। फिलहाल ग्रामीण उसे राजकीय पशु चिकित्सालय अढ़नपुर पर तैनात पशु चिकित्सा अधिकारी डाक्टर आलोक सिंह पालीवाल के शाहगंज स्थित आवास पर ले गए। जहां उसका निःशुल्क उपचार कर उसे राहत पहुंचाने का कार्य किया गया। ग्रामीणों के इस तरह के व्यवहार को देख लोगों ने जमकर सराहना की।

# लिफ्ट देने के बहाने परदेशी का 15 हजार रूपये सहित बैग ले उड़ा उचक्का, भुक्तभोगी ने थाने पर दी तहरीर

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

उचक्कों के गैंग का एक परदेसी उसे वक्त शिकार बन गया जब वह मुंबई से कम कर घर लौट रहा था तथा तथा बाइक सवाल उचक्के ने उसे लिफ्ट देने के बहाने उसका बैग लेकर फरार हो गया।

जफराबाद थाना क्षेत्र के करमही गांव निवासी गुलाब चंद मुंबई में रहकर प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता है। शनिवार की देर रात गुलाब चंद मुंबई से ट्रेन से वाराणसी स्टेशन पर उतरा और तड़के भोर में तीन बजे वाराणसी से रोडवेज बस पकड़ कर रविवार को सुबह साढ़े छह बजे जौनपुर रोडवेज आ गया। वहां से गुलाब चंद जेसीज चौराहे पर खड़ा होकर सेवईनाला बाजार के लिए ऑटो का इंतजार कर रहा था, गुलाब चंद के मुताबिक अचानक एक बाइक सवार युवक पहुंचा और उसने कहा कि आप केराकत रोड पर जाने के लिए सवारी का इंतेजार कर रहे तो मैं उधर ही चल रहा हूं चलना हो तो बैठ जाओ। गुलाब चंद बाइक सवार युवक के बाइक पर अपना बैग लेकर बैठ गया। भुक्तभोगी के मुताबिक जब बाइक सवार प्रसाद तिराहे पर पहुचा तब उसने कहा कि जरूरी कागजाद और पैसे बैग में रख लीजिए। तो गुलाब ने 15500 रुपये और अपना आधार कार्ड बैग में रख लिया। जैसे ही बाइक सवार युवक जफराबाद थाना क्षेत्र के किरतापुर गांव के पास पहुंचा तो उसकी बाइक रुक गई और उसने कहा कि लगता है बाइक में तेल खत्म हो गया है, आपका बैग बड़ा है आपको ले चलने में दिक्कत होगी हमें दे दीजिए। हम पैदल चल के सेवईनाला बाजार में तेल भरवा लेते हैं, उसके बाद गुलाबचंद उक्त युवक के बहकावे में आकर अपना बैग उसको देकर पैदल चलने लगा, तभी अचानक वह युवक अपनी बाइक सेल्फ स्टार्ट करके गुलाबचंद का बैग उसमें रखा ? 15500 नगदी लेकर तेज रफ्तार में केराकत की तरफ फरार हो गया। गुलाबचंद चीखते चिल्लाते हुए डायल 112 पुलिस को सूचना दिए। मौके पर पुलिस पहुंची आधे घंटे तक जांच की। गुलाबचंद के मुताबिक उस बैग में 15500 नगदी एवं आधार कार्ड और कुछ कपड़े रखे थे, उसने इस घटना के बाद थाने पर जाकर तहरीर दिया।

# बिल्हौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की एक्स-रे मशीन, उद्घाटन होने से पहले धुआं दे गई

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो



बिल्हौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में वर्षों इंतजार करने के बाद में एक्स-रे मशीन लोकसभा चुनाव से पहले आ गई थी। महीनों इंतजार के बाद इंजीनियर ने आकर फिटिंग की इसके बाद में लखनऊ से शासन द्वारा महीना बीत गए तब एनओसी मिली सीएमओ से कई बार फोन और लेटर पहुंचने के बाद में एक्स-रे टेक्निशियन हेमंत कुमार का कल्याणपुर से तबादला होकर बिल्हौर पहुंचे कई दिनों से वह एक्स-रे करने संबंधी मैन्युअल देखकर टेस्टिंग कर रहे थे उसी में एक दिन एक्स-रे मशीन धुआं दे गई तेज आवाज के साथ और वह बाहर निकल गए थोड़ी देर बाद जब धुआं शांत हुआ तो आकर देखा कि मशीन बंद हो गई थी उन्होंने बताया कि कई दिनों बाद रोहित नाम के टेक्नीशियन ने आकर उसमें फ्यूज आदि जल गए थे जिससे धुआं दे गई है। सही कर दिया है अब पूरी तरह से फिट है एक्स-रे मशीन के उद्घाटन का इंतजार है। उन्होंने बताया कि 127 फिल्म मिली है एक्स-रे करने के लिए उन्होंने बताया एक हफ्ते से ज्यादा नहीं चलेगी तब जब आएंगे तभी एक्स-रे हो पाएंगे वैसे उद्घाटन तक और फिल्म मिलने की उम्मीद है। बिल्हौर सीएचसी अधीक्षक डॉ दिलीप कटियार से फोन पर संपर्क करने की कोशिश की लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया जिससे यह जानकारी नहीं हो सकी कि कब एक्स-रे मशीन का उद्घाटन होगा मरीज प्रतिदिन एक्स-रे मशीन रूम को झांक कर लौट जाते हैं और पूछते रहते हैं।

# रात में पुलिस पति को पकड़कर ले गई, सुबह फंदे पर मिला पत्नी का शव




जन एक्सप्रेस । उन्नाव

उन्नाव जिले के बहाउद्दीनपुर गांव में शनिवार को पड़ोसी से हुए झगड़े में पुलिस ने रात में युवक को गिरफ्तार कर लिया। रविवार सुबह पत्नी का शव घर में फंदे से लटका मिला। ग्रामीणों ने मृतका के पति की जमानत कराई तब वह घर पहुंचा। पति ने दो लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है। सफीपुर कोतवाली के बहाउद्दीनपुर गांव निवासी फकीरे, पत्नी अनीता (35) के साथ कानपुर के कल्याणपुर में किराये पर रहकर राजगीर का काम करता है।

पत्नी घरों में बर्तन धोकर घरेलू खर्च में मदद करती थी। प्रत्येक शनिवार को दोनों गांव आते और रविवार शाम को चले जाते थे। शनिवार देर शाम दोनों आए थे। इसी दौरान घर के सामने की जमीन को लेकर पड़ोसी से झगड़ा हो गया। सूचना पर पहुंची पीआरवी ने फकीरे को पकड़ा और सफीपुर कोतवाली ले गई। जहां शांति भंग में उसका चालान कर दिया। ग्रामीणों के मुताबिक, घर में अकेली अनीता पति की गिरफ्तारी से परेशान होकर काफी देर तक रोती रही।

रविवार सुबह उसका शव घर में फंदे से लटका मिला। पुलिस पहुंची और कुछ ग्रामीणों को फकीरे की जमानत के लिए तैयार किया। दोपहर को फकीरे की जमानत हुई तब वह घर पहुंचा। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया। फकीरे ने मोहल्ले के ही दो लोगों पर पत्नी अनीता की हत्या का आरोप लगाया है। सीओ ऋषिकांत शुक्ला ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हैंगिंग की पुष्टि हुई है। शनिवार शाम को पति-पत्नी दोनों ने शराब पी रखी थी।

# नाप कराकर कब्रिस्तान की भूमि पर कब्जा रोका

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

**सफीपुर।** गांव आसीवन तरफ पश्चिम स्थित कब्रिस्तान की भूमि पर 50 ट्राली से अधिक मिट्टी डालकर कब्जा करने की शिकायत पर राजस्व टीम ने नाप की। कब्रिस्तान की भूमि तो सुरक्षित करा दी लेकिन उसका सीमांकन नहीं किया।

राजस्व कर्मी मिट्टी खनन पर चुप्पी साध गए।

गांव निवासी राबिया ने शुक्रवार को आसीवन पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि कुछ लोगों ने कब्रिस्तान की भूमि पर कब्जा करने के लिए 50 ट्राली से अधिक मिट्टी डाल दी। कब्जा करने वालों ने इस जमीन को पास में स्थित जय श्रीजाखेश्वर मंदिर की बताई। दो समुदायों के बीच विवाद और बढ़ती भीड़ पर थाना पुलिस ने हसनगंज एसडीएम को सूचना दी।

# बिलौरा गांव में विस्फोट से दो मकान दरके

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

**नवाबगंज।** सोहरामऊ के बिलौरा गांव में एक मकान में अचानक विस्फोट से आसपास के दो मकानों की दीवारें दरक गईं। धुएं के गुबार से ग्रामीण दहशत में आ गए। पुलिस का कहना है कि भारत की जीत के जश्न में पटाखे छुड़ाए गए, विस्फोट नहीं हुआ।

मोहनलालगंज क्षेत्र के सिचेंडी का रहने वाला ताहिर उर्फ पप्पू सोहरामऊ थाना क्षेत्र के बिलौरा अपनी ससुराल बिलौरा में ही पत्नी व बच्चों के साथ जमीन लेकर निजी मकान बनाकर रह रहा है। ग्रामीणों की माने तो ताहिर अपने छोटे बेटे इरशाद के साथ बीच गांव में घनी आबादी के बीच एक मकान में आतिशबाजी बनाने का काम करता है। बारूद निर्मित पटाखे क्षेत्र समेत लखनऊ के दुकानदारों को थोक के भाव में बिक्री करता है। शनिवार देर रात लगभग 12 बजे गांव में अचानक धमाका होने से लोग दहशत में आकर सहम गए। ग्रामीण घरों के बाहर निकले तो ताहिर की कोठरी से धुएं का गुबार निकलता दिखा। जिससे लोगों को सांस लेने में मुश्किल होने लगी।

धमाके से ताहिर के पड़ोसी बबलू की दीवार भी दरक गई। हालांकि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। मामले में बिलौरा चौकी इंचार्ज रामबली ने बताया कि गांव में कोई विस्फोट नहीं हुआ है। कहा कि शनिवार को भारत के क्रिकेट वर्ल्डकप जीत का लोग जश्न मना रहे थे। एसओ सुनील सिंह ने बताया कि विस्फोट की कोई सूचना उनके पास नहीं है। जबकि पुलिस सूत्रों की माने तो ताहिर को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

# हल्की बारिश में बजार-बस्ती जलगमग्न, सीएचसी लबालब

जन एक्सप्रेस । उन्नाव



बीघापुर /पुरवा। रविवार शाम कई क्षेत्रों में हुई बारिश से किसानों को तो राहत मिली लेकिन बस्ती और बाजारों में जलभराव होने से लोगों की दिक्कतें बढ़ गईं। पुरवा सीएचसी में जल निकासी की व्यवस्था न होने से पानी भर गया।

रविवार शाम करीब चार बजे बीघापुर और पुरवा तहसील क्षेत्रों में आधे घंटे बारिश हुई। उन्नाव-लालगंज राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे कस्बा सिकंदरपुर कर्ण कस्बा टापू बन गया। यहां हाईवे का निर्माण कर रही कंपनी की ओर से नाला सड़क से ऊंचा बना दिया गया। इससे बस्ती का पानी निकल नहीं सका और सर्विस रोड किनारे की दुकानों और घरों में भर गया। कपड़ा व्यापारी मोना, अंकित सहित अन्य की दुकान में पानी भरने से दुकान का सारा सामान भीग गया। व्यापारी छन्नर, राज गुप्ता, कमलेश, अशोक चतुर्वेदी, बनवारी व संजू की दुकानों के सामने पानी भरने से आवागमन मुश्किल हो गया। व्यापार मंडल के पूर्व महामंत्री गुड्डू लाडला ने बताया कि लगातार विरोध करने के बाद भी मनमानी करते हुए निर्माण एजेंसी ने नाला सड़क से ऊंचा बना दिया। भाजपा नेता पंकज अवस्थी ने राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा और मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई है। वहीं, पुरवा कस्बे में जलनिकासी व्यवस्था दुरुस्त न होने से पीएचसी परिसर में पानी भर गया। इससे मरीजों और तीमारदारों को परेशानी हुई। सीएचसी प्रभारी डॉ, दिनेश कुमार ने बताया कि सीएचसी परिसर ऊंचा और सड़क किनारे बनी नाली नीचे होने से हर साल पानी भरता है। कई बार सीएमओ कार्यालय पत्र भेजकर समस्या हल कराने की मांग की गई, लेकिन अभी तक सुधार नहीं हुआ।

# नाला खोदाई में पाइप लाइन टूटी, जलापूर्ति ठप

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

उन्नाव। सिविल लाइंस में नाला निर्माण के लिए खोदाई के दौरान शनिवार रात भूमिगत पाइप लाइन टूट गई। खोदाई से पहले नगर पालिका की ओर से चिह्नांकन नहीं किया गया। स्थानीय लोगों ने पाइप लाइन की जानकारी देने के बाद भी ठेकेदार ने ध्यान नहीं दिया।

शहर के सिविल लाइंस में इन दिनों नया नाला बन रहा है। अब तक कई स्थानों पर घरेलू जलापूर्ति की पाइप लाइनें टूट चुकी हैं। शनिवार रात पं. दीनदयाल कॉलोनी (पुराना नार्मल स्कूल कालोनी) के पास नाला बनाने के लिए खोदाई ही। इसमें नगर पालिका की भूमिगत पाइप लाइन जेसीबी में फंसकर टूट गई। हैरानी की बात यह है कि ठेकेदार ने खोदाई शुरू करने से पहले न तो नगर पालिका को इसकी जानकारी दी और न ही नगर पालिका ने भूमिगत पाइप लाइन की जानकारी ठेकेदार को दी।

खास बात यह है कि रात करीब 12 बजे जेसीबी से खोदाई के दौरान कालोनी के लोगों ने जेसीबी चालक और सुपरवाइजर को भूमिगत पाइप लाइन के बारे में जानकारी भी दी लेकिन इस पर ध्यान नहीं दिया। कॉलोनी व आसपास मोहल्ले के लोगों ने रविवार सुबह जैसे ही मोटर पंप चालू किया गया, कीचड़ युक्त गंदा पानी टंकियों में भर गया। इससे लोगों को काफी परेशानी हुई। पाइप लाइन की मरम्मत करने के बाद शाम पांच बजे जलापूर्ति शुरू हुई। जलकल अभियंता विवेक वर्मा ने बताया कि ठेकेदार ने बिना जानकारी दिए खोदाई कराई है, इससे पाइप लाइन टूट गई है और जलापूर्ति प्रभावित हुई। बताया कि पाइप लाइन को ठीक कर दिया गया है। ठेकेदार को भी नोटिस भेजी गई है। फिर कहीं पर पाइप लाइन टूटी तो एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

# गौशाला में पानी के हौज से छुटकारा मिलेगा नांद में पानी पिएंगे गोवंश



जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर नगर पालिका में माता सिंह वाहिनी मंदिर के सामने अस्थाई गौशाला में पुराना बना पानी के हौज में अक्सर गोवंश पानी पीते वक्त आपस में टकराकर हौज में गिर जाते थे और चोटिल हो जाते थे जिसकी खबर जन एक्सप्रेस अखबार ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था इसको संज्ञान में लेकर अधिशासी अधिकारी सुश्री अंजनी मिश्रा ने स्थाई गौशाला के अंदर एक लंबी चौड़ी नांद बनवा दी है जो 3 फीट चौड़ी और 10 फीट लंबी है जिसमें पानी भरा रहेगा और गोवंश आराम से पीते रहेंगे प्रतिदिन उसको सुबह पानी निकाल कर ताजा भरा जाएगा और चारे की पर्याप्त व्यवस्था के लिए रैन बसेरे में पर्याप्त भूसा और हरा चारा बीच-बीच में आता रहता है जिसको खाकर गोवंश हस्तपुष्ट हैं बिल्हौर तहसील क्षेत्र में जितनी भी गौशाला हैं उन सब से अच्छे गौवंश है अधिशासी अधिकारी प्रतिदिन वीडियो कॉल करके अस्थाई गौशाला का हाल-चाल जानती हैं और कभी-कभी आकस्मिक निरीक्षण करने भी पहुंच जाती हैं जिसकी वजह से सभी कर्मचारी चौंकने रहते हैं और साफ सफाई भरपूर रखते हैं।

# करेंट की चपेट में आने से युवक की मौत



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

साढ़ थाना क्षेत्र के भीतरगांव चौकी अन्तर्गत गुगुरा गांव में एक युवक पंखा लगाते समय करेंट की चपेट में आने से मौत हो गई। मामला रविवार का है जब धर्मेंद्र पुत्र स्व0रघुवीर विश्कर्मा बिजली आने पर पंखा लगा रहा था तभी पंखे की बॉडी में करेंट आ गया जैसे ही पंखा को टच किया तो युवक करेंट की चपेट में आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मौत होने से घर मे कोहराम मच गया ।मामले की जानकारी जब पुलिस को मिली तो मौके पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# मोटरसाइकिल सवारों को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, 4 घायल-एक की मौत





**घटना स्थल पर 8 वर्षीय जुबेर की मौत, मां गंभीर**

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर थाना क्षेत्र के एनएचआई 34 पर नानामऊ बिल्हौर तिराहे पर उस समय चीख-पुकार मच गई जब दोपहर 2 बजे एक प्लैटिना मोटरसाइकिल नंबर यूपी 78 एफसी/ 3394 पर सवार चालक इश्तियाक कुरेशी पुत्र मुस्ताक व पत्नी कहकशा पुत्र जीशान पुत्र इश्तियाक उम्र 6 वर्ष, जुबेर पुत्र इश्तियाक उम्र 8 वर्ष ऊवेश पुत्र इश्तियाक उम्र 1 वर्ष गुरसहायगंज से जरुरी कार्य करके वापस अपने घर दर्जियाना मोहल्ला थाना चौबेपुर अपने घर जा रहे थे। नेशनल हाईवे 34 गौरी गांव औवर ब्रिज के ऊपर पीछे से अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी सभी मोटरसाइकिल सवार सड़क पर बुरी तरह से घसीटते हुए गिर गए जिसमे चार लोगों को गंभीर चोटे आई हैं सूचना मिलते ही बिल्हौर थाना प्रभारी केशव कुमार तिवारी अतिरिक्त निरीक्षक सतीश चंद्र समेत पुलिस टीम मौके पर पहुंची गम्भीर रूप से घायलों को एम्बुलेंस की मदद से बिल्हौर सीएचसी भेजा जहां पर डाक्टरों ने जुबेर उम्र 8 वर्ष की मृत्यु घोषित कर दिया और गम्भीर रूप से सभी घायलों को कानपुर रेफर किया घायलों के परिजनों को पुलिस ने सूचना कर अवगत कराया।

एसीपी अजय द्विवेदी ने बताया कि अज्ञात वाहन हन की तलाश की जा रही है जल्द गिरफ्तार होगा।

# आज शहर में रहेंगे डिप्टी सीएम

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



काशीराम संयुक्त चिकित्सालय रामादेवी में सोमवार को विशेष संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम का आयोजन होना है। जिसका शुभारंभ उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक द्वारा किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए जिला मीडिया प्रभारी मनीष त्रिपाठी ने बताया कि उप मुख्यमंत्री इस कार्यक्रम का शुभारंभ करने के उपरांत साकेत नगर डीप सिनेमा रोड स्थित होटल मंदाकिनी रॉयल में भाजपा द्वारा आयोजित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर संगोष्ठी को संबोधित करेंगे।

# बिल्हौर एसडीएम ने ब्यूटी सैलून व ट्रेनिंग केंद्र का फीता काटा

**महिला सशक्तिकरण के अंतर्गत महिलाओं के रोजगार के लिए यह अनूठी पहल**

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो



बिल्हौर कस्बा स्थित बीआरडी इंटर कॉलेज के सामने त्रिवेणी गंज,बरौली रेलवे क्रॉसिंग के पास ए एस ब्यूटी सैलून व ट्रेनिंग केंद्र का शुभारंभ बिल्हौर उपज़िलाधिकारी रश्मि लांबा द्वारा दीप प्रज्वलन एवम फ़ीता काट कर किया गया इस मौके पर उन्होंने बताया महिला सशक्तिकरण के लिए महिलाओं का यह ट्रेनिंग सेंटर है जो कोर्स करके कम समय में और कम पैसे खर्च करके अपना जीवन यापन कर सकती हैं। आजकल ग्रामीण क्षेत्रों में इसकी मांग बढ़ गई है। सैलून की संचालिका शिखा शर्मा ने जानकारी दी की उनका बहुत पुराना 22 सालों का अनुभव है। ये सिर्फ ब्यूटी सैलून पार्लर ही नही एक ? कैडेमी भी है जहां पर 3 से 6 माह के कोर्स में सभी बेसिक चीज़ें सिखाई जाएगी जिसमें कम से कम शुल्क लिया जाएगा और गरीब लड़कियों को मुफ्त में सिखाया जाएगा। कुशल महिलाओं को शुरूआत, शुभारंभ से अंतिम पाँच दिनों तक एक अच्छी छूट भी है हेयर कटिंग व ऐब्रो सेटिंग पर 50 प्रतिशत और ब्राइडल बुकिंग पर 20 प्रतिशत की भारी छूट रहेगी। महिलाओं से संबंधित त्योहारों पर जैसे रक्षा बंधन, करवाचौथ पर मेकप और मेहंदी पर विशेष ऑफर रहेंगे, सबसे खास बात इस सैलून की है की गरीब लड़कियों जिनके माँ बाप नही है, उनकी शादी पर सैलून में फ्री ब्राइडल मेकअप होगा। नीलम कनौजिया एवं शोभना सैनी द्वारा ब्यूटी सैलून की संपूर्ण जानकारी दी गई सैलून का वर्किंग स्टाफ़ कानपुर लक्मे से सर्टिफाइड है अइशा ब्यूटी सैलून की दो और भी ब्रांच है जो कानपुर में संचालित है। इस मौके पर बिल्हौर बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष रविनेश यादव, सुरेंद्र सिंह बघेल आशुतोष सैनी, सुरेंद्र सैनी, रामगोपाल सैनी, आशुतोष सैनी, सिफा, बशू, किरन, रूपली, नन्दू, अभीराज, अस्तित, नीलम सेनी, प्रिया, जैनब आदि सैकड़ो की संख्या में महिलाएं और पुरुष मौजूद रहे।

# प्रदेश स्तर पर परचम लहराने वाले आठ मेधावी सम्मानित

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

उन्नाव। यूपी बोर्ड की प्रदेश मेरिट में स्थान पाने वाले आठ मेधावियों को विकास भवन सभागार में हुए कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। एक-एक लाख के प्रतीकात्मक चेक, टेबलेट, मेडल व प्रमाणपत्र दिए गए। जिला स्तर के 12 टॉपर भी सम्मानित हुए। सदर विधायक पंकज गुप्ता, शिक्षक विधायक राजबहादुर सिंह चंदेल, डीएम गौरांग राठी और सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा ने हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के 20 मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। डीएम ने मेधावियों को अग्रिम भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। बच्चों के साथ व्यक्तिगत रूप से संवाद कर उनका हौसला बढ़ाते हुए कहा कि किताबी ज्ञान से हर छात्र अपने उज्ज्वल भविष्य की राह तलाश सकते हैं। इसलिए मेहनत में कोई कसर न छोड़ें। कहा कि छात्र जीवन में की गई मेहनत आगे काफी आराम देती है। शिक्षा के बिना कुछ भी संभव नहीं। इसलिए अपना लक्ष्य बनाकर चलें। सीडीओ ने भी छात्र, छात्राओं को कठिन परिश्रम कर उच्च शिखर पर जाने के लिए प्रेरित किया। डीआईओएस एसपी सिंह ने सभी का आभार जताया। इस दौरान राजकीय हाईस्कूल खरझारा के प्रधानाध्यापक डॉ. दिलीप कुमार सिंह, शिक्षक व अभिभावक मौजूद रहे।

**प्रदेश मेरिट में स्थान पाने वाले मेधावी**

**हाईस्कूल:**
अनुष्का देवी, जानवी सिंह, वर्षा बाजपेयी।

**इंटरमीडिएट:**
शिवांश सविता, आकांक्षा सिंह, नेहा वर्मा, प्रिया सिंह व शिवांशी मिश्रा।

**जिला स्तर के 12 टॉपर**

**हाईस्कूल:**
सुप्रिया शर्मा, दिव्यांशी सिंह, शुभी बाजपेयी, श्रेया शर्मा, जिया चौधरी, श्रेया पटेल व विनीत सोनी।

**इंटरमीडिएट:**
दीक्षा शुक्ला, आदित्य राजपूत, शिवम, अलंकृता शर्मा व स्वतंत्र यादव।

## अजगैन-मोहान मार्ग की रेलवे क्रॉसिंग 37 घंटे बंद रहेगी

जन एक्सप्रेस । उन्नाव। अजगैन रेलवे क्रॉसिंग पर रेलवे ट्रैक की मरम्मत होन जा रही है। इसलिए एक जुलाई को सुबह आठ बजे से दो जुलाई रात आठ बजे तक रेलवे फाटक बंद रहेगा। इस दौरान वाहनों को नवाबगंज-लखनापुर मार्ग और अजगैन गांव के अंदर से निकाला जाएगा। मिशन रफ्तार के तहत रेलवे कानपुर-लखनऊ रेल मार्ग को हाईस्पीड ट्रेनों के लिए तैयार कर रहा है। इससे ट्रैक को अपग्रेड किया जा रहा है। इसी क्रम में एक से दो जुलाई तक अजगैन स्थित रेलवे फाटक संख्या 23 सी पर ट्रैक पैकिंग, गिट्टी की छनाई, पटरियों की मरम्मत और बदलने का काम किया जाएगा।

# अनियंत्रित कार की टक्कर से युवक की मौत पर हंगामा

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर




बिठूर थाना क्षेत्र के नारामऊ के पास रविवार की रात करीब लगभग 8 बजे के आसपास मंधना से आईटी गेट की ओर जा रही एक कार ने एक युवक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से युवक की मौके पर मृत्यु हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन घटनास्थल पर पहुंच गए और एन एच 91 रोड को जाम कर दिया। और हंगामा करने लगे।

सूत्रों के मुताबिक होरा कछार का रहने वाला अजय उम्र 24 वर्ष पुत्र राम सजीवन किसी काम से घर से बाहर निकला था। जैसे ही वह एन एच 91 रोड पर पहुंचा कि तभी मंधना की ओर से आ रही अनियंत्रित कार ने युवक को जोरदार टक्कर मार दी टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मौके पर ही युवक ने दम तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि अजय की 3 साल की बच्ची है और उसकी पत्नी की पहले ही बीमारी के बाद मृत्यु हो चुकी है। प्रत्यक्ष दर्शियों ने कार को दौड़ा कर पकड़ लिया। परिजनों को सूचना मिलते ही परिजन घटनास्थल पर पहुंच गए और हंगामा करने लगे। हंगामा की सूचना पाकर बिठूर, चौबेपुर, शिवराजपुर, कल्याणपुर, कई थाने का फोर्स मौके पर पहुंच गया और हंगामा कर रहे परिजनों को समझाने का काफी प्रयास किया लेकिन परिजन मानने को तैयार नहीं है खबर लिखे जाने तक हंगामा चल रहा था।

# फसल की रखवाली कर रहे वृद्ध की ईंट से कूंचकर हत्या

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

**फतेहपुर चौरासी।** फसल की रखवाली कर रहे वृद्ध किसान की शुक्रवार रात ईंट से कूंचकर हत्या कर दी गई। शनिवार सुबह खेत गए बेटे ने पिता का खून से लतपथ शव देखा।

मृतक के बेटे ने गांव के ही एक युवक और उसके बेटे सहित चार पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

थानाक्षेत्र के मन्नानगर निवासी बुधई मल्लाह (70) के गांव से दो किलोमीटर दूर खेत हैं। वह खेत में पशु पालन और फसल की रखवाली करते थे। कई साल से वहीं झोपड़ी बनाकर रह रहे थे। घर वाले सुबह शाम-खाना लेकर जाते थे। मृतक के बेटे सुनील कुमार के मुताबिक, शुक्रवार शाम करीब सात बजे वह पिता को खाना देकर आया था।

शनिवार सुबह करीब छह बजे जब सब्जी तोड़ने खेत पर गया तो पिता का खून से लतपथ शव चारपाई पर पड़ा था। उनके सिर से खून निकल रहा था।

उसने परिजनों और पुलिस को घटना की सूचना दी। कार्यवाहक एसओ विष्णुदत्त, दरोगा संजय राय पहुंचे। इसके बाद एसपी दक्षिणी प्रेमचंद और सीओ ऋषिकांत शुक्ला भी फोरेंसिक टीम के साथ पहुंचे। मृतक के बेटे सुनील ने गांव में ही रहने वाले सुरेश निषाद, उसके बेटे सुनील, बहनोई बांगरमऊ के रतीपुरवा निवासी मनीराम और हरदोई जिले के मल्लावां के अंडऊ गांव निवासी राकेश पर हत्या का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पत्नी भगाना और पांच बेटों सहित पूरा परिवार बेहाल है।

सफीपुर सीओ ऋषिकांत शुक्ला ने बताया कि वृद्ध की हत्या में बेटे की तहरीर पर पिता-पुत्र सहित चार पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई है। सभी बिंदुओं पर जांच चल रही है।

# ग्रामीणों ने सुनी प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

**चौबेपुर।** बीते दिन रविवार सुबह 11 बजे भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा देश की जनता को मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से संबोधित किया गया। इस कार्यक्रम को चौबेपुर में भी स्क्रीन पर देखा गया। यहां मुख्य अतिथि के रूप में कानपुर ग्रामीण के जिले के जिला अध्यक्ष दिनेश कुशवाहा, मंडल अध्यक्ष जितेंद्र राजपूत, जिला पंचायत सदस्य गोपाल दीक्षित, किसान मोर्चा जिला मंत्री तनु पांडे, अनुसूचित मोर्चा मंडल अध्यक्ष रामबाबू कठेरिया, ओबीसी मोर्चा जिला मंत्री जितेंद्र बाबा, लालजी पाल, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मी शर्मा, बेबी राजपूत, विपिन चौरसिया, गगन चौरसिया बलवीर यादव, नीरज कुशवाहा तथा बूथ अध्यक्ष व काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम मन की बात सुनने के उपरांत जिला अध्यक्ष दिनेश कुशवाहा मंडल अध्यक्ष जितेंद्र राजपूत हर बूथ पर वृक्ष लगाने का संकल्प लिया जिसकी शुरुआत जिला अध्यक्ष दिनेश कुशवाहा ने महाराजपुर शक्ति केंद्र से की जिला अध्यक्ष ने और लोगों की जन समस्याएं सुनी।

# बिहार के बाद अब झारखंड में पुल ढहा

## अरगा नदी पर बन रहा था, करीब 5.5 करोड़ थी लागत

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। रांची**



बिहार के बाद अब झारखंड में भी एक निर्माणाधीन पुल गिर गया है। गिरिडीह जिले के देवरी प्रखंड में अरगा नदी पर बन रहे पुल का पिलर भारी बारिश के चलते धंस गया, जिससे गार्डर टूटा और पुल जमींदोज हो गया।

### कोई हताहत नहीं

अधिकारी ने बताया कि फिलहाल किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं है। घटना शनिवार रात झारखंड की राजधानी रांची से करीब 235 किलोमीटर दूर देवरी ब्लॉक में हुई। डुमृटोला और करीपहरी गांवों को जोड़ने के लिए फतेहपुर-भेलावती मार्ग पर पुल का निर्माण किया जा रहा है। इतनी लागत से हो रहा था तैयार वहीं, कुछ रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है कि पुल 5.5 करोड़ की लागत से बन रहा था

### पुल का निर्माण चल रहा

गिरिडीह के पथ निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता विनय कुमार ने बताया, पुल का निर्माण चल रहा है। शनिवार रात भारी बारिश के कारण पुल का गार्डर टूट गया, जिसकी वजह से एक खंभा झुक गया। ठेकेदार को हिस्से का पुनर्निर्माण करने के लिए कहा गया है। हालांकि उन्होंने पुल की परियोजना लागत के बारे में नहीं बताया।

### बिहार में हो रहीं लगातार घटनाएं

वहीं, बिहार मे पुल गिरने की घटनाएं लगातार हो रही हैं। बीते 10-15 दिनों में बिहार में पांचवां पुल भरभराकर गिर गया था। ताजा मामला मधुबनी जिले के मधेपुर प्रखंड के भेजा कोशी बांध चौक से महपतिया मुख्य सड़क में ललवारही निकट का है। ग्रामीणों का कहना था कि गार्डर के लिए शटरिंग का काम चल रहा था। तभी भूतही बालन नदी में अचानक जलस्तर बढ़ गया जिस वजह से पानी के तेज बहाव में गार्डर बह गया। ग्रामीणों का कहना था कि गार्डर गिरने की बात को लोगों ने समझा कि पुल गिर गया है। मधेपुर प्रखंड के भूतही बालन नदी में अचानक जलस्तरबढ़ गया है। वहीं कुछ लोगों का यह भी कहना था कि यह पूल नहीं बल्कि डायवर्सन था जो टूट गया।

### 2.98 करोड़ की लागत से बन रहा था पुल

2.98 करोड़ की लागत से यह पुल बनाया जा रहा था। चार पिलर के पुल में दो पिलरों के बीच बीम ढालने के लिए शटरिंग किया गया था। घटना के बाद जेई, एक्जीक्यूटिव और विभाग के सहायक अभियंता ने घटनास्थल का मुआयना किया था। कार्यपालक अभियंता ने पुल के संवेदक को पुल के पुन: निर्माण का आदेश दिया है। आदेश मिलने के बाद संवेदक ने पानी सूखने पर पुन: बीम के निर्माण करने की बात कही है।


### एक सप्ताह पहले ही हुआ था काम

सूत्रों ने कहा कि पुल का निर्माण करीब पांच करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा है। यह झारखंड के गिरिडीह और बिहार के जमुई जिले के दूरदराज के गांवों को जोड़ेगा। एक अन्य इंजीनियर ने कहा कि गार्डर पर शटरिंग का काम एक हफ्ते पहले हुआ था और इसे मजबूत करने के लिए कम से कम 28 दिनों की आवश्यकता थी।

# राष्ट्रीय गौरव का संवाद



तीन महीने बाद **मन की बात** कार्यक्रम शुरू हुआ। प्रधानमंत्री ने कुछ समय पहले कहा था कि उनके लिए मन की बात कार्यक्रम एक पर्व जैसा बन गया है। मन की बात ईश्वर रूपी जनता जनार्दन के चरणों में प्रसाद की थाल जैसे है। यह मेरे लिए अध्यात्मिक यात्रा बन गया है। अहम से वयम की यात्रा है। यह तो मैं नहीं, तू ही की संस्कार साधना है। यह लोगों के हृदय में स्थान बनाने के साथ-साथ जन चेतना को जाग्रत करने का सशक्त माध्यम बना है। अलग-अलग क्षेत्रों में काम करने वाले लोगों को इससे प्रेरणा मिली। **मन की बात** से प्रेरणा पाकर बड़ी संख्या में लोग जनहित कार्यों से जुड़े। यह कार्यक्रम एक पक्षीय कार्यक्रम नही है। लाखों लोग कार्यक्रम से जुड़ते हैं। प्रधानमंत्री का यह कार्यक्रम उनके चिन्तनशील विचारों का पुंज है जो आम नागरिकों के लिए मार्गदर्शी संवाद साबित हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसमें समाज और राष्ट्र से जुड़े अनेक विषयों पर संवाद किया। इसमें कृषि, पर्यावरण, खेल, कुटीर उद्योग,कृषि, बागवानी, योग, पर्यावरण,आदि विविध विषय समाहित थे।



**डॉ. दिलीप अग्निहोत्री**

मन की बात कार्यक्रम अपार सफ़लता के साथ आगे बढ़ा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे ज़न संवाद का विलक्षण स्वरूप दिया है। बहुत बड़ी संख्या में लोग अपने मन की बात प्रधानमंत्री तक प्रेषित करते हैं। इसी के आधार पर वह अपने मन की बात प्रस्तुत करते हैं। उन्होंने कहा की योग को अपने जीवन में जरूर अपनाएं। इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। प्रधानमंत्री ने उम्मीद जताई कि भारतीय खिलाड़ी ओलंपिक में मेडल के साथ-साथ लोगों का दिल भी जीतेंगे। लोकसभा चुनाव के दौरान संविधान और देश की लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं में अपनी अटूट आस्था दोहराने के लिए देशवासियों का आभार व्यक्त किया। आयोग की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने तीस जून को आदिवासी समुदाय के त्योहार हुल दिवस का उल्लेख किया। यह दिन वीर सिद्धु-कान्हू के अदम्य साहस से जुड़ा है। वीर सिद्धो कान्हू ने हजारों संथालियों को एकजुट कर 1855 में अंग्रेजों का मुकाबाला किया था। यह प्रथम स्वातंत्र्य संग्राम के दो वर्ष पहले की घटना है। प्रधानमंत्री ने इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस पर शुरू हुए विशेष अभियान एक पेड़ मां के नाम में भागीदारी आह्वान किया। मानसून की शुरुआत हो रही हैं। इसके दृष्टिगत नरेंद्र मोदी ने छतरी उद्योग कि चर्चा की। केरल बताया कि अट्टापटी में तैयार किए जाने वाले यह खास छाते आदिवासी महिलायें तैयार करती हैं। आंध्र प्रदेश की अराकू कॉफी के बारे बताया जिनकी पूरी दुनिया में बहुत मांग है। पुलवामा के मटर के बारे में बताया जिनकी पहली खेप को हाल ही में लंदन भेजा गया है। दुनियाभर में भारतीय भाषा, संस्कृति और योग को मिलते आदर व स्नेह का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने बताया कि कुवैत सरकार ने राष्ट्रीय रेडियो पर हिन्दी में एक खास कार्यक्रम शुरू किया है। इसके लिए उन्होंने स्थानीय सरकार को धन्यवाद दिया। उन्होंने बताया कि तुर्कमेनिस्तान में राष्ट्रीय कवि की जयंती पर चौबीस प्रसिद्ध कवियों की प्रतिमायें लगाई गई हैं। इसमें गुरुदेव रविन्द्रनाथ टेगौर की भी प्रतिमा है। देश कि सांस्कृतिक एकता को मजबूत बनाने वाली यात्राओं का भी उन्होंने उल्लेख किया। जगन्नाथ यात्रा और अमरनाथ यात्रा इसी श्रेणी में आती है। देश विदेश में रहने वाले सनातन आस्था वाले लोग इसमें सहभागी होते हैं।

# आज से लागू होगा कानून

### शादी का झांसा देकर संबंध बनाना, पत्नी से जबरदस्ती करना अब दुष्कर्म नहीं

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



एक जुलाई से लागू हो रहे नए कानून के तहत शादी का झांसा देकर किसी बालिग महिला से संबंध बनाना अब दुष्कर्म की श्रेणी से बाहर हो गया है। इसे अब बीएनएस की धारा-69 में अलग से अपराध बनाया गया है। इसमें कहा गया है कि शादी का नौकरी का झांसा देकर कोई महिला से संबंध बनाता है तो वह दुष्कर्म नहीं होगा। हालांकि धारा 69 के तहत भी कड़े सजा के प्रावधान किए गए हैं। ऐसे आरोपों में दोषी पाए जाने पर अधिकतम 10 साल कैद या इससे कम की सजा हो सकती है। पहले इसको दुष्कर्म की धाराओं में माना जाता था। वहीं पत्नी से जबरदस्ती संबंध बनाना भी दुष्कर्म की श्रेणी से बाहर है। इस प्रावधान को लेकर सवाल उठ रहे हैं। मामला सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है। दुष्कर्म और सामूहिक दुष्कर्म के लिए धारा, 63, 64 और 70 में प्रावधान किया गया है। दुष्कर्म के लिए धारा 63, दुष्कर्म की सजा को धारा 64 और सामूहिक दुष्कर्म के लिए धारा 70 में प्रावधान किया गया है। यौन शोषण के लिए धारा 74 में परिभाषित किया गया है। नाबालिग से दुष्कर्म और सामूहिक दुष्कर्म के मामले में फांसी का प्रावधान है। वहीं धारा 77 में महिलाओं का पीछा करने को परिभाषित किया गया है। अप्राकृतिक यौनाचार को लेकर नए कानून में कोई स्थिति साफ नहीं है। सुप्रीम कोर्ट बालिगों द्वारा बनाए गए यौन संबंधों को पहले ही अपराध की श्रेणी से बाहर रख चुका है। महिलाओं के साथ अप्राकृति यौनाचार दुष्कर्म के दायरे में हैं। बालिग पुरुषों की मर्जी के खिलाफ अप्राकृतिक यौनाचार पर बिल में कोई प्रावधान नहीं है।

# जीव-जंतुओं की सूची तैयार करने वाला दुनिया का पहला देश बना भारत

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत में जीव-जंतुओं की पहली सूची तैयार की गई है। इस सूची में 1,04,561 नस्ल के जीव जंतुओं की जानकारी दी गई है। इसी के साथ ऐसा काम करने वाला भारत, दुनिया का पहला देश बन गया है।

### ऐसा करने वाला दुनिया का पहला देश बना भारत: भूपेंद्र

कोलकाता स्थित भारतीय प्राणी सर्वेक्षण (जूलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया-जेएसआई) के 109वें स्थापना दिवस पर भारत के जीव जंतुओं की सूची के पोर्टल की शुरुआत की गई। केंद्रीय पर्यावरण



मंत्री भूपेंद्र यादव ने इस बात की जानकारी दी। उन्होंने कहा इसी के साथ भारत दुनिया का पहला देश बन गया, जहां जीव-जंतुओं की प्रजातियों के बारे में पहला व्यापक दस्तावेज तैयार किया गाया। इस तरह से भारत, जैव विविधता के बारे में दस्तावेज संपादित करने वाला वैश्विक रूप से पहला अग्रणी देश बन गया है।

### शोधकर्ताओं और शिक्षाविदों के लिए मददगार साबित होगी सूची

केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि जीव जंतुओं की यह सूची शोधकर्ताओं और शिक्षाविदों के लिए मददगार साबित होगी। इस दस्तावेज में जीव-जंतुओं की ज्ञात प्रजातियों की 121 सूचियां तैयार की गईं हैं। इसके अलावा इस सूची में विलुप्तप्राय जीव जंतुओं को भी शामिल किया गया है।

### 'जैव विविधता संरक्षण के मामले में भारत दुनिया का अग्रणी देश'

केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि भारत, जैव विविधता संरक्षण के मामले में भारत दुनिया का अग्रणी देश है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा चुनाव में लगातार तीसरी बार जीत हासिल करने के बाद 'एक पेड़ मां के नाम' के रूप में पहला व्यापक कार्यक्रम चलाया। भूपेंद्र यादव ने केंद्र सरकार द्वारा चीता जैसी बड़ी बिल्लियों, जैव विविधिता और जीव जंतुओं के संरक्षण के लिए उठाए गए कदमों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारत में चीता का पुनर्वास एक सफल कार्यक्रम साबित हुआ है।

# कांग्रेस बोली, 50 फीसदी से अधिक हो आरक्षण की सीमा, संसद को पारित करना चाहिए कानून

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



कांग्रेस ने रविवार को कहा कि संसद को एक कानून पारित करना चाहिए, ताकि आरक्षण की सीमा 50 फीसदी से अधिक हो सके। विपक्षी पार्टी की ओर से यह बयान तब सामने आया है, जब एक दिन पहले जद (यू) ने बिहार में आरक्षण की सीमा को नौवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग की। जनता दल (यूनाइटेड) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की शनिवार को बैठक हुई। जिसमें पार्टी ने उच्च न्यायालय के हालिया उस फैसले पर चिंता जताई। जिसमें बिहार सरकार के अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के आरक्षण की सीमा 50 फीसदी से बढ़ाकर 65 फीसदी कर दी गई। बैठक में एक राजनीतिक प्रस्ताव भी पारित किया गया। जिसमें जदयू ने भाजपा के नेतृतत्व वाली केंद्र सरकार से राज्य के कानून को संविधान की नौवीं अनुसूची में डालने का अनुरोध किया, ताकि उसकी न्यायिक समीक्षा की संभावना खारिज की जा सके। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान विपक्षी पार्टी कहती रही है कि एससी, एसटी और ओबीसी के लिए आरक्षण से जुड़े राज्य के सभी कानूनों को नौवीं अनुसूची में शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, यह अच्छी बात है कि जद (यू) ने कल पटना में यही मांग उठाई है। लेकिन उसकी सहयोगी भाजपा राज्य और केंद्र दोनों जगह इस मामले पर पूरी तरह चुप है।



# दिल्ली सरकार का बड़ा एलान, बारिश के चलते डूबने वालों के परिजनों को मिलेगा 10 लाख रुपये मुआवजा

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली सरकार ने बारिश से डूबने वालों के लिए मुआवजे को लेकर एक बड़ा एलान किया है। 28 जून को अत्यधिक बारिश हुई, जिससे रझ्राजधानी के अलग-अलग इलाकों में पानी भर गया। इस दौरान पानी में डूबकर कुछ लोगों की मौत हो गई। सरकार ने अब मृतकों के परिजनों को मुआवजे के रूप में 10 लाख रुपये देने की घोषणा की है। दिल्ली सरकार में जलमंत्री आतिशी ने एसीएस राजस्व को क्षेत्र के अस्पतालों और दिल्ली पुलिस के सहयोग से जान गंवाने वालों की पहचान करने और जीएनसीटीडी की ओर से उन्हें तुरंत उपरोक्त मुआवजा प्रदान करने का निर्देश दिया।

# सीमा पर आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रहा अफगान तालिबान: रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। इस्लामाबाद**



पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने रविवार को अफगानिस्तान में तालिबान के नेतृत्व वाली सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा कि बार-बार अनुरोध के बावजूद तालिबान सरकार पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा पर आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रही है। बीबीसी उर्दू के साथ एक इंटरव्यू में आसिफ ने कहा, पाकिस्तान ने आतंकवादियों को पश्चिमी सीमा की ओर भेजने के लिए 10 अरब रुपये देने की पेशकश की थी और अफगान सरकार से सहयोग की उम्मीद की थी। लेकिन अफगान सरकार आतंकवादियो के खिलाफ कार्रवाई करने को तैयार नहीं थी। पाकिस्तान ने बार-बार अफगानिस्तान की सरकार से कहा है कि वह तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) और अन्य आतंकवादी समूहों को अपनी धरती का इस्तेमाल न करने दे। हालांकि, काबुल भी बार-बार इस दावे को खारिज करता रहा है कि पाकिस्तान के खिलाफ उसकी जमीन का इस्तेमाल हो रहा है। आसिफ ने कहा कि सरकार ने पश्चिमी सीमा क्षेत्रों में आतंकवादियों को स्थानांतरित करने के लिए 10 अरब रुपये की पेशकश की थी। लेकिन उसे डर था कि आतंकवादी वहां से भी पाकिस्तानी की सीमा में लौट सकते हैं। पिछले हफ्ते वॉयस ऑफ अमेरिका को दिए इंटरव्य में आसिफ ने कहा था कि सैन्य अभियान अज्म-ए-इस्तेकाम के तहत पाकिस्तान सीमा पार अफगानिस्तान में आतंकवादी ठिकानों को निशाना बना सकता है। उन्होंने टीटीपी के साथ बातचीत की संभावना को भी खारिज कर दिया था। इस साल मार्च में पाकिस्तानी वायु सेना के लड़ाकू विमानों ने अफगानिस्तान के अंदर खोस्त और पक्तिका के सीमावर्ती क्षेत्रों में आतंकवादियों के खिलाफ हवाई हमले किए थे।

### पाकिस्तान में 2023 में 789 आतंकवादी हमले हुए

इन हवाई हमलों के तुरंत बाद आसिफ ने कहा था कि पाकिस्तान अफगानिस्तान की तालिबान सरकार को बताना चाहता है कि हम पाकिस्तान में इस तरह के आतंकवादी हमलों जारी नहीं रहने दे सकते। इस्लामाबाद ने यह कार्रवाई तब की थी जब पाकिस्तानी बलों पर एक घातक आतंकी हमला हुआ। इस हमले में एक लेफ्टिनेंट कर्नल और एक कैप्टन सहित सात सैनिक मारे गए। अगस्त 2021 में अमेरिका के जाने के बाद तालिबान ने अफगानिस्तान में सरकार बना ली। इसके बाद से पाकिस्तान में आतंकवाद की घटनाओं में भारी बढ़ोतरी हुई। इससे इस्लामाबाद की उम्मीदें टूट गईं कि अफगानिस्तान में दोस्ताना सरकार आतंकवाद से निपटने में उसकी मदद करेगी। एक थिंक टैंक सेंटर फॉर रिसर्च एंड सिक्योरिटी स्टडीज की सालाना रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान में 2023 में 789 आतंकवादी हमले हुए। आतंकवाद रोधी अभियानों में 1524 लोगों की मौत हुई। जबकि 1463 लोग घायल हुए।

# राज्यसभा और लोकसभा में जोरदार हंगामे के आसार

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा और राज्यसभा आज कई मुद्दों पर सुनवाई के लिए तैयार है। यहां सोमवार को नीट परीक्षा में हुई धांधली, अग्निपथ पहल और महंगाई जैसे कई मुद्दों पर गरमागरम बहस देखने को मिलेगी। पेपर लीक मामले के अलावा विपक्ष बेरोजगारी का मुद्दा भी उठा सकता है। लोकसभा में भाजपा सदस्य और पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा शुरू करने के लिए तैयार हैं। प्रस्ताव का समर्थन पहली बार लोकसभा सदस्य बनीं बांसुरी स्वराज करेंगी जो भाजपा की दिग्गज नेता दिवंगत सुषमा स्वराज की बेटी हैं। लोकसभा ने धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के लिए 16 घंटे का समय दिया है, जो मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जवाब के साथ समाप्त होगा। वहीं राज्यसभा चर्चा के लिए 21 घंटे का समय निर्धारित किया गया है और प्रधानमंत्री बुधवार को जवाब दे सकते हैं। बता दें, संसद में नीट मुद्दे को लेकर हंगामा जारी है। दरअसल, एनटीए ने पांच मई को नीट-यूजी की परीक्षा आयोजित की थी। इसमें 24 लाख उम्मीदवार उपस्थित हुए थे।

### नेहरू और पीएम नरेंद्र मोदी की तुलना

राज्यसभा में चर्चा की शुरुआत करते हुए भाजपा सदस्य सुधांशु त्रिवेदी ने नेहरू और पीएम नरेंद्र मोदी की तुलना पर भी जवाब दिया थी। त्रिवेदी ने कहा था कि नेहरू और मोदी की तुलना नहीं हो सकती। उनको लेकर जब चुनाव हुआ तो कुछ वोट पट्टाभि सीतारमैया समेत कई लोगों को मिले, लेकिन बाकी सारे वोट सरदार पटेल को मिले थे। नेहरू को तो एक भी वोट नहीं मिला और पीएम मोदी सर्वसम्मति से पीएम बने हैं। इसलिए दोनों के बीच कोई तुलना नहीं हो सकती।

# गुजरात में मानसून सक्रिय, कई इलाकों में भारी बारिश और जलजमाव, अगले पांच दिनों तक राहत नहीं

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। अहमदाबाद**



गुजरात के कई इलाकों में रविवार को भारी बारिश हुई जिससे अहमदाबाद और सूरत सहित कुछ शहरों में जलभराव के कारण सामान्य जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। सूरत जिले के पलसाना तालुका में मात्र दस घंटों में 153 मिमी बारिश हुई, जो राज्य में सबसे अधिक बारिश है।

### अगले चार दिनों तक बारिश जारी रहने के आसार

अधिकारियों ने बताया कि भारी बारिश के कारण सूरत, भुज, वापी, भरूच और अहमदाबाद के निचले इलाकों में पानी भर जाने के कारण यातायात प्रभावित हुआ, जिससे यात्रियों को कुछ सड़कों और अंडरपास से यात्रा करने में परेशानियों का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग के मुताबिक, गुजरात में अगले चार दिनों तक बारिश जारी रहने की संभावना है। भारी बारिश के बीच अहमदाबाद से सामने आई तस्वीर में बड़े पेड़ उखड़े दिखे। पेड़ उखड़ने से दबे वाहनों और कारों को काफी नुकसान हुआ।

### गुजरात के इन इलाकों में ऑरेंज अलर्ट

मौसम विज्ञानी प्रदीप शर्मा ने बताया कि अगले 5 दिनों में गुजरात के सभी हिस्सों में बारिश होगी। उन्होंने कहा कि गुजरात के अधिकांश हिस्सों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। भरूच, सूरत, नवसारी, वलसाड और दादरा नगर हवेली के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

### मात्र 10 घंटों में 40 मिमी से अधिक बारिश

गुजरात राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र (एसईओसी) ने बताया कि रविवार सुबह छह बजे से शाम चार बजे के बीच मात्र 10 घंटों में 43 तालुकों में 40 मिमी से अधिक बारिश हुई, जबकि पलसाना तालुका में 153 मिमी बारिश हुई। सूरत जिले के चार तालुकों बारदोली, सूरत शहर, कामरेज और महुवा में दस घंटों में क्रमश: 135 मिमी, 123 मिमी, 120 मिमी और 119 मिमी बारिश दर्ज की गई।

### कई इलाकों में जलभराव

गुजरात के वलसाड जिले के वापी में 117 मिमी, सूरत के ओलपाड में 116 मिमी, वलसाड तालुका में 102 मिमी, कपराडा में 90 मिमी, नवसारी के खेरगाम में 88 मिमी, भरूच तालुका में 86 मिमी, धरमपुर में 73 मिमी और मोरबी तालुका में 72 मिमी बारिश हुई। गुजरात के अहमदाबाद में सुबह छह बजे से शाम चार बजे के बीच 62 मिमी बारिश हुई, जिसके कारण कई इलाकों में जलभराव हो गया।

### गुजरात में चार जुलाई तक भारी बारिश होने की संभावना

मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, सौराष्ट्र क्षेत्र से सटे उत्तर-पूर्व अरब सागर पर चक्रवाती परिसंचरण के कारण गुजरात में भारी बारिश हो रही है। आईएमडी ने बताया कि दक्षिण और मध्य गुजरात तथा सौराष्ट्र क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर अगले दो दिनों में भारी बारिश होने की संभावना है।





स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)